RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 241
नई दिल्ली, शनिवार, 9 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पीवी सिंधु एक बार फिर ताई जू से हारी
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# अमरनाथ गुफा के पास फटा बादल, 12 श्रद्धालुओं की मौत

● बाढ़ में बहे 25 से अधिक टेंट, बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

● बचाव कार्य जारी पीएम मोदी व एलजी सिन्हा ने जताया शोक

**मोहित कंधारी।** जम्मू



**अमरनाथ** गुफा क्षेत्र में बादल फटने से एक दर्जन से अधिक तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए हैं। शुक्रवार देर रात तक बचाव और राहत कार्य चल रहा है। अनेक लोगों का पता नहीं चल पा रहा है। हर तरफ तबाही का मंजर दिख रहा है। क्षेत्र में इस धार्मिक यात्रा को तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दिया गया।

बीते 30 जून से शुरू हुई यात्रा में अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु अमरनाथ के दर्शन कर चुके हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, अमरनाथ गुफा क्षेत्र में शाम करीब साढ़े पांच बजे बादल फटने की घटना हुई, जिसमें लगभग दो दर्जन तंबू/लंगर बह गए। क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की भारी उपस्थिति के कारण उनमें से कई अचानक बाढ़ में बह गए। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक जनसंपर्क अधिकारी विवेक पांडे ने एक रिकॉर्ड किए गए संदेश में कहा कि बादल फटने के बाद गुफा क्षेत्र में जल स्तर अचानक बढ़ गया। उन्होंने कहा कि कम से कम 20-25 टेंट बह गए हैं। चश्मदीद लोगों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि क्षेत्र में कई तीर्थयात्री अभी भी लापता हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि श्री अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। मनोज सिन्हा जी से बात की और स्थिति का जायजा लिया। बचाव और राहत अभियान जारी है। प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। भारतीय सेना के कम से कम छह बचाव दल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, बीएसएफ, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस की माउंटेन रेस्क्यू टीमों, आईटीबीपी और स्वयंसेवकों को जीवित ( शेष पेज 8 )

# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या



**भाषा।** नारा (जापान)

● नारा में भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद हमलावर ने पीछे से गोली मारी

● पुलिस ने हत्या के लिए एक संदिग्ध को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की

**जापान** के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली नेताओं में शुमार पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शुक्रवार को एक चुनावी सभा के दौरान भाषण देते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में इस घटना ने लोगों को स्तब्ध कर दिया है, जहां बंदूक नियंत्रण संबंधी कड़े कानून हैं। अधिकारियों ने बताया कि आबे (67) को देश के पश्चिमी हिस्से के नारा में भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद हमलावर ने पीछे से गोली मार दी।

आबे को विमान से एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी सांस नहीं चल रही थी और उनकी हृदय गति रुक गई थी। ब्लड ट्रांसफ्यूजन समेत आपात उपचार के प्रयास के बाद अस्पताल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के आपातकालीन विभाग के प्रमुख हिदेतादा फुकुशिमा ने कहा कि हमले में आबे के दिल को बड़ा नुकसान हुआ, साथ ही गर्दन में जख्म के दो निशान बन गए। धमनी क्षतिग्रस्त हो जाने से काफी रक्तस्राव हुआ। फुकुशिमा ने कहा कि जब आबे को अस्पताल लाया गया तो उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और उनके महत्वपूर्ण अंग फिर से सक्रिय नहीं हो पाए। पुलिस ने घटनास्थल पर ही संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। जापान के लोक प्रसारक एनएचके के ( शेष पेज 8 )

## आबे ने भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई दीः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● देश में एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा, आज आधा झुका रहेगा तिरंगा

● पूर्व पीएम मनमोहन सिंह सोनिया और राहुल ने आबे की हत्या पर दुख जताया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को अपना घनिष्ठ ंजो आबे को अपना घनिष्ठ मित्र और भारत का विश्वसनीय दोस्त बताया और कहा कि उनके कार्यकाल में भारत-जापान के राजनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई मिली। आबे की एक रैली के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई।

भारत को उनके निधन से गहरा धक्का लगा है। उनके निधन पर देश में एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है और शनिवार को देश भर में तिरंगा आधा झुका रहेगा।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी आबे की हत्या पर दुख जताया और भारत के लिए उनके योगदान को याद किया। भारतीय जनता ( शेष पेज 8 )

## हथियार संस्कृति से दूर रहने वाला देश स्तब्ध

**एजेंसी।** टोक्यो

**पूर्व** प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर शुक्रवार को दिनदहाड़े हमले की खबर ने हथियार संस्कृति से दूर रहने वाले जापान के साथ पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। यह घटना ऐसे देश में हुई जहां पूरे देश में हथियारों पर सख्त नियंत्रण होने के कारण अपराध भी अपेक्षाकृत कम होते हैं। पुलिस के अनुसार 12.5 करोड़ की आबादी वाले जापान में पिछले साल हथियारों से जुड़े केवल 10 आपराधिक मामले दर्ज किए गए। उन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हुई और चार घायल हुए। इनमें से आठ मामले गिरोहों से जुड़े थे। पिछले साल टोक्यो में हथियारों के कारण किसी की मौत या घायल होने से जुड़ा कोई मामला नहीं दर्ज किया गया। हालांकि शहर में 61 हथियार जब्त किए ( शेष पेज 8 )

## उप्र. विधान परिषदः संख्या बल कम होने की वजह से सपा ने गंवाया नेता प्रतिपक्ष का पद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानपरिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल सात जुलाई को समाप्त होने के बाद समाजवादी पार्टी के सदस्यों की संख्या राज्य विधायिका के उच्च सदन में घटकर 10 के नीचे आ गई है। इसकी वजह से पार्टी को सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद गंवाना पड़ा है। उत्तर प्रदेश विधानपरिषद के प्रमुख सचिव राजेश सिंह द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के मुताबिक, 27 मई को विधान परिषद में सपा 11 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी और साथ ही गणपूर्ति (कोरम)हेतु भी सक्षम थी।

इसकी वजह से पार्टी के सदस्य लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता प्रदान की गई थी। सिंह ने बताया, सात जुलाई को विधान परिषद में सपा के सदस्यों की संख्या घटकर नौ रह गई, जो 100 सदस्ईय विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के अनुसार गणपूर्ति की संख्या-10 से कम है। इसलिए विधान परिषद के सभापति ने मुख्य विरोधी दल सपा के लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मिली मान्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।हालांकि, उनकी सदन में सपा के नेता के तौर पर मान्यता बरकरार रहेगी। विधान परिषद में सपा के नेता लाल बिहारी यादव ने शुक्रवार को सभापति के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, विधान परिषद के सभापति द्वारा नेता प्रतिपक्ष की मान्यता समाप्त करना गैर कानूनी, नियमों के विपरीत और असंवैधानिक है।

यहां जारी एक बयान में यादव ने नियमों का हवाला देते हुए सभापति के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में संपूर्ण विपक्ष का नेता होता है। समाजवादी पार्टी बड़ी पार्टी हैअ लेकिन नियमों का गलत हवाला देकर नेता प्रतिपक्ष की मान्यता समाप्त करना लोकतंत्र को कमजोर एवं कलंकित करने वाला कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सदन में विपक्ष की आवाज को दबाने और कमजोर करने की साजिश है। सभापति जी का यह फैसला लोकतंत्र की हत्या और नियम कानूनों की धज्जियां ( शेष पेज 8 )

# मजबूरी नहीं, जन आकांक्षाओं पर आधारित हैं सुधार : मोदी

● भाजपा के दिवंगत नेता अरुण जेटली की स्मृति में आयोजित व्याख्यानमाला में बोले प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां जनता की आवश्यकताओं और उनकी आकांक्षाओं पर आधारित होती हैं ना कि किसी प्रकार की लोकलुभावन भावनाओं के दबाव में। भाजपा के दिवंगत नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की याद में आयोजित प्रथम अरुण जेटली स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना समावेश के वास्तविक विकास संभव ही नहीं है और बिना विकास के समावेश का लक्ष्य भी पूरा नहीं किया जा सकता है।

मोदी ने कहा कि पहले भारत में बड़े सुधार तभी हुए जब पहले की सरकारों के पास कोई और रास्ता नहीं बचता था लेकिन उनकी सरकार सुधारों को आवश्यक बुराई नहीं बल्कि कामयाबी की पसंद मानती है, जिसमें राष्ट्रहित और जनहित समाहित है। उन्होंने कहा कि आज का भारत बाध्य होकर सुधार के कदम उठाने की बजाय दृढ़ विश्वास द्वारा सुधार के कदम उठा रहा है और आने वाले 25 सालों का खाका तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा नीति निर्माण जनता की नब्ज पर आधारित है। हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुनते हैं। उनकी आवश्यकता और उनकी आकांक्षा को समझते हैं।

इसलिए हमने नीति को लोकलुभावन भावनाओं के दबाव में नहीं आने दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के मुखिया के तौर पर 20 वर्षों के उनके अनुभव का सार यही है, बिना समावेश के वास्तविक विकास संभव ही नहीं है। और, बिना विकास के ( शेष पेज 8 )

## उप्र के मामले में जुबैर को जमानत और दिल्ली के मुकदमे में हिरासत में रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में शुक्रवार को उन्हें पांच दिन के लिए अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन वह एक अन्य मामले में दिल्ली की एक अदालत के आदेशानुसार हिरासत में रहेंगे। शीर्ष अदालत ने जुबैर से मामले को लेकर कुछ भी ट्वीट नहीं करने और किसी सबूत, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या सामग्रियों से छेड़छाड़ नहीं करने को कहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत से जुड़ा आदेश सीतापुर में दर्ज प्राथमिकी के संबंध में है और इसका दिल्ली में जुबैर के खिलाफ दायर एक अन्य मामले से कोई लेना-देना नहीं है। जुबैर इस समय दिल्ली में न्यायिक हिरासत में हैं। जुबैर के वकील कॉलिन गोंजाल्वेस ने पत्रकार की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि यह ( शेष पेज 8 )

## सुनक ने ब्रिटेन के पीएम के तौर पर बोरिस जॉनसन की जगह लेने की दावेदारी पेश की

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** के पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता और भविष्य के प्रधानमंत्री के तौर पर बोरिस जॉनसन की जगह लेने के लिए शुक्रवार को औपचारिक रूप से दावेदारी पेश की। इस हफ्ते की शुरूआत में जॉनसन की कैबिनेट से इस्तीफा दे चुके ब्रिटिश भारतीय मंत्री सर्वोच्च पद आसीन ऐसे टोरी नेता थे जिनकी ओर से नेतृत्व की दौड़ में दावेदारी पेश किया जाना बाकी था। उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा, किसी को इस क्षण को पकड़ना होगा और सही फैसला लेना होगा।

इंफोसिस के सह संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद एवं 42 वर्षीय ब्रिटिश सांसद सुनक 10 डाउनिंग स्ट्रीट में लंबे समय से जॉनसन के संभावित उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जाते रहे हैं और समझा जाता है कि उन्होंने अपनी दावेदारी पेश करने के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के एक बड़े हिस्से का समर्थन जुटा लिया है। उन्होंने पिछले हफ्ते संवाददाताओं से कहा था, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह ब्रिटिश भारतीय कहानी का अंत नहीं है। हम और भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। और मैं भविष्य के बारे में सचमुच में उत्साहित हूं। उनसे पूछा गया था कि क्या वह ब्रिटेन के भारतीय मूल के प्रथम प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, जिसके जवाब में उन्होंने यह कहा था।

इससे पूर्व ब्रिटेन में निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के उत्तराधिकारी के तौर पर कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता चुने जाने के लिए शुक्रवार को दो और उम्मीदवारों ने अपना दावा पेश किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पद की दौड़ में कुल चार उम्मीदवार शामिल हो चुके हैं। ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट सैप्स ने संकेत दिया कि वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल रहेंगे। इसके कुछ देर बाद ही संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष टॉम तुगेन्दाट ने भी प्रधानमंत्री पद को लेकर अपनी आकांक्षा जाहिर की। जॉनसन द्वारा बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री पद छोड़ने की घोषणा ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,481 | ↑ | 303 | |
| निफ्टी | 16,220 | ↑ | 87 | |
| सोना | 50,613 | ↑ | 97 | /10g |
| चांदी | 56,540 | ↓ | 303 | /kg |

### क्विक न्यूज

**नैनीतालः ढेला नदी में गिरी कार, नौ लोगों की मौत**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर मे भारी बारिश से उफनती ढेला नदी में शुक्रवार को एक कार के गिर जाने से उसमें सवार पंजाब, दिल्ली और नोएडा के पर्यटकों समेत नौ लोगों की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भटट ने बताया कि दुर्घटना सुबह पौने छह बजे के करीब हुई, जब पर्यटक उत्तराखंड से लौट रहे थे। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं है। उन्होने बताया किसभी शव बरामद हो चुकेहै जबकिकार सवार रामनगर की कॉर्बेट कॉलोनी की रहने वाली 22 वर्षीय महिला नाजिया को सुरक्षित जिंदा बाहर निकाल लिया गया है। उन्हे रामनगर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। कार पर पंजाब की नंबर प्लेट लगी होने से शुरूआत में यह माना गया था।

## ईडी ने एमनेस्टी इंडिया और उसके पूर्व सीईओ पर लगाया 61 करोड़ का जुर्माना

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के उल्लंघन के लिए एमनेस्टी इंडिया और उसके पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आकार पटेल पर 61 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। ईडी ने शुक्रवार को एमनेस्टी इंडिया और उसके पूर्व मुखिया पर की गई इस कार्वाई की जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत एमनेस्टी इंडिया पर 51.72 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं इस अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के तत्कालीन प्रमुख पर 10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि इन दोनों को जुर्माने के संबंध में नोटिस भेजा गया है। उसने यह कदम एमनेस्टी इंडिया के बारे में मिली शिकायत की पड़ताल के बाद उठाया है। ईडी के विशेष निदेशक स्तर के फेमा अधिकारी ने इस मामले की जांच की है। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि ब्रिटेन स्थित एमनेस्टी इंटरनेशनल ने नवंबर 2013 से जून 2018 के बीच अपनी भारतीय इकाई एमनेस्टी इंडिया इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (एआईआईपीएल) को बड़ी मात्रा में विदेशी अंशदान कारोबारी गतिविधियों की शक्ल में भेजा था।

यह असल में विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम (एफसीआरए) से बचने का तरीका था। एजेंसी ने कहा कि उसने इस सूचना के आधार पर फेमा के तहत जांच शुरू की थी कि ब्रिटेन स्थित एमनेस्टी इंटरनेशनल अपनी भारतीय इकाइयों के जरिए बड़ी मात्रा में विदेशी अंशदान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मार्ग से भेजती रही ( शेष पेज 8 )

## पांच से बारह साल के बच्चों के लिए कॉर्बेवैक्स कोवैक्सीन की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**टीकाकरण** पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीजीआई) की स्थाई तकनीकी उप-समिति (एसटीएससी) ने 5-12 साल की आयुवर्ग के बच्चों के लिए कोविड-रोधी टीके कॉर्बेवैक्स और कोवैक्सीन के उपयोग की सिफारिश की है। हालांकि, इन टीकों को टीकाकरण अभियान में शामिल करने के संबंध कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एसटीएससी की 16 जून को हुई बैठक के दौरान कंपनी बायोलॉजिकल ई के कॉर्बेवैक्स और भारत बायोटेक के कोवैक्सीन टीके के 5-12 साल के आयुवर्ग के बच्चों से जुड़े आंकड़ों की समीक्षा की गई और सदस्यों ने फैसला किया कि इन टीकों को बच्चों को लगाने की सिफारिश की जा सकती है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि हालांकि, सदस्यों का यह विचार था ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में बनेगा देश का पहला ई-कचरा पार्क

● मोबाइल फोन, कंप्यूटर रेफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनर वाशिंग मशीन, कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का होगा वैज्ञानिक तरीके से निपटान

● होलम्बी कलां में करीब 21 एकड़ में विकसित किया जाएगा ई-वेस्ट ईको पार्क

**संजय राय।** नई दिल्ली



इलेक्ट्रॉनिक क्रांति ने मानव जीवन को सुख सुविधाओं से परिपूर्ण कर दिया है। विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक आविष्कारों के माध्यम से संचार तंत्र को विस्तार और व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

कंप्यूटर, रेफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनर, वाशिंग मशीन, कैमरा जैसे उपकरणों के निर्माण में मानव सभ्यता को नया आयाम दिया है लेकिन आज बड़ी संख्या में खराब होने वाले इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के अंबार ने कचरे के रूप में एक नई पर्यावरणीय समस्या को जन्म दिया है। देशभर में विकराल समस्या का रूप ले चुके ई-कचरे का निस्तारण सबसे पहले राष्ट्रीय राजधानी में शुरू किया जाएगा। दिल्ली के होलंबी कलां (नरेला) में देश का पहला ई कचरा प्रबंधन पार्क बनाने की तैयारी है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इसके लिए 21 एकड़ जमीन आवंटित कर दी है। खास बात यह है कि ई-वेस्ट ईको पार्क भले ही दिल्ली में बन रहा है, लेकिन इसका फायदा पूरे एनसीआर को मिलेगा। इसका निर्माण डीएसआईआईडीसी लगभग 23 महीनों में कर लेगा। प्रौद्योगिकी बढ़ते उपयोग के साथ ई-कचरा भी तेजी से पैदा हो रहा है। एक अनुमान के मुताबिक दिल्ली में सालाना दो लाख टन ई-कचरा निकलता है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को ई-वेस्ट ईको पार्क के निर्माण को लेकर पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक की।

बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि देश के पहले ई-वेस्ट ईको पार्क को होलम्बी कलां में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली में हर साल करीब 2 लाख टन ई-वेस्ट उत्पन्न होता है जोकि लगभग पूरे भारत में पैदा होने वाले ई-वेस्ट का लगभग 9.5 प्रतिशत है। इसी के साथ दिल्ली पूरे भारत में ई - वेस्ट पैदा करने में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बाद पांचवे नंबर पर ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 9 जुलाई, 2022



# हर सप्ताह 11 सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त

## प्रत्येक शनिवार को पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और एनडीएमसी अपने क्षेत्र की एक-एक सड़क की करेंगे मरम्मत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी की सड़कें गड्ढा मुक्त होंगी। हर शनिवार, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद समेत अन्य एजेंसियां अपने क्षेत्र की 11 सड़कों की मरम्मत कर चमकाएंगे। ताकि सड़कों पर लोगों का आवागमन आसान हो। मुख्य सचिव नरेश कुमार ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनडीएमसी, डीडीए, दिल्ली कंटेनमेंट बोर्ड, एनएचएआई आदि को जुलाई और अगस्त महीने के लिए कार्य योजना बनाकर 12 जुलाई तक देने के लिए कहा है।

इन कार्यों की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट एजेंसियों को अपने डिजिटल पोर्टल पर अपलोड करना होगा। एक बार जब इन सड़कों का मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा तो इनकी साफ-सफाई और रखरखाव का निरंतर ध्यान रखना होगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा दिल्ली सड़कों को शानदार बनाने के लिए साप्ताहिक एक्शन प्लान बनाया है। इसके तहत, हर शनिवार, हर एजेंसी (पीडब्ल्यूडी, एमसीडी आदि) अपने हर जोन में अपने अधीन आने वाली एक-एक सड़क को शानदार बनाएगी।

वहीं, इस पहल के बारे में उपमुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि केजरीवाल सरकार दिल्ली वालों को सड़कों पर चलने का शानदार अनुभव देना चाहती है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग शहर की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को यूरोपियन देशों के तर्ज पर बनाया जा रहा है। लेकिन शहर की सभी सड़कों को साफ-सुथरा, हरा-भरा और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी एजेंसियों को मिलकर काम करने की जरूरत है।

उस दिशा में यह पहल सड़कों को बेहतर और सुंदर बनाने में मददगार साबित होगी। उल्लेखनीय है कि सभी एजेंसीज मार्केट एसोसिएशन्स और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स को इस कार्यक्रम में शामिल करके इस अनूठे पहल में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करेगी। सिसोदिया ने कहा कि उनका मकसद इस पहल में आम लोगों को भी शामिल करना है, ताकि लोग अपने आस-पास की सड़कों को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने में योगदान दे सकें। सड़कों को बेहतर, सुंदर और सुरक्षित बनाने की इस पहल का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एजेंसियों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी सड़कों के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा गया है।

अधिकारियों को उन सड़कों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है, जो खराब स्थिति में हैं और जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। यह पहल एक लगातार जारी रहने वाली प्रक्रिया होगी जो सड़कों की आवश्यकताओं के अनुसार जारी रहेगी।

### योजना के तहत होगा सड़कों का सौदर्यीकरण

*योजना के तहत एजेंसियां सड़कों की मरम्मत, सुदृढ़ीकरण, फूटपाथ को बेहतर करने, सड़कों के दोनों तरफ पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने, सेंट्रल वर्ज को बेहतर करने, मानकों का ध्यान रखते हुए रोड पेंट व मार्किंग का काम करने, रोड रिफ्लेक्टर, स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट फर्नीचर व लोगों की सुविधाओं से जुडी अन्य चीजें जैसे सार्वजानिक शौचालय, वाटर एटीएम स्थापित करने का काम करेगी। साथ ही सभी एजेंसियां ये सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि केवल सड़कों की मजबूती पर ही ध्यान न दिया जाए बल्कि उसकी खूबसूरती और साफ-सफाई का ध्यान भी रखा जाए। साथ ही सभी एजेंसियों को सरकार को साप्ताहिक प्रोग्रेस रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया गया है।*

# यमुना में नहाने गए चार युवक डूबे , गोताखोरों ने तीन का शव निकाला

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में यमुना नदी में डूबे तीन युवकों के शव की शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि गुरुवार को 14 से 20 साल की उम्र के चार लोग नदी में स्नान करने के लिए लोनी से सोनिया पुश्ता आए थे। शाम को जब वे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। उनके एक दोस्त के कहने पर, नदी के किनारे जा कर देखा गया जहां एक मोटरसाइकिल और कुछ कपड़े मिले। डीसीपी ने कहा कि खोज व बचाव अभियान जारी है।

देर तक रेस्क्यू करने के बाद गोताखोरों ने खन्ना नगर लोनी निवासी हैदर के 16 वर्षीय पुत्र वसीम, अशोक विहार निवासी 17 वर्षीय इल्यास और रामपार्क थाना लोनी निवासी परसा के 16 वर्षीय पुत्र कमल के शव को बरामद कर लिया, लेकिन अभी तक खन्नानगर लोनी निवासी शम्सुदद्दूदीन के 17 वर्षीय पुत्र समीर का शव बरामद नहीं हो सका है। समीर के शव को बरामद करने के लिये कई टीम लगाइ गई है।

# अंडरपास पर जलजमाव, रेलवे नहीं दे रहा कोई ध्यान

- उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने लिखी रेल मंत्री को चिट्ठी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रेलवे अंडरपास के नीचे बारिश के चलते जलभराव हो जाता है। जिससे दिल्ली वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को चिट्ठी लिखकर समस्या के बारे में बताया।

सिसोदिया ने कहा जखीरा अंडरपास में मानसून के दौरान होने वाले जलजमाव के कारण यहां से आवाजाही करने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। दिल्ली सरकार द्वारा यहां जलजमाव की समस्या से निजात पाने के लिए कई कदम उठाएं वहां मौजूद रेलवे लाइन से गिरने वाले कचरे और रेलवे के नाले की डी-सिल्टिंग न होने के कारण सारा कचरा पानी में बहकर अंडरपास में आ जाता है। यहां मौजूद पम्पों को जाम कर देता है जिस कारण यहां जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

इस बाबत 20 जून को दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में रेलवे सहित अन्य एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की हुई। बैठक में प्रधान सचिव, पीडब्ल्यूडी ने रेलवे के अधिकारियों से रेलवे द्वारा डाउनस्ट्रीम पाइप का आकार बढ़ाने, रेलवे जमीन की जमीन पर मौजूद कचरे को हटाने, रेलवे द्वारा बिछाई गई पुलिया और पाइप ड्रेन की डिसिल्टिंग करवाने के साथ-साथ रेलवे की जमीन पर से अतिक्रमण और अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों को हटाने का आग्रह किया।

# शालीमार बाग में वृद्धा की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में शुक्रवार को 80 वर्षीय एक महिला अपने घर में मृत पाई गई। पुलिस ने बताया कि उन्हें पूर्वाह्न 11 बजे हत्या के बारे में सूचना मिली।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) उषा रंगनानी ने कहा कि बीएस ब्लॉक स्थित घर में महिला का शव बिस्तर पर पाया गया और उसका गला रेता गया था। रंगनानी ने कहा कि इसके अलावा घाव का कोई और निशान नजर नहीं आया। डीसीपी ने कहा कि मृतका के गहने और घर का कोई अन्य सामान चोरी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लगता है कि हमलावर घर के भीतर आने का रास्ता जानता था। उन्होंने कहा कि शालीमार बाग पुलिस थाने में धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है और मामले की जांच के लिए चार टीमें गठित की गई हैं।

# यात्री के पटरी पर उतरने से बाधित रही वायलेट लाइन पर सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कहा कि वायलेट लाइन के बड़कल मोड़ स्टेशन पर एक यात्री के पटरियों पर उतरने से शुक्रवार को सेवाऐ बाधित रही।

वायलेट लाइन कश्मीरी गेट और हरियाणा में राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) को जोड़ती है। डीएमआरसी ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि बड़कल मोड़ पर एक यात्री के पटरी पर उतरने के कारण बदरपुर बॉर्डर से राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) तक सेवाओं में देरी हुई। अन्य सभी लाइन पर सेवाएं सामान्य हैं। गौरतलब है कि चार जुलाई को दिल्ली मेट्रो की एलो लाइन पर जोर बाग स्टेशन पर चलती ट्रेन के आगे कूद जाने से एक महिला की मौत हो गई थी।

# छात्रा को चाकू घोंपने के मामले में सह आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी पर शिवम को फरार होने में मदद करने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर क्षेत्र में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़की को चाकू घोंपने के मामले में पुलिस ने सह-आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवम को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया था। घायल लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को तिलक नगर में 17 वर्षीय लड़की को चाकू घोंपकर 22 साल के एक युवक ने घायल कर दिया था। एक झगड़े के बाद वह उसे कई सप्ताह से परेशान कर रहा था। पुलिस उपायुक्त घनश्याम बंसल ने कहा कि सह-आरोपी शगुन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जो तिलक नगर की रहने वाली है और उसने अपराध करने के बाद शिवम को फरार होने में मदद की। पुलिस ने बताया कि शिवम और पीड़िता का घर तिलक नगर में एक दूसरे के नजदीक है और दोनों के बीच गत दो-तीन साल से दोस्ती है।

पीड़िता के एक पारिवारिक मित्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि लड़की के परिवार के अनुसार, उसने आरोपी के खिलाफ लगभग दो महीने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और युवक ने लिखित बयान दिया था कि वह भविष्य में उसे परेशान नहीं करेगा, हालांकि पुलिस चौकी से बाहर आने के बाद लड़के ने उसे धमकी दी।

### दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की

**नई दिल्ली ।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को शहर की पुलिस को एक नोटिस जारी कर राष्ट्रीय राजधानी के तिलक विहार इलाके में कक्षा 12वीं की 17 वर्षीय छात्रा पर चाकू से हुए हमला मामले में कार्वाई रिपोर्ट तलब की।डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली पुलिस से छात्रा द्वारा मुख्य आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्योरा भी मांगा।22 वर्षीय आरोपी शिवम ने बृहस्पतिवार को तिलक विहार में छात्रा पर चाकू से हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर डूटा ने की डीयू प्रशासन से मुलाकात




**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ (डूटा) अध्यक्ष प्रो ए के भागी के नेतृत्व में अधिकारियों ने डीयू प्रशासनिक पदाधिकारियों से मुलाकात की। डूटा पदाधिकारियों ने डीन ऑफ कॉलेज और दक्षिण परिसर के निदेशक से हुई इस मुलाकात में शिक्षकों के प्रमोशन में आने वाली बाधाओं, अंग्रेजी विभाग में वर्कलोड, विधि संकाय के शिक्षकों की पात्रता, स्कूल ऑफ जर्नलिज्म को विभाग बनाने, कॉलेजों में रोस्टर के मुद्दे तथा दिव्यांग शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। डूटा के इस प्रतिनिधिमंडल के साथ दिव्यांग शिक्षक भी इस बैठक में शामिल रहे। डूटा अध्यक्ष प्रो भागी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, सचिव डॉ. सुरेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष डॉ. चमन सिंह शामिल रहे। डॉ. भागी ने बताया कि उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को केंद्रीय शिक्षा संस्थान के शिक्षकों के प्रमोशन में आने वाली अड़चनों और दिव्यांग शिक्षकों की समस्याओं को विस्तार से अवगत कराया और इन के समाधान की अपील की।

### जनपथ क्षेत्र में पिज्जा की दुकान में आग लगी

**नई दिल्ली।** जनपथ इलाके में शुक्रवार को एक पिज्जा की दुकान में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें शाम 6:18 बजे घटना के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि दो दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया है।

### शिंजो आबे की हत्या पर केजरीवाल ने शोक जताया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर शुक्रवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया ने एक महान नेता खो दिया। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की मृत्यु के बारे में सूचना पाकर बहुत दु:ख हुआ। दुनिया ने एक महान नेता खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। मैं उनके परिवार एवं मित्रों के लिए प्रार्थना करता हूं। जापान के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली नेताओं में शुमार आबे की शुक्रवार को एक चुनावी सभा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। आबे (67) को देश के पश्चिमी हिस्से के नारा में शुक्रवार को भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद हमलावर ने पीछे से गोली मार दी गई थी। इससे पहले, केजरीवाल ने आबे पर हुए हमले को स्तब्ध करने वाला और दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

### नीरी-केएफटी से जलोदर का उपचार संभव

**नई दिल्ली।** पेट में तरल पदार्थ जमा होने के कारण फूलने की बीमारी जलोदर (एसाइटिस) के उपचार में आयुर्वेदिक फार्मूला नीरी-केएफटी को बेहद कारगर पाया है। यह दावा जर्नल आफ आयुर्वेदा एंड एंटीग्रेटेड मेडिकल साइंसेज में प्रकाशित शोध रिपोर्ट में किया गया है। यह दवा पेट में मौजूद अतिरिक्त तरल पदार्थ को मूत्र के जरिये बाहर निकालने में मददगार साबित होती है। साथ ही गुर्दे के स्वास्थ्य को भी बढ़ाती है।शोध रिपोर्ट कर्नाटक के मैसूरू स्थित जेएसएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पीटल के सहायक प्रोफेसर कोमला ए, प्रोफेसर सिद्धेश अराध्यमठ तथा शोधकर्ता मल्लीनाथ आई. टी. ने मिलकर तैयार की है।

### सजे-धजे बकरों से गुलजार मीना बाजार

**नई दिल्ली।** बकरीद त्योहार से पहले मीना बाजार गुलजार है और सजे धजे बकरों की खरीद-फरोख्त के लिए ग्राहकों को सौदेबाजी करते देखा जा सकता है। बकरे बेचने के लिए उत्तर प्रदेश से मशहूर मीना बाजार पहुंचे 38 वर्षीय मेहरबान ने मजाकिया लहजे में कहा, इनमें से कुछ बकरे एसयूवी में सवार होकर यहां आए हैं, इन्हें किसी से कम मत समझिए। रविवार को मनाए जाने वाले ईद-उल-अजहा से पहले बाजार में सैकड़ों बकरे सजे-धजे नजर आए, जिनमें से कई को फूलों की माला, खूबसूरत घूंघरू और पट्टे पहनाए गए थे। कोविड संबंधी पाबंदियों के चलते दो साल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में बकरा मेला की रौनक लौटी है जोकि कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने वालों के लिए पसंदीदा स्थान रहा है।

# उमस-गर्मी से लोग परेशान, कल बारिश के आसार

- मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, ईद के दिन हो सकती है दिक्कत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





दिल्ली में शुक्रवार को लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

राष्ट्रीय राजधानी में भी बारिश नहीं हुई और आर्द्रता का स्तर 74 फीसदी से 49 प्रतिशत के बीच रहा। न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि इस मौसम के औसत से एक डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग ने शनिवार को आकाश में बादल छाए रहने और रात में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने रविवार के लिए येलो अलर्ट तथा मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली में 30 जून को मॉनसून की पहली बारिश हुई थी, लेकिन उसके बाद से बेहद कम बारिश हुई है, जिससे तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। सफदरजंग वेधशाला में पिछले सात दिन में महज 2.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार शाम चार बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 94 दर्ज किया गया, जो कि संतोषजनक था।

# शॉर्टकट के फेर में न पड़ें, कड़ी मेहनत करें: साक्षी मलिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक का कहना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। त्याग, लगन, समर्पण और कड़ी मेहनत से ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। कर्म ही पूजा है, बस अपना काम ईमानदारी से करें, सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। मलिक ने 'द पार्क' होटल में युवा लेखिका प्रार्थना बत्रा की किताब 'गेटिंग द ब्रेड- जेन जी वे टू सक्सेस' की लॉन्चिंग के मौके पर आयोजित एक समारोह में यह बातें कहीं। ऑक्सफोर्ड बुक स्टोर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साक्षी मलिक ने किताब की लेखिका के साथ बातचीत के दौरान अपने जीवन के तमाम अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला इस किताब को 'ऊं बुक्स इंटरनेशनल' ने प्रकाशित किया है। वहीं प्रार्थना बत्रा ने कहा कि अपने यूट्यूब चैनल के लिए तमाम जानी-मानी शख्सियतों का इंटरव्यू किया था। उन्हें आइडिया आया कि इस बातचीत के दौरान उन्होंने इन शख्सियतों के बारे में जो जाना-समझा और उनके संघर्ष व सफलता को महसूस किया, उसे एक किताब की शक्ल दी जा सकती है।



पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 9 जुलाई, 2022



# तिरंगे का इतिहास बताने निकले हैं सेवानिवृत डीपीजी शील मधुर

### भारत का राष्ट्रीय ध्वज दिवस 22 जुलाई को घोषित करने की भी है मांग

### एक सप्ताह तक हर घर तिरंगा लहराने के सरकार के निर्णय का किया स्वागत



तिरंगे को लेकर बातचीत करते पूर्व पुलिस महानिदेशक शील मधुर।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**शील** मधुर...। जितना शील और मधुर यह नाम है, इससे कहीं अधिक शील और मधुर उस शख्सियत का व्यक्तित्व है। देश भक्ति और देश सेवा का जज्बा तो पहले से ही उनके दिल में हिलोरें लेता रहा है। चाहे युवा पीढ़ी के लिए रोजगार गारंटी की बात हो या फिर देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान की बात हो। हर मंच से उन्होंने इन मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया और आगे बढ़ाया है।

हम बात कर रहे हैं हरियाणा के सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं सादर इंडिया सोसायटी के अध्यक्ष शील मधुर की। पुलिस सेवा में रहते हुए देश के सैनिकों को सेल्यूट करते हुए गीत-संगीत की ऑडियो, वीडियो एल्बम बनाना उनका शौक और जुनून रहा है। इन दिनों वे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के नाम से एक दिवस की घोषणा करने के लिए जनसमर्थन जुटाते फिर रहे हैं। उनका कहना है कि कमजोर से कमजोर और शक्तिशाली से शक्तिशाली देश का राष्ट्रीय ध्वज दिवस है। जिस दिन वहां पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम किए जाते हैं। भारत भी एक शक्तिशाली देश है और हमारे देश का भी राष्ट्रीय ध्वज दिवस होना चाहिए। इसके लिए वे देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तक मांग पत्र के जरिए अपनी इस मांग को पहुंचा चुके हैं। उनका कहना है कि 22 जुलाई 1947 को भारत के तिरंगे को वर्तमान रूप मिला था। तीन रंगों के बीच में अशोक चक्र हमें बहुत कुछ सिखाता है। श्रीमधुर ने कहा कि उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ 26 जनवरी 2021 से हर-हर तिरंगा-घर-घर तिरंगा अभियान शुरू किया था। वह भावना सरकार तक पहुंच गई है। पूर्व डीजीपी शील मधुर की सादर इंडिया सोसायटी और तिरंगा सेना की ओर से हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त तक चलाने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही मांग भी की है कि साल में एक दिन राष्ट्रीय ध्वज दिवस घोषित किया जाए। इससे देश की एकता व अखण्डता को मजबूती मिलेगी और लोगों को अपनी देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि हर घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए उन्होंने तिरंगा सेना का भी गठन किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में तिरंगे के महत्व को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि लोग इसके बारे में जागरूक हों।

शील मधुर के इस अभियान से जुड़े ताईक्वांडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच यामीन ने बताया कि विदेशों में हर देश में राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1998 में जब वे पैरिस में खेलने गए तब एक अन्य राष्ट्र के खिलाड़ी ने उनसे पूछ लिया कि भारत में राष्ट्रीय ध्वज दिवस कब मनाया जाता है। इस पर उन्हें थोड़ी मायूसी तो हुई, लेकिन वे चाहते हैं कि हमारे देश में भी अन्य देशों की तरह राष्ट्रीय ध्वज दिवस होना चाहिए। जिस दिन यह दिवस घोषित होगा, वे पैरिस में जाकर तिरंगा फहराएंगे।

## मैराथन धावक सिकन्दर लाम्बा को नवीन गोयल ने किया सम्मानित



मैराथन धावक सिकन्दर लाम्बा को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** मैराथन धावक सिकन्दरपुर लाम्बा को उनकी उपलब्धियों पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। साथ ही उनके द्वारा अब तक जीते गए मेडल की बधाई दी।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि खेलों के क्षेत्र से गुरुग्राम में अनेक प्रतिभाएं हैं। राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का गुरुग्राम गढ़ है। यहां के अनेक खिलाड़ियों ने देश का मस्तक ऊंचा किया है। उन्होंने सिकन्दर लाम्बा को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा से गुरुग्राम ही नहीं हरियाणा का नाम रोशन किया है। एचएसआईआईडीसी में बतौर महाप्रबंधक सिकन्दर लाम्बा भी हरियाणा का गौरव हैं। सिकन्दर लाम्बा वर्ष 2019 से लंबी दौड़ भी लगा रहे हैं। फरवरी 2019 को गुरुग्राम में आयोजित एमिटी मैराथन में पहली बार 42 किलोमीटर की दौड़ 4 घंटे 10 मिनट में की थी। उसके बाद पंचकूला में आयोजित 100 किलोमीटर की स्टेडियम रन दौड़ में हिस्सा लिया और उसे 14 घंटे 54 मिनट में पूरा किया।

बेंगलुरु में आयोजित 20-21 जुलाई 2019 में 24 घंटे की स्टेडियम रन में हिस्सा लिया। वहां पर 196 किलोमीटर के साथ संपन्न किया। इसके बाद 24 घंटे स्टेडियम रन दिल्ली में से लेकर 197 किलोमीटर की दौड़ की। अब बेंगलुरु में आयोजित 2-3 जुलाई को एशिया और ओसेनिया 24 घंटे चैंपियनशिप दौड़ में हिस्सा लिया। वहां ओपन कैटेगरी में द्वितीय स्थान हासिल करके 201 किलोमीटर का अपना सपना पूरा किया। वे एशिया के पहले ऐसे धावक हैं, जिन्होंने नंगे पैर ही 201 किलोमीटर की दौड़ पूरी की है।

## हिपा में अब युवतियों को भी स्किल ट्रेनिंग देकर बनाएंगे आत्मनिर्भर



गुरुग्राम स्थित हिपा में गरीब परिवारों की लड़कियों को स्किल की ट्रेनिंग देने को फुटप्रिंट्स चाइल्ड केयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार के दौरान मौजूद दोनों संस्थानों के अधिकारी व अन्य सदस्य।

### अब से पहले सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को दी जाती रही है ट्रेनिंग

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम करने वाला हरियाणा लोक प्रशिक्षण संस्थान (हिपा) गुरुग्राम अब इन अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ गरीब परिवारों की लड़कियों का हुनर निखारने के लिए उन्हें स्किल की ट्रेनिंग देगा। इसके लिए हिपा में फुटप्रिंट्स चाइल्ड केयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं।

हिपा की महानिदेशक सुरीना राजन (सेवानिवृत आईएएस) ने बताया कि गरीब परिवारों विशेषकर बीपीएल परिवारों की युवतियों को तीन क्षेत्रों नामत: केयर गिविंग यानी देखभाल करने, प्री स्कूल शिक्षक तथा प्ले स्कूल खोलने के क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण अल्प अवधि का एक महीने और दो महीने का होगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छुक युवतियां 15 जुलाई 2022 तक ऑनलाइन वेबसाइट पर आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इन लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए हिपा ने फुटप्रिंट्स चाइल्ड केयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। यह संस्था काफी वर्षों से इस क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह सीएसआर के तहत इन लड़कियों को प्रशिक्षण देगी। इस नई पहल में हिपा प्रशिक्षण कार्यक्रम का दस्तावेजीकरण करेगी तथा उसकी गुणवत्ता पर निगरानी रखेगी। हिपा द्वारा प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों में लागू करने की दृष्टि से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अध्ययन किया जाएगा, क्योंकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद आंगनवाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूलों में परिवर्तित किया जा रहा है। उन केन्द्रों की क्षमताओं को भी बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट का अध्ययन इस तरह के कौशल विकास कार्यक्रमों को बड़े पैमाने पर चलाने के लिए भी एक प्रभावी रणनीति बनाने में भी मदद करेगा। एमओयू पर हिपा की तरफ से उसके सेंटर फॉर एन्टरप्रन्योरशिप प्रमुख डा. देवेन्द्र सिंह ने हस्ताक्षर किए, जबकि फुटप्रिंट्स चाइल्ड केयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अमिता भारद्वाज ने हस्ताक्षर किए।

## एनआरआई फेस्टिवल में आने वाले भारतीयों का गुरुग्राम में भी स्वागत: सुधीर सिंगला

### दिल्ली, लखनऊ और गोवा में आयोजित की जाएंगी खेल प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



एनआरआई फेस्टिवल को लेकर पम्पलेट प्रदर्शित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**राजधानी** दिल्ली, लखनऊ और गोवा में जुलाई से दिसम्बर तक चलने वाले एनआरआई फेस्टिवल में गुरुग्राम को भी शामिल करने के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने सरकार से आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का ताऊ देवीलाल खेलों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां भी एक-दो खेल प्रतियोगिताएं कराई जा सकती हैं।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि देश में आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले एनआरआई फेस्टिवल महाआयोजन का हरियाणा की पावन धरती पर स्वागत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से बाहर रह रहे सभी एनआरआई को भारत का अभिन्न अंग माना है। इसलिए एनआरआई फेस्टिवल का आयोजन करके दूसरे देशों में रह रहे एनआरआई को भारत की संस्कृति से जोड़ने का यह प्रयास किया जा रहा है। इस एनआरआई फेस्टिवल में तमाम तरह के खेल खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, योगा का आयोजन करवाया जाएगा, जिसमें विदेशों से आए खिलाड़ी और भारत के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा खेल और खिलाड़ियों की धरती है। ओलंपिक में सबसे ज्यादा मेडल हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आते हैं। ऐसे में एनआरआई फेस्टिवल के खेलों का आयोजन दूसरे प्रदेशों की तरह हरियाणा में भी होगा तो प्रदेश के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। साथ ही उन्हें विदेशी टीमों के साथ खेलने का अवसर भी प्राप्त होगा।

गुरुग्राम विधायक सुधीर सिंगला ने इस एनआरआई फेस्टिवल का हरियाणा की भूमि पर स्वागत किया है। और सरकार की तरफ से हर संभव मदद का विश्वास दिलाया है। रिजाइस हेल्थ फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. नवल कुमार वर्मा और पावर स्पोर्ट्स की फाउंडर कांति डी सुरेश ने विधायक सुधीर सिंगला का धन्यवाद किया है। रिजॉइस हेल्थ फाउंडेशन और पावर स्पोर्ट्स के तत्वाधान में एनआरआई फेस्टिवल हो रहा है। जो कि जुलाई से दिसंबर तक छह महीने तक चलेगा।

## रात में न करें बिजली कटौती, जनता होती है ज्यादा परेशान

### जिले की बिजली समस्याओं के समाधान के लिए आफताब ने लीं अधिकारियों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



बिजली अधिकारियों की बैठक लेते नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद।

**नूंह** विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने मेवात क्षेत्र के बिजली अधिकारियों की बैठक ली। जिले में बिजली की समस्या में सुधार के लिए विधायक ने आवश्यक निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि रात में बिजली कटौती न करें। इससे गर्मी में जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

बैठक में पलवल सर्कल के जोगेंद्र हुड्डा एसई, कुलदीप अतरी एक्सईएन नूंह डिविजन, केएस यादव, एसडीओ आदि मौजूद थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि मेवली में 33 के वी पावर हाऊस को जल्द शुरू किया जाए। इस पर अधिकारियों ने विधायक को बताया कि जल्द फीडर शुरू किया जाएगा, 17 जुलाई को टेंडर लगाया जाएगा। आफताब अहमद ने कहा कि वो बीते दो सालों से ज्यादातर बिजली की समस्याओं के समाधान के लिए चंडीगढ तक प्रयासरत हैं और मंजूरी करा रहे हैं। जिससे बिजली की गुणात्मक सुधार और जनता की परेशानी दूर हो सके। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि उन्हें ग्रामीण व शहर के लोगों ने बिजली समस्या के बारे में बताया था। जिसे देखते हुए शुक्रवार को विधायक आफताब अहमद ने पुराने विश्राम गृह नूंह में बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

विधायक ने जिले में बिजली मरम्मत करने, खराब ट्रांसफॉर्मरों और जर्जर केबल वायरों को बदलने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, साथ ही लो वोल्टेज की समस्या के मद्देनजर अतरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर लगाने के भी निर्देश दिए। आफताब अहमद ने बिजली अधिकारियों को कहा कि पावर कट को कम से कम किया जाए। विशेषकर रात के समय में तो पावर कट कतई नहीं किया जाए क्योंकि रात में भीषण गर्मी में सोने में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## सोहना नप चेयरपर्सन के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच के दिए आदेश

### आम आदमी पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान

### आठवीं कक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर चेयरपर्सन पर चुनाव लड़ने का आरोप

### डीसी को एक महीने के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने के दिए हैं आदेश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/चंडीगढ

**सोहना** में नगर परिषद के चुनाव में विजयी हुई भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अंजू बाला की उनकी शैक्षणिक योग्यता को लेकर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आरोप है कि उन्होंने 8वीं कक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर यह चुनाव लड़ा है। आम आदमी पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग ने इस पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उपायुक्त की ओर से 30 दिन के अंदर इस बाबत रिपोर्ट तैयार करके आयोग को देनी होगी। आम आदमी पार्टी के लीगल सेल सेंट्रल ऑब्जर्वर मोक्ष पसरीजा के मुताबिक सोहना नगर परिषद के चुनाव में बीजेपी ने अंजू बाला को चेयरपर्सन पद की उम्मीदवार बनाया था, जिन्होंने यह चुनाव जीत लिया। आप की प्रत्याशी ललिता देवी ने शिकायत की थी कि अंजू बाला 8वीं कक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर चुनाव में शामिल हुई हैं। इस पर आम आदमी पार्टी के लीगल सेल की तरफसे चुनाव आयोग में पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज की गई थी।

### फेल होने पर पास का सर्टिफिकेट लगाने का आरोप

**बीजेपी** की चेयरपर्सन उम्मीदवार अंजू बाला पर कि 8वीं कक्षा की पढ़ाई को लेकर पेंच फंसा हुआ है। आरोप है कि वे हैं तो आठवीं फेल, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए 8वीं पास की राजस्थान के किसी स्कूल के नाम पर फर्जी मार्कशीट बनवाई है। आप के लीगल सैल ने राजस्थान के स्कूल में आरटीआई लगाई तो पता चला कि उनकी ओर से जानकारी दी गई कि वहां से कोई अधिकारिक मार्कशीट जारी नहीं की गई है। वह फर्जी तरीके से तैयार की गई है।

### स्कूल ने कराई अंजू बाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**यह** मामला सामने आने के बाद राजस्थान के अलवर स्थित स्कूल की ओर से भी अंजू बाला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव 14 अगस्त तक इसकी जांच रिपोर्ट सौंपेंगे।

## हाईकोर्ट ने नप चेयरमैन अंजू देवी के शपथ ग्रहण पर लगाई 28 दिन की रोक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### अदालत ने अंजू देवी को इस अवधि में ललिता के लगाए गए आरोपों पर जबाव मांगा




**हाईकोर्ट** ने नगर परिषद की नवनियुक्त चेयरमैन अंजू देवी के शपथ ग्रहण पर 28 दिन की रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने शहर निवासी ललिता द्वारा दायर की गई याचिका को मंजूर करते हुए ये रोक लगाई है। नगर परिषद की नवनियुक्त चेयरमैन अंजू देवी के शिक्षा प्राप्त प्रमाण पत्र पर उठ रहे सवालों के बाद एक से बढ़कर एक परेशानियां सामने आ रही है। शुक्रवार को ललिता की याचिका पर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश में अंजू देवी के शपथ ग्रहण पर 28 दिन की रोक लगाई गई है। अंजू देवी को 28 दिन में ललिता द्वारा लगाए गए शिक्षा प्रमाण पत्र पर आरोपों के तहत अपना जबाव दायर करने का समय दिया है। इससे पहले अंजू देवी के खिलाफ राजस्थान का जिला अलवर के थाना टहला में निजी स्कूल संचालक के पुत्र हेमंत उपाध्याय ने उनके बंद हो चुके निजी स्कूल के नाम पर कक्षा आठ का फर्जी प्रमाण पत्र बनवाने पर केस दर्ज कराई जा चुकी है। जिसमें मामला दर्ज कराने वाले निजी स्कूल संचालक के पुत्र ने अंजू देवी द्वारा बनवाया स्कूल प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि 4 जून 2022 दर्शाई गई है। चेयरपर्सन का प्रमाण पत्र हुआ चर्चित : जैसे-जैसे अंजू देवी के स्कूल प्रमाण पत्र पर सवालियां निशान लगते जा रहे हैं। वैसे-वैसे ही शहर में नवनियुक्त चेयरमैन की शिक्षा प्राप्ति का विषय चर्चा का विषय बना हुआ है। यह आने वाला समय ही बताएगा। चेयरमैन का शपथ ग्रहण कब होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक उन्मादियों की सूचना देने को विहिप ने जारी किया नंबर



**गुरुग्राम।** विहिप हरियाणा प्रान्त के प्रांत अध्यक्ष पवन, बजरंग दल प्रान्त संयोजक भारत भूषण और प्रान्त प्रचार प्रसार प्रमुख आवेश, प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख अनुराग कुलश्रेष्ठ ने कहा कि राष्ट्र विरोधी ताकतें देश को कमजोर करना चाहती है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पथराव, तोड़फोड़, मजहबी कट्टरता और जेहादियों द्वारा हिन्दुओं की हत्याएं अब स्वीकार्य नहीं है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां शीतला माता मंदिर में संयुक्त पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रान्त के अंतर्गत आने वाले 22 जिलों के लिए बजरंग दल द्वारा हेल्पलाइन नम्बर-972862702 भी जारी किया गया है। विश्व हिन्दू परिषद हरियाणा प्रान्त की युवा शक्ति बजरंग दल किसी तरह की धार्मिक कट्टरता के खिलाफ बहुसंख्यकों की मदद के लिए सक्रिय हो गया है। अब मजहबी उन्मादवश हिन्दुओं पर जानलेवा हमलों का अंत होगा। बहनों-बेटियों पर लव जेहाद, लैंड जिहाद, भड़काऊ बयानबाजी, हिन्दू समाज को धमकाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

### अधिकृत वेंडिंग जोन में था अवैध स्ट्रीट वेंडर्स का कब्जा

**गुरुग्राम।** पिछले 3-4 दिनों से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्थापित स्ट्रीट वेंडिंग जोन में अवैध तरीके से वेंडिंग का कार्य करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव के बताया कि निगम कार्रवाई से अवैध वेंडिंग माफिया की कमर टूट रही है। निगम टीमों द्वारा सेक्टर-47 व सेक्टर-56 स्थित स्ट्रीट वेंडिंग जोन में कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से वेंडिंग का कार्य करने वालों के सामान तथा कार्ट को जब्त किया। उन्होंने बताया कि निगम कार्रवाई के प्रभाव को देखते हुए मेदान्ता अस्पताल के सामने स्थित वेंडिंग जोन से अवैध वेंडर्स ने स्वयं ही अपनी कार्ट को हटा लिया है। इसके अलावा वेंडिंग सर्टिफिकेट लेकर वेंडिंग कार्ट किसी दूसरे को किराए पर देना भी कानूनन जुर्म है।

### गुरुग्राम, फरीदाबाद व पलवल में नगर वन की हुई शुरुआत

**गुरुग्राम।** वन विभाग हरियाणा की ओर से शुक्रवार को हरियाली महोत्सव मनाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की नगर वन योजना के तहत हरियाणा के तीन जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा पलवल में नगर वन बनाने के कार्य का शुभारंभ पौधारोपण करके किया गया। गुरुग्राम के गांव घाटा में लगभग 60 हेक्टेयर भूमि पर नगर वन बनाने के कार्य की शुरूआत की गई। हरियाणा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक जगदीश चंद्र गांव घाटा में बनाए जा रहे नगर वन स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। श्रीचंद्र ने बताया कि इस योजना के तहत गुरुग्राम जिले में नगर वन की स्थापना घाटा के लगभग 60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में की जानी है। हरियाली महोत्सव के दौरान घाटा नगर वन के अलावा गुरुग्राम वन मंडल में चार अन्य स्थानों नामत: गांव सरमथला, दमदमा, रिठौज तथा महचाना में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को फलदार पौधे भी वितरित किए गए। गांव घाटा में आयोजित कार्यक्रम में सुशांत विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राकेश रंजन, प्रति-कुलपति डा. सचिव कुमार शर्मा, पार्षद महेश दायमा उपस्थित रहे।

### अनाधिकृत निर्माण एवं अतिक्रमण पर निगम ने की कार्रवाई



गुरुग्राम नगर निगम के जोन-3 में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।

**गुरुग्राम।** अनाधिकृत निर्माणों एवं अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जोन-3 क्षेत्र के इस्लामपुर तथा झाड़सा में इनफोर्समेंट टीम ने कार्रवाई की। सहायक अभियंता राजकिशन मोंगिया के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा्ी टीम पुलिस बल के साथ गांव इस्लामपुर पहुंची। यहां पर टीम ने जेसीबी की मदद से अनाधिकृत भवन को सील करने एवं रैंप व छज्जे आदि तोड़ने की कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने गांव झाड़सा में पहुंचकर यहां पर अवैध रूप से सब्जी मंडी लगवाकर अवैध किराया वसूली करने वालों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। टीम ने यहां पर लगाई जाने वाली अवैध मीट मार्केट एवं सब्जी मंडी को जेसीबी की सहायता से धराशायी किया। हालांकि कुछ लोगों ने टीम का विरोध किया, लेकिन पुलिस बल ने स्थिति को अपने नियंत्रण में करते हुए कार्रवाई को पूरा करवाने में भरपूर सहयोग दिया। विरोध को बढ़ता देख पुलिस के डीसीपी स्तर के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए तथा विरोध के बीच कार्रवाई को पूर्ण करवाया। यहां पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध सब्जी मंडी एवं मीट मार्केट लगवाई जा रही थी, जिससे यातायात जाम होने के साथ ही क्षेत्र में गंदगी भी फैलने संबंधी शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर निगम टीमों ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को इसे हटा दिया।

### नाबालिग किशोरी का जबरन शादी कराने का आरोप

**सोहना।** दमदमा निवासी 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने पति समेत माता-पिता व चाचा-चाची के खिलाफ जबरन शादी करने का आरोप लगाया है। सोहना सदर थाना पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। दमदमा निवासी नाबालिग किशोरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके माता-पिता और चाचा-चाची ने योजना बनाकर उसकी बचपन में ही राकेश नामक युवक से शादी कर दी थी। वह इस शादी से नाखुश शुरू से थी। लेकिन परिजनों के दबाव के कारण उसने पहले मजबूर होते हुए हां कर दी थी। शादी के बाद उसके पति ने उसकी मर्जी के खिलाफ गलत कार्य किया। जिसकी वह डॉक्टरी जांच कराना चाहती है। दोषियों को उसकी बाल अवस्था में शादी कराने की सजा दिलाना चाहती है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि नाबालिग किशोरी के शुक्रवार को अदालत में बयान दर्ज कराए गए। जहां नाबालिग अपनी शिकायत के अनुसार मुकर गई। पुलिस ने अदालत के आदेश पर नाबालिग किशोरी को बाल सुधार केन्द्र में छोड़ दिया है।

### नूपुर शर्मा को लेकर विवादित बयान देने वाला इरशाद गिरफ्तार



मेवात। भाजपा नेत्री नूपुर शर्मा को लेकर विवादित बयान देने वाला इरशाद प्रधान सालाहेड़ी अब पुलिस के शिकंजे में फंस चुका है। पुलिस ने इरशाद प्रधान सालाहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला नूंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा नेत्री नूपुर शर्मा की जबान काट कर लाने वाले को दो करोड़ रुपये के इनाम की बात कहने वाले इरशाद निवासी सालाहेड़ी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनका यह विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसके बाद न केवल पुलिस ने गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया था, बल्कि कुछ घंटे बाद शुक्रवार को इरशाद प्रधान की गिरफ्तारी भी कर ली गई। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने कहा कि मेवात जिला हमेशा से अमन व शांति के लिए जाना जाता है। दोनों समुदाय के लोग यहां आपस में मिल जुल कर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई विवादित व भड़काऊ बयान से इलाके का माहौल खराब ना हो, इसे लेकर आज भी धर्म गुरुओं के साथ बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि बकरीद का त्योहार नजदीक है। इसकी बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम शांति के साथ खुशी से त्योहार मनाए। कानून व्यवस्था का पालन करें। बकरीद के पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है।

# मैट्रिमोनियल साइट के जरिए ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल के द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाही करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ प्रबंधक इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने मैट्रिमोनियल साइट बेटर हाफ के जरिए, लोगों को शादी के बहाने ठगने वाले दो विदेशी आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक नाईजीरिया देश का क्रिस्टन नेयाबू उदेम्बा और दूसरा इवेरी कॉस्ट देश का कोफीएंज का नाम शामिल है। क्रिस्टन दिल्ली के उत्तम नगर व कोफीएंज आश्रम, दिल्ली में किराए पर रह रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बतलाया कि

## दो आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन पांच एटीएम कार्ड और 26,000 रुपये नकद बरामद

आरोपियों ने फरीदाबाद बल्लभगढ़ की रहने वाली एक युवती से 1,65000 की ठगी को अंजाम दिया। पीड़िता की मैट्रिमोनियल ऐप BETTER HALF' पर राकेश नाम के एक युवक से दोस्ती हुई। मारुति ओमनी फेक प्रोफाइल आईडी में अपना नाम राकेश बता रखा था।

आरोपी ने पीड़ित को बताया कि वह 11 मई 2022 को भारत आ रहा है। पीड़िता से शादी करके भारत में ही रहेगा। 11 मई को पीड़िता के पास राकेश का फोन आया



ठगी के आरोप में गिरफ्तार विदेशी नागरिकों के साथ साइबर थाना बल्लभगढ़ की पुलिस।

कि उसे कस्टम ड्यूटी वालों ने पकड़ लिया है, क्योंकि उसके पास सामान ज्यादा है। उसके बाद पीड़िता के पास एक अनिता नाम की महिला फोन करके अपने आपको मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारी बताती है और राकेश को बचाने के नाम पर जालसाजी से 1,65000 रुपये की ठगी कर लेती है। जो पीड़िता का आरोपी राकेश के साथ संपर्क ना होने पर 25 मई को पीड़िता ने शिकायत साइबर पुलिस थाने में दी। जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई।

भोमली की कार्यवाही सहायक पुलिस आयुक्त मुनीश सहगल की देखरेख में प्रबंधक थाना साइबर अपराध बल्लभगढ़ के नेतृत्व में विकास , सहायक उप निरीक्षक दीपक, सहायक उप निरीक्षक शोराज, महिला हेड कांस्टेबल अंजू, सिपाही आजाद, सिपाही रजनीश व सिपाही अनिल की टीम गठित की गई टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को 4 जुलाई को क्रिस्टन नेयाबू उदेम्बा को उत्तम नगर, दिल्ली से व आरोपी कोफीएंज को आश्रम, दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग दो मोबाइल फोन, पांच एटीएम कार्ड व 26000 रुपये नगद बरामद किए गए।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी क्रिस्टेन नेयाबू उदेम्बा मेट्रिमोनियल साइट पर फेक आइडी बनाकर शादी का झांसा देता है। नकली कस्टम अधिकारी के नाम से युवती से फोन करवाता था। कॉल के बाद फोन व सिम कार्ड बदल लेता है। पूछताछ के पश्चात दोनों आरोपियों को सात जुलाई को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## भ्रष्टाचार के खिलाफ आप पार्टी करेगी जनसभा



फरीदाबाद। आज आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलशन बग्गा के कार्यालय में किया गया। इस मौके पर आप जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना, युवा नेता राकेश भड़ाना मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस जनसभा का आयोजन गुलशन बग्गा द्वारा किया जा रहा है। जिसमें राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रभारी सुशील गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर जनता को संबोधित करेंगे। गुलशन बग्गा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज आम आदमी पार्टी की कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता भाजपा के भ्रष्टाचार से तंग आ चुकी है। आए्दिन महंगाई बढ़ती जा रही है जिससे जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि शनिवार को होने वाली जनसभा में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। अपने ओजस्वी नेता के विचारों को सुनेंगे। आप जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि लोग दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की नीतियों से इतने प्रभावित है कि वो इस बार हरियाणा में भी आप की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि शनिवार को होने वाली जनसभा में जनता अपनी ताकत दिखाएगी और इस भाजपा सरकार को चलता करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## वाहन चोर बाइक समेत गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने वाहन चोर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन पलवल जिले के गांव गुलाबद का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड से चोरी की मोटरसाइकिल सहित थाना आदर्श नगर के चोरी के मुकदमे में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## गांव सारन के पशु चिकित्सालय में तैनात वीएलडीए पर हमला

फरीदाबाद। गांव सारन के पशु अस्पताल में कार्यरत वीएलडीए डॉ दिगंबर सहरावत के साथ सरकारी ड्यूटी में बाधा डालकर जबरदस्ती साथ ले जाकर मारपीट करने व धमकी देने के मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं, घटना के करीब सप्ताह बाद एफ आई आर दर्ज होने के बीस दिन बाद भी सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने बारे, धारा नहीं लगाई गई है, इस वजह से पीड़ित डॉ दिगंबर सहरावत अपनी ड्यूटी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई ना होने से आहत हैं, उनको डर है कि कहीं हमलावर उन पर दोबारा हमला ना कर दें। पीड़ित कर्मचारी का कहना है कि मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई ना होने से वे अपनी सरकारी ड्यूटी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। पुलिस ने उनकी एफ आईआर तो दर्ज कर ली लेकिन उसमें सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने की धारा दर्ज नहीं की है। उन्होंने बार-बार इस बारे में अनुरोध किया है, लेकिन थाना प्रभारी उनके मामले में कार्रवाई करने में रुचि नहीं ले रहे हैं तथा दोषियों को बचाने के लिए मामले को लम्बा खींच रहे है। उन्होंने बताया कि एक चतर सिंह नाम का आदमी जो अपने आप को नहरावली गांव का बताता है,उनको मामला वापस न लेने पर झूठे एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दे रहा है तथा उनको ट्रांसफर करवाने की धमकी दे रहा है। इस वजह से उनको आशंका है कि अगर पुलिस कार्रवाई में देरी हुई तो हमलावर उनके ऊपर हमला भी करवा सकते हैं और उनको झूठे केस में फंसा सकते हैं, अगर उनके साथ किसी भी प्रकार की घटना हुई तो इसके लिए सारन थाना पुलिस जिम्मेदार होगी।

## पेंशनरों के लिए लगाया मोबाइल नवीनीकरण कैंप



फरीदाबाद। खजाना कार्यालय फरीदाबाद में जिले के हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए व पेंशनरों के लिए मोबाइल नवीनीकरण कैंप का आयोजन सीनियर डिप्टी अकाउंटेंट जनरल प्रतिमा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जीपीएफ कर्मचारियों के मोबाइल नंबर उनके खाते के साथ जोड़ने के लिए अकाउंटेंट जनरल हरियाणा की तरफ से टीम आई। जिन्होंने काफी कर्मचारियों के मोबाइल नंबर जीपीएफ खाते से जोड़ दिए। जिससे कर्मचारियों को उनके भविष्य निधि खाते की जानकारी उनके मोबाइल से ही ओटीपी के माध्यम से आसानी से प्राप्त हो जाएगी। इसके साथ ही जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छोकर ने यह भी बताया कि पेंशनर के मोबाइल नंबर भी कैंप के आयोजन से रजिस्टर किए गए हैं ताकि उन्हें सरकार द्वारा जारी पेंशन संबंधी जानकारी आसानी से उनके मोबाइल पर ही मिल जाएगी। जिन कर्मचारियों व पेंशनर के मोबाइल नंबर अपडेट होने से रह गए हैं वह भी अगले हफ्ते तक खजाना कार्यालय में जल्द से जल्द अपने दस्तावेज जमा करवा दें। पेंशन रेजिस्टर करने के लिए अपने दस्तावेजों (पेंशन कॉपी, आधार कार्ड की मूल प्रत व रेजिस्टर करने लिए मोबाइल नम्बर) को साथ ले के आए। इन दस्तावेजों को लेके आना महत्वपूर्ण है।

## फंड की कमी से अपग्रेड संबंधित काम हो रहा प्रभावित

फरीदाबाद। औद्योगिक सेक्टरों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध करने से संबंधित काम फंड की कमी के कारण प्रभावित हो रहे हैं। इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट ने दो सेक्टरों के लिए पैसा जारी कर दिया है, जिनमें रुके हुए काम शुरू कर दिए गए हैं, लेकिन दो सेक्टरों के लिए अभी भी पैसा जारी होने का इंतजार है। उसके बाद ही वहां पर रुके हुए काम फिर से शुरू हो सकेंगे। बता दें कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण इंडस्ट्रियल सेक्टर 24, 25, एनआईटी व सेक्टर 32 डीएलएफ में सड़क, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन, सीवर व पानी की लाइनें संबंधित मूलभूत सुविधाओं को अपग्रेड करने का काम रहा है। इस काम के लिए इंडस्ट्रियल डिपार्टमेंट की तरफ से पैसा दिया जा रहा है। चारों क्षेत्रों में लगभग 107 करोड़ रुपये के काम हो रहे हैं। पिछले साल के अंत में लगभग सभी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को अपग्रेड करने का काम शुरू करा दिया गया था, लेकिन फंड की कमी से काम रुक गए थे। पैसा जारी न होने के चलते ठेकेदारों की पेमेंट नहीं हो पाई थी और उन्होंने काम बंद कर दिए थे। पिछले दिनों सेक्टर 25 व एनआईटी क्षेत्र के लिए पैसा जारी हो चुका है और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने इन क्षेत्रों में रुके हुए काम फिर से शुरू करा दिए हैं, लेकिन सेक्टर 32 डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया व सेक्टर 24 के लिए अभी पैसा जारी नहीं हो सकता है। ऐसे में इन सेक्टरों में अभी काम रुके हुए हैं। बीच में काम रुके होने के चलते उद्यमियों व लोगों को परेशानी होती है। एचएसवीपी एसई राजीव शर्मा ने बताया कि सेक्टर 25 व एनआईटी के लिए पैसा आ गया है और वहां काम शुरू करा दिया गया है। सेक्टर 24 व 32 के लिए हमनें डिमांड भेजी हुई है। पैसा जारी होने के बाद वहां पर भी काम शुरू करा दिया जाएगा।

# कोरोना का प्रकोप : पांच दिन में दो लोगों की मौत, आंकड़ों में शून्य

## जिले में हुई कोरोना से दो लोगों की मौत मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से गायब

कविता। फरीदाबाद




देशभर में कोरोना की चौथी लहर को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। वहीं जिले में पहली, दूसरी और तीसरी लहर की तरह ही चौथी लहर के शुरू होते ही कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत होनी शुरू हो गई। मई माह में जहां तीन लोगों की मौत हुई थी।

वहीं जुलाई माह में पांच दिनों के भीतर दो पॉजिटिव मरीजों की मौत हो चुकी है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में दो लोगों की मौत का जिक्र ही नहीं किया है। जबकि मृतक अन्य बीमारियों के अलावा कोरोना पॉजिटिव भी थे। उनका अंतिम संस्कार भी नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा कोविड-19 गाइडलाइन के मुताबिक किया गया। वहीं जिले में शुक्रवार को 34 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। लेकिन राहत की बात यह रही कि जिले में 45 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है।

**5 दिन में दो का अंतिम संस्कार:** जिला स्वास्थ्य विभाग ने जून और जुलाई के जारी किए गए आंकड़ों में कोरोना से किसी भी व्यक्ति की मौत की पुष्टि नहीं है, आंकड़ों में 741 मौतें ही होने की बात कही गई है। लेकिन सूत्रों से पता चला कि जिले में जून और जुलाई माह में 5 दिनों के भीतर दो कोरोना पॉजिटिव मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है। मृतक मरीज कोरोना पॉजिटिव थे। जिसमें आदर्श नगर निवासी 41 वर्षीय महिला की मौत 3 जुलाई को एनएच-तीन स्थित ईएसआईसी अस्पताल में हुई थी। वहीं सेक्टर-45 निवासी पीपी नंदा जोकि 90 वर्ष से अधिक उम्र के सेक्टर-21 सी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। उनकी मौत 30 जून को हुई। दोनों मरीजों को कई तरह की बीमारियों के साथ ही कोरोना पॉजिटिव बताया जा रहा है। उनके परिजनों को इसकी सूचना जारी की गई थी कि उनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया था।

**ये है आंकड़ा:** जिला स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को 34 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। लेकिन राहत की बात यह रही कि जिले में 45 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.20 प्रतिशत पर पहुंच गया। वहीं जिले में फिलहाल कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 323 पर है। जिसमें होम आईसोलेशन में 316 मरीज है और सात मरीजों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिसमें दो पॉजिटिव मरीजों को अन्य कई बीमारियां होने के कारण आईसीयू में भर्ती करवाया गया है।

# धमकी देकर फिरौती मांगने वाले दो आरोपी बिहार से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी क्राइम ब्रांचों को दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने फिरोती मांगने वाले दो आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमित मूल रूप से बिहार के लखीसराय जिले के गांव सैदपुर का रहने वाला है। आरोपी सूरज कुमार बिहार के लखीसराय जिले के जयनगर काली पहाड़ी में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बिहार से गिरफ्तार किया है।

आरोपी अमित पेंटर का काम करता है। आरोपी ने शिकायतकर्ता के घर में पिछले तीन महीने पहले घर में पेंट किया था। आरोपी ने शिकायतकर्ता का फोन नंबर अपने दोस्त सूरज कुमार को दे दिया था। जिसने फोन नंबर पर शिकायतकर्ता



फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार अमित और सूरज।

से 3 जुलाई को सुबह 9ः00 बजे एक लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। जिसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बिहार से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी से पता चला कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के फोन नंबर को अपने दोस्त को दे दिया था। जिससे उसने फिरौती मांगी थी। आरोपियों से दो मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए हैं। फरीदाबाद लाकर आरोपियों को अदालत में पेश कर आरोपियो को पूछताछ के लिए 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले की पूछताछ कर अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# स्लोगन प्रतियोगिता से दिया वर्षा जल सहेजने का संदेश



जल शक्ति अभियान-2 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में पेंटिंग कर जागरुक करतीं एनएचतीन के सरकारी स्कूल की छात्राएं।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी तीन फरीदाबाद की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, ईको क्लब, गाइड्स और जूनियर रेडक्रॉस ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ईको क्लब प्रभारी प्राध्यापिका मनीषा और एक्टिविटिज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका और शीतल ने प्रतियोगिता के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जेआरसी एवम् एस जेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि जल शक्ति अभियान-2 के अंतर्गत सभी अध्यापकों, स्टाफ सदस्यों एवम छात्र और छात्राओं से वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को सहेजने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस प्रकार से बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, पोस्टर, स्लोगन लेखन, भाषण, डिबेट आदि भी आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता करके बच्चें स्वयं जागरुक बनकर अपने स्वजनों, मित्रों, सहपाठियों तथा सामान्य जनों को भी जल शक्ति अभियान 2 से जोड़ रहे हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि वर्षा जल संचयन से हम मानवता पर मंडरा रहे जल संकट से सुरक्षित रह सकते हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त को होगा : सीजेएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकिर्ती गोयल ने बताया है कि आगामी 13 अगस्त को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की आपसी सहमति से लंबित मामलों का समाधान किया जाता है।

अदालत में पूर्व मुकदमेबाजी, धारा 138 के तहत एनआई अधिनियम के मामले, बैंक वसूली मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन और भत्तों और सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित सेवा मामले, राजस्व मामले, अन्य दीवानी मामले (किराया, आसान अधिकार, निषेधाज्ञा सूट, विशिष्ट प्रदर्शन सूट), अन्य (वैवाहिक और अन्य दीवानी और कंपाउंडेबल आपराधिक विवाद) निपटाए जाएंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुकीर्ति गोयल ने बताया



सीजेएम सुकिर्ती गोयल।

कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। न्यायिक परिसर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा और कहा कि लोक अदालत

## सभी प्रकार के केसों की होगी सुनवाई

में केवल मामले ही नहीं निपटते बल्कि दिल भी मिलते हैं। लोक अदालत में आने वाले मामले आपसी सहमति से निपटाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतर मामले आपसी सहमति से सुलझाए जा सकते हैं उनको लोक अदालत के जरिए मंच उपलब्ध कराया जाता है। इसका फायदा दोनों पक्षों को समय और धन की बचत के रूप में होता है।

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचें इसके तहत ज़िला अदालत परिसर में प्रचार-प्रसार अभियान भी चलाया। इसके साथ 13 अगस्त को लगने वाली लोक अदालत में किस तरह के केस रखे जा सकते हैं, और कहां पंजीकरण कराया जा सकता है लोगों को इसकी जानकारी दी। वाद सूचियों को न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसे जिला न्यायालय की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत नंबरदारों को मिलेंगे स्मार्ट फोन

फरीदाबाद। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में हरियाणा प्रदेश में नंबरदारों को स्मार्टफोन देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत मोबाइल वितरण का कार्य तहसील स्तर पर किया जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार फरीदाबाद तहसील व बड़खल के नंबरदारों को आगामी 12 जुलाई व बल्लभगढ़ तहसील के नंबरदारों को 13 जुलाई 2022 को फरीदाबाद, सेक्टर 12 स्थित खेल परिसर के इंडोर स्टेडियम में स्मार्ट फोन वितरित किए जाएंगे। डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि सीएम मनोहर लाल ने सरकार द्वारा नंबरदारों को उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए स्मार्ट फोन देने की घोषणा की थी। स्मार्ट से नंबरदारों का कार्य आसान होगा। ध्वनि संचार, संदेश भेजने, भूमि, फसलों का सत्यापन, जीपीएस सुविधा के साथ तस्वीरें लेने और उन्हें सर्वर पर अपलोड कर सकेंगे। सरल, ई-गिरदावरी आपदा प्रबंधन के तहत आइडी और पते के सत्यापन में सहायक सिद्ध होंगे। सरकार की नई योजनाओं की घोषणाओं की जानकारी में से अपडेट रहने में मदद मिलेगी।

# दीवार लगाने से स्कूल में भरा पानी

## परेशानी को देखते हुए खुदवा कर नाली का खोला, मिली राहत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बंद नाली को खुलवाते प्रिंसिपल व समाजसेवी।

मुजेसर गांव में राजकीय वरिष्ठ विद्यालय की दीवार से सटी नाली से पानी जाता है। लेकिन इस नाली को ठेकेदार ने दीवार लगाकर बंद कर दिया था। जिसके कारण स्कूल की दीवार में सीलन आनी शुरू हो गई और तीन दिनों से स्कूल के भीतर गंदा पानी भरने लगा। जिसे एसएमसी के जरिये तीन दिन बाद बंद नाली को खोलकर किया गया और स्कूल में भरा हुआ गंदा और बदबूदार पानी बाहर निकला।

इस विषय में स्कूल के प्रिंसिपल शेर मोहम्मद ने बताया कि स्कूल के साइड से जा रही नाली काफी समय से बंद है और कोई पानी जाने का रास्ता भी नहीं है इस कारण पानी दीवार से अंदर प्रवेश कर रहा है। क्लास रूम में सीलन के कारण दीवार से सीमेंट छूट रहा था। इस पर उन्होंने और स्कूल के स्टाफ ने इसकी शिकायत सोशल मीडिया समेत व निगम के एप पर भी कर चुके थे। जब कोई कार्यवाही नही हुई तो स्कूल की बनी एसएमसी कमेटी के सदस्यों संजय लाम्बा, धर्मवीर पर्सवाल से संपर्क किया। इस दौरान संजय लाम्बा और धर्मवीर पर्सवाल ने सत्री बादल को फोन कर बुलाया जिस पर उन्होंने नगर निगम एसडीओ को सारा मामला बताया व वीडियो कॉलिंग के माध्यम से दिखाया और तुरंत कार्यवाही कराई। प्रिंसिपल का कहना है कि सरकार की तरफ से लाखों रुपये खर्च करके नई नाली बनवाई लेकिन पुरानी नाली में आने वाले सीवरेज के पानी को भी नहीं रोका आगे से उसका रास्ता ठेकेदार ने दीवार लगा कर रोक दिया। गंदे पानी को आगे जाने की जगह ना मिलने के कारण स्कूल के अंदर भर गया। बदबू की वजह से पढ़ाना दुर्भर हो गया। ये कैसा विकास है जिससे हालात सुधरने की बजाए गंदगी फैल गई।

# नर्सिंग कॉलेज की बिल्डिंग तैयार

फरीदाबाद। गांव दयालपुर व अरुआ में बन रहे नर्सिंग कॉलेज की इमारत बनकर तैयार हो चुकी है। लेकिन यहां बचे हुए अन्य कामों को पूरा करने के लिए एचएसवीपी ने रिवाइज एस्टिमेट मंजूरी के लिए भेजा है। एस्टिमेट को मंजूरी मिलने के बाद बचे हुआ काम इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गांव अरुआ व दयालपुर में नर्सिंग कॉलेज तैयार किए जा रहे हैं। इसका निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कर रहा है, जबकि इसका संचालन स्वास्थ्य विभाग को करना है। एक कॉलेज लगभग छह एकड़ जमीन पर बनाया जा रहा है और लगभग 21-21 करोड़ रुपये से बिल्डिंग तैयार की जा रही है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने बिल्डिंग तैयार कर ली है। अब सड़कों व कुछ बचे हुए कामों के लिए रिवाइज एस्टिमेट मंजूरी के लिए भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार शुरूआती ड्राइंग के हिसाब से जो एस्टिमेट था।

# जलभराव से निपटने को 15 नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जल भराव का फाइल फोटो।

मानसून की दस्तक के साथ अब दिल्ली एनसीआर में भी मानसूनी बारिश के कारण आमजनों को यातायात की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको संज्ञान में लेते हुए पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने जन हित में एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मानसून की दस्तक के साथ जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फरीदाबाद के तीनों जोनों में नोडल अधिकारी बना कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। जलभराव से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए 50 स्थानों को चिह्नित कर पानी निकासी के प्रबंध करने की योजना तैयार की है। डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल ने इसके लिए 18 पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने एनआईटी जोन में एसडीएम बडखल पंकज कुमार और जॉइंट कमिश्नर एमसीएफ श्री गौरव को, सेंट्रल जोन में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत सिंह और ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ नरेश कुमार को तथा बल्लभगढ़ जॉन में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद और एडिशनल कमिश्नर एमसीएफ इंद्रजीत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है वही नगर निगम उपायुक्त यशपाल यादव के द्वारा एनआईटी जोन में एमसीएफ में एक्सन अधिकारी ओपी करक, सेंट्रल जोन के एमसीएफ एक्सन अधिकारी श्री ओम दत्त, तथा बल्लभगढ़ जॉन के एक्सन अधिकारी श्री पदम भूषण को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## आहत भावनाएं

### काली का विकृतीकरण

**'आहत भावनाओं'** का मामला इतने आगे तक बढ़ गया है कि सार्वजनिक व्यक्तित्वों को अपने विचार व्यक्त करना कठिन होता जा रहा है। एक लगभग अपरिचित फिल्मनिर्माता ने कनाडा में कोई स्कैंडल जैसा काम किया तथा भारत में एक संसद सदस्य को पुलिस में दर्ज मामले का सामना करना पड़ रहा है। अब टोरंटो की फिल्मनिर्माता लीना मणिमेकलाई का नाम हमारे देश में सभी जान गए हैं। इसका कारण यह नहीं कि उन्होंने आस्कर या कैन्स पुरस्कार जीता है, बल्कि इस कारण कि उन्होंने सस्ती लोकप्रियता के लिए काम किया। उनकी बनाई डाक्यूमेंट्री के पोस्टर में देवी काली को सिगरेट पीते दिखाया गया था। उनकी डाक्यूमेंट्री टोरंटो के आगा खान संग्रहालय में दिखाई गई। एक खबरिया एजेंसी के अनुसार इस पर 'टोरंटो के आगा खान संग्रहालय ने कहा कि हिंदू व अन्य समुदायों की भावनाओं को आहत करने वाली इस डाक्यूमेंट्री पर उनको गहरा दु:ख है। ओटावा, कनाडा में भारतीय दूतावास द्वारा आपत्ति किए जाने पर काली डाक्यूमेंट्री को प्रस्तुतीकरण से हटा दिया गया है। कनाडा में भारतीय दूतावास ने कनाडाई अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे विवादास्पद फिल्म से संबंधित सभी उकसाऊ सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करें।' एक मीडिया घराने द्वारा आयोजित सम्मेलन में कांग्रेस नेता व सांसद महुआ मोईत्रा ने काली विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को अपनी पसंद से देवी काली की कल्पना तथा उनकी पूजा करने का अधिकार है। महुआ



मोइत्रा ने कहा, 'उदाहरण के लिए, यदि आप भूटान या सिक्किम जांए तो वहां देवताओं को शराब भेंट कर पूजा की जाती है। लेकिन यदि आप उत्तर प्रदेश जा कर कहें कि आपने देवता को प्रसाद रूप में शराब चढ़ाई तो वे इसे ईशनिन्दा कहेंगे।' लेकिन अफवाहों के समय यह टिप्पणी राजनीतिक रूप से समझदारी भरी नहीं है, हालांकि यह ईशनिन्दा नहीं है और यह धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देती है।

इससे संदेश स्पष्ट है कि मैं अपने देवता की अपनी समझ से उचित तरीके से पूजा करता हूं, आप अपनी पसंद से ऐसा कर सकते हैं। हमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में रहना चाहिए। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने महुआ के दृष्टिकोण पर आपत्ति की है। भाजपा नेता रतीन्द्र बोस ने कहा, 'तृणमूल सुप्रीमो तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को स्पष्टीकरण देना चाहिए। हमारे विचार से सत्तारूढ़ टीएमसी का आधिकारिक दृष्टिकोण वोट पाने के लिए हिंदुओं की भावनायें आहत करना है।' एक और भाजपा नेता ने उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करा दिया, लेकिन मोईत्रा इससे भयभीत नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा चाहे जो करे, मैं काली की पूजा करती हूं। मैं किसी चीज से नहीं डरती। मैं आपके लोगों, आपके गुंडो और आपकी पुलिस से नहीं डरती हूं। निश्चित रूप से मैं आपके ट्रोल्स से नहीं डरती हूं। सच्चाई को समर्थन के लिए शक्ति की जरूरत नहीं है।' लेकिन उनकी पार्टी टीएमसी घबरा गई है। उसे 'हिंदू-विरोधी' कहे जाने का भय है। टीएमसी ने ट्वीट किया, 'महुआ मोईत्रा द्वारा की गई टिप्पणी व देवी काली पर उनका दृष्टिकोण उनकी व्यक्तिगत क्षमता में किए गए हैं। पार्टी किसी प्रकार व किसी रूप में इनका समर्थन नहीं करती है। आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ऐसी टिप्पणियों की कठोर निन्दा करती है।' यह अफवाहों की शक्ति है कि पार्टी को अपने एक सर्वाधिक समझदार सांसद की तार्किक टिप्पणी की 'निन्दा' करनी पड़ी है। इसका कारण यह है कि ध्यान आकर्षित करने की इच्छा से एक फिल्मनिर्माता ने ऐसा निन्दनीय प्रचार स्टंट किया है। लेकिन लगातार आहत भावनाओं की बात कर हिंदुओं के एक हिस्से ने पूरे समुदाय को मणिमेकलाई जैसे प्रचार के इच्छुक लोगों का निशाना बना दिया है।

# विश्व अर्थव्यवस्था में अस्थिरता का प्रभाव

विश्व अर्थव्यवस्था अनिश्चितता भरे समय से गुजर रही है जिससे मंदी का खतरा पैदा हो गया है। भारत को सावधान रहना चाहिए।



**शिवाजी सरकार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अमेरिका के गहरी मंदी में फंसने की आशंका है, फेडरल बैंक ने ब्याज दरें बढ़ाई हैं व कठोर दृष्टिकोण अपनाया है, यूरोपीय संघ में अनिश्चिततायें व्याप्त हैं तथा रूस-यूक्रेन युद्ध का भारतीय शेयर बाजार पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। पिछले आठ महीने में 2.71 लाख करोड़ रुपये बाहर चले जाने से भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती पैदा हो गई है। इससे जनता का जमा पैसा भी गंभीर संकट में पड़ सकता है। यदि पश्चिमी अर्थव्यवस्थायें मंदी में चली जाती हैं तो भारतीय अर्थव्यवस्था को भी निकट भविष्य में ऐसे समय गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जब व्यापार की बेहतर शर्तों की जरूरत होगी क्योंकि निर्यात गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। इससे व्यापार घाटे पर दबाव और बढ़ेगा। अर्नेस्ट एंड यंग ने हालिया अपडेट में कहा है, 'यह उनकी नीतिगत प्रतिक्रिया का संभावित परिणाम होगा जिसके चलते वर्तमान समय में मुद्रास्फीति को अभूतपूर्व स्तर तक पहंचने से रोकने के लिए ब्याज दरें बढ़ाई गई हैं।' ग्राहम सैच्स के अनुसार, अगले वर्ष अमेरिका की अर्थव्यवस्था के मंदी में फंसने की संभावना है जिसके कारण फेडरल रिजर्व ने पिछले सप्ताह ब्याज दरों में 75 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि की है। उसने यह भी कहा कि अगले 12 महीने में मंदी की संभावना है क्योंकि ब्याज दर में वृद्धि से पहले इसकी संभावना 15 प्रतिशत थी, जबकि इस सप्ताह अब यह बढ़ कर 30 प्रतिशत हो गई है।

अर्थव्यवस्था सुस्त होने तथा ब्याज दरों में वृद्धि के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक-एफपीआई अपना निवेश अमेरिका वापस ले जा रहे हैं। पिछले एक साल में आईसीआईसीआई सिक्यूरिटीज़ के अनुसार, भारत से एफपीआई धन का विदेशों में भारी प्रवाह 2008 के विश्व आर्थिक संकट-जीएफसी से अधिक हो गया है। भारतीय शेयर बाजारों में एफपीआई की बिक्री 2008 के जीएफसी के बाद अधिकतम है, यह वर्तमान समय में 36 बिलियन डालर है, जबकि जीएफसी के समय 28 बिलियन डालर थी। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों का उथलपुथल से भरे शेयर बाजार में निवेश लगातार बना हुआ है, भले ही यह 2008 में 50 प्रतिशत से घट कर लगभग 10 प्रतिशत रह गया हो। अगस्त, 2021 से जारी बिक्री सितंबर में थोड़ा ठहरने के बाद पिछले साल अक्टूबर से लगातार जारी है। एफपीआई द्वारा भारत के शेयर बाजारों से पैसा निकालने के कारण रुपये पर बहुत बुरा असर पड़ा है। डालर की तुलना में यह 79.2 रुपये तक पहुंच गया है, जबकि आरबीआई ने मुद्रा की सुरक्षा में हस्तक्षेप किया है। यूरो क्षेत्र में दीवालियापन अनुमान से आगे निकल गया है। खरीदार न होने के कारण निर्माण की प्रक्रिया में दुनिया के सबसे बड़े जहाज को जहाज-तोड़ने के लिए भेजना पड़ा है। रूस से गैस सप्लाई में बाधा के कारण यूरोपीय अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है तथा खाद्यान्न संकट के कारण प्रगति व अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई है और उसे नाटो के पक्ष में जाना पड़ा है। यूक्रेन को कुछ हथियार देने के अलावा अमेरिका अभी रूस पर लगाम लगाने का कोई निश्चित रास्ता नहीं तलाश सका है। अमेरिका और रूस, दोनों का मित्र होने के बावजूद भारत स्वयं को संकट से निकालने में सफल नहीं रहा है, हालांकि उसने दुनिया की दो बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने में सफलता पाई है। उच्च वैश्विक मुद्रास्फीति, उच्च घरेलू मुद्रास्फीति व बढ़ते कर्ज के साथ डालर की तुलना में रुपये की कीमत गिर रही है। वित्त मंत्रालय द्वारा 31 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी कर्ज अक्टूबर-नवंबर, 2021 में 11.5 बिलियन डालर से बढ़ कर इस तिमाही के अंत तक 614.9 बिलियन डालर पहुंच गया है। आईएमएफ ने भारत को चेतावनी दी है। उसने कहा है कि विदेशी कर्ज के बजाय घरेलू बचत बढ़ाने से देशों को तेज प्रगति में सहायता मिलेगी। बड़ी मात्रा में विदेशी कर्ज से संभावित संकट बढ़ सकता है तथा प्रगति की संभावनायें धूमिल हो सकती हैं। वैश्विक महामारी आने के बाद से अनेक देशों ने सुधार के लिए सार्वजनिक खर्च बढ़ाया है, जिसके कारण विदेशी कर्ज भी बढ़ा है। दूसरे शब्दों में, उसने खासकर विदेशी कर्ज पर लगाम लगाने की जरूरत बताई है। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के अनुसार, महामारी के कारण लागू लाकडाउन के फौरन बाद कुल विदेशी कर्ज संकट-पूर्व के स्तर से कम हुआ था, पर अब यह दिसंबर, 2020 के संकट-पूर्व स्तर से आगे निकल गया है। वाणिज्यिक कर्ज सितंबर, 2021 में पूर्व-महामारी स्तर को पार कर गया है तथा अल्पकालीन कर्ज दिसंबर, 2021 के अंत में पूर्व-महामारी स्तर से आगे निकल गया है।

भारत ने उच्च, टिकाऊ तथा समावेशी वृद्धि का लक्ष्य बनाया है। ऐसे में आरबीआई ने विदेशी कर्ज प्रवाह को अनुमानित अधिकतम सीमा के नीचे रहने तथा बाहरी जोखिम से बचने के लिए समग्र मैक्रो-स्थायित्व बनाए रखने की चेतावनी दी है। यह कठोर चेतावनी इसलिए भी है क्योंकि घरेलू बचत आवश्यक मांगें पूरी करने योग्य बढ़ नहीं रही है। एफपीआई निवेश को स्थाई निवेश नहीं माना जाता है। लेकिन यह एक प्रकार से विदेशी कर्ज के खिलाफ बाड़ का काम करता है तथा विदेशी मुद्रा भंडार रुपये को स्थायित्व देने के लिए भी जरूरी है। विदेशी कर्ज में अधिकांश निजी कर्ज है। सरकार का सामान्य विदेशी कर्ज 31 दिसंबर को 131.4 बिलियन डालर था, जबकि सितंबर, 2021 में यह 132.0 बिलियन डालर तक पहुंच गया था। गैर-सरकारी वाणिज्यिक विदेशी कर्ज इस बीच बढ़ कर 483.6 बिलियन डालर पहुंच गया जो 471.4 बिलियन डालर से 36.8 प्रतिशत अधिक था। आसान शर्तों पर अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से आधिकारिक कर्ज सबसे कम जोखिम वाला होता है।

वित्तवर्ष 2021-22 में भारत ने अधिकांश कर्ज 22,362 करोड़ रुपये इंटरनेशनल बैंक फार रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट से लिया था। इसके बाद उसने एशिया विकास बैंक से 16,802 करोड़ तथा जापान सरकार से 9,835 करोड़ रुपये कर्ज लिए थे। 25 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार में 2.22 बिलियन डालर की कमी आई। इसका अधिकांश हिस्सा रुपये तथा विदेशी कर्ज के प्रबंधन में खर्च हुआ। रुपये पर दबाव बना हुआ है। यह अत्यधिक सावधानी की मांग करता है। एफपीआई से होने वाली कमी की पूर्ति घरेलू संस्थागत निवेशकों से की जा रही है जिसमें एलआईसी, म्यूचुअल फंड तथा बीमा कंपनियां शामिल हैं। वे अधिकांश एफपीआई बिक्री को बर्दाश्त कर शेयर बाजार में संतुलन की स्थिति बनाए हैं। लेकिन इस प्रकार के कृत्रिम समर्थन से घरेलू कंपनियों को सब्सिडी देनी पड़ती है जिनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है। दूसरे शब्दों में सार्वजनिक धन परोक्ष रूप से अस्थिर निजी आपरेशनों में लगाया जा रहा है जिससे सार्वजनिक संस्थान और कमजोर हो रहे हैं।

संस्थानों से उम्मीद की जाती है कि वे स्वतंत्र निर्णय लेंगे। लेकिन इस प्रकार के आपरेशनों से उनको जोखिम भरे आपरेशनों में धकेला जा रहा है। इस पर सवाल उठ रहे हैं। इनमें से अधिकांश संगठनों, खासकर एलआईसी में जमा जनता का पैसा अत्यधिक खतरे में पड़ सकता है। आरबीआई, सेबी व अन्य नियामकों को ऐसे समझौते और खरीदारियों को रोकने की दिशा में कदम उठाने चाहिए क्योंकि उच्च ईसीबी वाले अनेक निगमों का बाजार मूल्य कम हो रहा है तथा इनका घरेलू बाजार से कर्ज लेना भी संदेह के दायरे में आता है। कुछ विदेशी कंपनियों द्वारा पैसा निकालने से आहत होने की गहरी भावना पैदा हुई है। सर्वोच्च नियामकों तथा वित्त मंत्रालय के स्तर पर ऐसे निर्णय करने की जरूरत है जिनसे जोखिम वाली परिसंपत्तियों में निवेश की गुणवत्ता पर विचार किया जा सके। शेयर बाजार में कीमतें अधिकांशत: प्रतीकात्मक व अनुमानों पर आधारित होती हैं। ये इन वायदों पर आधारित होती हैं कि भविष्य में लाभ मिलेगा। भारतीय शेयर बाजारों में 1992 से अनेक घोटालों और गिरावटों ने इन वादों पर सवालिया निशान लगाए हैं। इससे मध्य वर्ग का निवेश समाप्त हुआ है। वर्तमान समय में अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है क्योंकि किसी विफलता से भारतीय अर्थव्यवस्था को यदि ट्रिलियनों नहीं, तो भी बिलियनों डालर का नुकसान हो सकता है। वर्तमान समय में अमेरिका या यूरो में मंदी का खतरा दिख रहा है, लेकिन यदि इससे सावधानी से न निपटा गया तो भारत पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। समय पर कार्रवाई सबसे अच्छा इलाज है।

# सुधार व उत्कृष्टता की राह पर भारतीय रेल

**सुधांशु मणि**
(लेखक रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक हैं)



भारतीय रेलवे में पिछले महीने एक असाधारण कदम उठाया गया। लेविल 15 या उच्च प्रशासनिक ग्रेड के सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनरल मैनेजरों के पदों पर चयन के लिए प्रार्थनापत्र पेश किए। उन्होंने रेलवे को किए अपने सेवाकाल के पांच योगदानों का वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यदि उनका निर्धारित पद पर चयन किया गया तो इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। कुछ अधिकारियों ने तो अपने प्रार्थनापत्र तैयार करने के लिए सलाहकारों की सेवायें लीं। संभवत: आधे-अधूरे सुधारों, उद्देश्यहीनता व पूर्व रेलवे बोर्ड द्वारा उठाए कदमों से भारतीय रेलवे का सर्वोच्च प्रबंधन एक विचित्र स्थिति में फंस गया था।

भारतीय रेलवे के अनेक सर्वोच्च पद, खासकर बोर्ड के सदस्यों व जनरल मैनेजरों के पद खाली पड़े थे, जबकि घोषणा की गई थी कि भविष्य में अधिकारियों का चयन एक समान परीक्षा से समग्र सेवा-भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा-आईआरएमएस के लिए किया जाएगा। हर चरण पर एक कैडर बनाने के इस कदम की प्रशंसा के बजाय आलोचना अधिक हुई थी। हालांकि, कुछ खांचों के बजाय समग्र रूप से काम करने को उचित भी माना गया था।

वर्तमान रेल मंत्री को गंभीर वित्तीय संकट का सामना भी करना पड़ रहा था जिसका कारण आंशिक रूप से कोरोनावायरस वैश्विक महामारी थी, पर इसका कारण भारतीय रेलवे में व्याप्त अंतर्निहित सुस्ती व समस्यायें भी थीं। सोचा गया था कि 150 आईआरएमएस अधिकारी पदों पर भर्ती की घोषणा जारी होने के बाद आठ वर्तमान कैडरों के एकीकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। इससे एक साझा मंच तैयार होता जिससे कम आयु में सेवा में शामिल होने वाले इंजीनियरों व अन्य के बीच गंभीर असंतुलन पैदा हो सकता था जो तुलनात्मक रूप से अधिक आयु में सिविल सेवा परीक्षाओं में बैठते हैं। मंत्रालय ने तय किया कि 1983 से 1986 बैच तक के अधिकारी जो वर्तमान समय में आठ संगठित समूह ए सेवाओं से लेविल 15 में सेवा दे रहे हैं, वे आईआरएमएस के लेविल 16 में प्रार्थना के योग्य होंगे। इनमें सिविल, मैकेनिकल, एलेक्ट्रिकल, ट्रैफिक, एकाउंट, पर्सनल, सिग्नल व स्टोर समूह शामिल हैं। वे एक समूह में शामिल होंगे जिनका चयन कैबिनेट की नियुक्ति समिति जीएम व उसके समकक्ष 29 पदों के लिए करेगी। एक निश्चित तारीख तक अब भी




सेवा कर रहे लेविल 15 के वरिष्ठ अधिकारी या एचएजी अपने आत्म-मूल्यांकन के लिए प्रार्थनापत्र देने के पात्र होंगे, भले ही उनका कितना ही सेवाकाल बचा हो। इस चयन प्रक्रिया में इमोशनल क्वोशेंट टेस्ट, मल्टी स्कोर एसेसमेंट तथा वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच शामिल होगी। इस व्यवस्था में मोटे तौर से आयु का कोई लाभ नहीं मिलेगा।

सेवानिवृत्त बोर्ड सदस्यों, जीएम, अतिरिक्त सदस्यों, विभागीय प्रमुखों व भारत सरकार के सेवानिवृत्त सचिवों की एक समिति विभागीय पदोन्नति समिति के लिए प्रार्थनापत्रों का मूल्यांकन करेगी। इसमें सचिव-डीओपीटी, चेयरमैन एंड सीईओ आईआर तथा एक सचिव स्तर का गैर-रेलवे अधिकारी शामिल होगा जो पैनल में शामिल करने की संस्तुति करेगा। आईआर में लेविल 17 के सात पद होते हैं जो जीएम के बाद का अगला स्तर है। इसमें चेयरमैन रेलवे बोर्ड सह सीईओ, सदस्य व बोर्ड महानिदेशक होते हैं। इन पदों पर चयन के लिए भी लेविल 15 व 16 की तरह एक चयन प्रक्रिया होगी, बशर्ते इसमें सेवा की कटआफ डेट का ध्यान भी रखा जाएगा। यह भी लेविल 15 के अधिकारियों के लिए 'दुहरी पदोन्नति' जैसी स्थिति पैदा करेगा, जैसा कि पहले स्कूलों में उत्कृष्ट छात्रों के लिए बनी व्यवस्था थी। वर्तमान व्यवस्था में अधिकारी अपना कॅरियर शुरू करने के समय से ही समुचित सटीकता के साथ काम कर सकते हैं और वे अपनी जन्मतिथि के आधार पर पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं।

यह व्यवस्था लेविल 15 पर आधारित शीध्र इन्पैनलमेंट की व्यवस्था करती है जिससे जल्दी वरिष्ठता प्राप्त होती हैऔर इसका संतुलन सेवा में कटआफ डेट से हो सकता है। यह स्थिति उन लोगों के लिए ठीक नहीं होगी जो सावधानी से काम करने तथा कोई परिवर्तनकारी व जटिल निर्णय लेने से बचेंगे ताकि वे विजिलेंस शिकायतों या विवादों से बच सकें। बिना कामकाज में समुचित इन्सेंटिव लिए इस प्रकार काम करने वाले लोग सर्वोच्च पद तक नहीं पहुंच सकेंगे। निश्चित रूप से ऐसे स्वप्रेरित अधिकारी भी होते हैं जो अधकचरी व आम 'चलता है' सोच से आगे बढ़ कर काम करते हैं। नई व्यवस्था में सर्वोच्च पद बड़ी संख्या में अधिक सक्षम अधिकारियों के लिए खुलेंगे।

आज आईआरटीएस, आईआरएएस व आईआरपीएस में शामिल होने वाले अधिकारी सिविल सेवा परीक्षाओं से आते हैं। वे इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा से आने वाले युवा इंजीनियरों की तुलना में कम लाभ की स्थिति में होंगे। इसका हानिकारक प्रभाव उन प्रमुख विभागों के अधिकारियों पर पड़ता था जो आईआरटीएस के माध्यम से जीएम के पद पर नहीं पहुंच पाते थे, हालांकि उनको रेलवे आपरेशनों का विस्तृत गहन ज्ञान होता था। नई व्यवस्था में ऐसे अधिकारियों को मौका मिलेगा। 2016 से लेविल 16 में शामिल होने, पर नियुक्ति न मिलने वाले तथा दो साल की सेवा बाकी रहने वाले लोगों को जूनियरों की नियुक्ति के बाद लेविल 16 का वेतन व पेंशन मिलेगी। इसका अर्थ है कि आयु के कारण पद पर न पहुंच पाने वालों को भी लाभ मिलेगा। ऐसे अधिकारी अब न केवल पैनल में शामिल होने योग्य होंगे, बल्कि उनको लेविल 16 का वेतन व पेंशन लाभ भी मिलेगा।

## आप की बात

### जागी उम्मीदें

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा है, 'आज शुरू किए जा रहे सभी कार्यक्रम बिजनेस सुगमता सूचकांक व जीवन सुगमता सूचकांक को मजबूत करने के उद्देश्य से हैं। इनसे भारत के परिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा। भारत गर्व से कह सकता है कि वह न केवल चौथी औद्योगिक क्रांति और उद्योग-4 का हिस्सा है, बल्कि वास्तव में वह उसका नेतृत्व कर रहा है।' उन्होंने यह बात सोमवार को डिजिटल इंडिया सप्ताह 2022 के अंतर्गत अनेक डिजिटल पोर्टल लांच करते हुए कही। भारत में न केवल सभी उद्योग-4 तकनीकों का प्रयोग हो रहा है, बल्कि उनको सरकार से प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उभरती अर्थव्यवस्था के बारे में चाहे जितनी बातें होती हों, या हम उसके बारे में चाहे जितना जोश दिखाते हों और स्वयं को उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में पेश करते हों, पर हमारी प्रति व्यक्ति आय 2,300 डालर से कम है और इस प्रकार हम बांग्लादेश से नीचे हैं। भारत एक गरीब देश है और उसे प्रति व्यक्ति आय के दृष्टिकोण से 142वीं सीढ़ी पर रखा गया है। इस तरह भारत को अभी काफी परिश्रम करना आवश्यक है और जिस प्रकार में वर्तमान सरकार में तेजी पकड़ी है उससे काफी उम्मीदें जग गई हैं।

– **निर्मल शांत**, प्रयागराज

### सभ्यता के दायरे में

**भारत** में हमेशा मुसलमानों को सहन करने पर जोर दिया गया है। लेकिन इस्लाम के मूलाधारों को देखते हुए ऐसा लगता है कि उनके लिए धर्म ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। यहां तक कि तार्किकता का प्रकाशस्तंभ समझी जाने वाली न्यायपालिका भी एक सीमा तक इस विचार से व्यथित है। यदि नूपुर ने ईसा मसीह द्वारा स्वर्ग से बरसने वाली मछलियों व रोटियों के बारे में कोई गंभीर संदेह व्यक्त किया होता तो क्या भारत में रहने वाले ईसाई चाकू लेकर सड़कों पर उतर आते। हत्या की धमकियां देने वाले तथा हत्यायें करने वाले ऐसा कर स्वयं को इस्लामी कानून के विचार से ठीक मानते हैं। यदि यह स्वीकार कर लिया जाए कि नूपुर ने गलती की, तो भी सवाल है कि कोई मौलाना या मुफ्ती उनको तथ्यों के बारे में सही जानकारियां देने के लिए सामने क्यों नहीं आया। क्या यह इस मुद्दे से निपटने का सर्वाधिक सभ्य रास्ता नहीं हो सकता है? केवल पाकिस्तान के सलाफी विचार के धर्मगुरु इंजीनियर मुहम्मद अली मिर्जा ने स्पष्ट रूप से कहा कि नूपुर ने जो कहा, वह संभवत: मुस्लिम पक्ष की ओर से टीवी चर्चा में बहस कर रहे एक व्यक्ति के उकसावे पर था। यही न्यायसंगत है।

– **शिवेंद्र सिंह**, कानपुर


### संतुलित रवैया

**भारत** का बहु-ध्रुवीयता पर पूरा विश्वास है, इसलिए वह चीन-नीत एससीओ, ब्रिक्स व आरआईसी से अलग क्वाड की रणनीतिक साझेदारी में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुध्रुवीय नीति के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। एशिया का सैन्यीकरण बढ़ने के साथ ही यहां टकराव की संभावनायें भी बढ़ जाएंगी। यह भारत के लिए एक अवसर प्रदान करता है कि वह वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों के बीच संतुलन बनाए तथा भारत की सुरक्षा व संप्रभुता के साथ कोई समझौता न करते हुए लोकतांत्रिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़े। इसके लिए जरूरी है कि भारत अपने बजट को ठीक करते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े तथा रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे। ऐसा न होने पर वह पश्चिम तथा रूस की हथियार व्यापार की भू-राजनीति में फंस सकता है। एक-दो साल तक कठोर निर्णय लेकर वित्तीय संसाधनों को रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विकास तथा साइबर व अंतरिक्ष क्षमतायें प्राप्त करने का प्रयास करना जरूरी है।

– **नीरज कुमार**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सोशल** मीडिया की जवाबदेही अब वैश्विक स्तर पर एक जायज़ सवाल बन चुका है।

– **अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय मंत्री



**जनता** सरकार से अपेक्षा करती है कि वह उचित ढंग से व दक्षतापूर्व कार्यों का संचालन करे।

– **ऋषि सुनाक**
ब्रिटिश चांसलर आफ एक्सचेकर



**गठबंधन** युग के चरम के दौरान राष्ट्रीय नेता शब्द की अभिव्यक्ति का काफी दुरुपयोग हुआ था।

– **एस जयशंकर**
विदेश मंत्री

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की मार्मिक अपील

# 'अंतिम पायदान पर खड़ी इस बेटी को चाहिए आपका साथ'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जनजातीय समाज में जन्म लेने वाली एक महिला आज आपके सामने समर्थन मांगने आई है। मैंने अभाव के बावजूद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उच्च शिक्षा प्राप्त की। कमजोर वंचित तबके और जनजातीय समाज के लिए अजीवन मैंने कार्य किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के समर्थन मुझे प्राप्त होगा। फिर भी यदि मुझे लेकर किसी के मन मे दुविधा है तो मैं कहना चाहूंगी की समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़ी इस बेटी के साथ आपका हाथ होता तो बहुत अच्छा होता। यह उत्तर प्रदेश की उत्कृष्ट परंपरा का निदर्शन है। मैं प्रदेश के हर सांसद, विधायक से सकारात्मक सहयोग का आह्वान करती हूं। लखनऊ दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी मुर्मू शुक्रवार को लोकभवन ऑडिटोरियम में भाजपा गठबंधन के सांसदों और विधायकों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि वेदों की जननी,




महात्मा बुद्ध को ज्ञान और महानिर्वाण प्रदान करने वाली, गंगा जमुना की पावन धारा से आह्लादित पवित्र उत्तर प्रदेश की भूमि को नमन। उत्तर प्रदेश की इंद्रधनुषी भूमि सांस्कृतिक विविधताओं से सुचित्रित है। यह शांति और अहिंसा का संदेश देने वाले बुद्ध की भूमि है। शिवनगरी काशी यहीं है। गीता का महान उपदेश देने वाले श्रीकृष्ण की मथुरा यहीं है। तो एक भारत श्रेष्ठ भारत का महान संदेश देने वाले श्रीराम के आशीष से अभिसिंचित अयोध्या भी यहीं है।

मुर्मू ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला यह राज्य सूर कबीर और तुलसी के विचारों से ओतप्रोत है। यह भूमि आंदनमयी ऊर्जा से परिपूर्ण है। शिक्षा, कृषि उद्योग हर दृष्टि से यहां समृद्धि है। देश की स्वतंत्रता आंदोलन में उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्वाधीनता आंदोलन का यह प्रमुख केंद्र रहा है। आजादी के अमृत वर्ष में आज चंद्रशेखर आजादए चित्तू पांडेय, बेगम हजरत महल, मंगल पांडेय, गणेश शंकर विद्यार्थी राम मनोहर लोहिया जैसे महान सपूतों की जीवंत स्मृतियां प्रवाहमान हो उठी हैं। इस प्रदेश ने देश को 8 प्रधानमंत्री दिए हैं। यह अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल की भूमि है। श्रद्धेय अटल ने यहीं पाञ्चजन्य का संपादन किया था। विश्व के लोकप्रिय नेता हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि यही उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे लोकप्रिय पर्यटन गंतव्य है। गंगा-जमुना के उद्गम से डेल्टा तक के स्वरूप में उत्तर प्रदेश आकर्षक है। मैं इस पुण्य भूमि को नमन करती हूं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। रामायण महाभारत की रचना यहीं हुई।

## स्वागत में सरकार ने पलक पांवडे बिछाये

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को लखनऊ पहुंचीं। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सहित सरकार के कई मंत्रियों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के लिए भाजपा के नेताओं के साथ आदिवासी समुदाय के लोग भी थे। भाजपा नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी समुदाय के लोगों ने नाचते-झूमते हुए उनका स्वागत किया। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने भी ढोल बजाकर खुशी जाहिर की। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद भी उनकी अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे। उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक वोट होने के कारण अब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का लखनऊ का दौरा लग रहा है। विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के गुरुवार को लखनऊ में विधायकों से भेंट के बाद अब शुक्रवार को राजग प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू लखनऊ पहुंचीं। दिन में लगभग चार बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अमौसी पर पहुंची द्रौपदी मुर्मू स्वागत सत्कार के बाद यहां से सीधे अति विशिष्ट गृह नैमिषारण्य पहुंची। यहां से आधे घंटे बाद वह शाम को लगभग छह बजे लोकभवन पहुंची।

इस दौरान वहां पर सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुप्रिया पटेल, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक और सहयोगी दल के नेता मौजूद रहे। मुर्मू ने लोकभवन में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। इसके बाद उन्होंने लोकभवन ऑडिटोरियम में भाजपा गठबंधन के सांसदों और विधायकों के साथ बैठक कर उनसे चुनाव के लिए समर्थन मांगा।

## चुनाव से पहले बिखरा दिखा विपक्षी कुनबा

● डिनर पार्टी में शामिल हुए शिवपाल और राजभर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ में एक बार फिर से सियासी हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के सम्मान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुए रात्रि भोज कार्यक्रम में विपक्षी पार्टियों ने भी राजग प्रत्याशी का समर्थन किया। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर, जनसत्ता दल प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैय्या, बसपा के उमा शंकर सिंह, सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने राजग प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट कर समर्थन देने की घोषणा की है। शुक्रवार को लोक भवन में एनडीए के नेताओं के साथ हुई बैठक के उपरान्त राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू मुख्यमंत्री आवास पहुंचीं, जहां पर मुर्मू के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया था। सीएम योगी के डिनर कार्यक्रम में सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया प्रमुख एवं सपा विधायक शिवपाल यादव भी पहुंचे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने पिछले एक दो दिनों में इस बात के भरपूर संकेत दिए थे कि सपा और सुभासपा का गठबंधन टूटने वाला है, एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के कैंडिडेट यशवंत सिन्हा को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने तगड़ा झटका दे दिया है। राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के सम्मान में आयोजित डिनर में ओम प्रकाश राजभर, शिवपाल यादव और राजा भइया के शामिल होने के बाद अब यह साफ हो गया है कि इन सभी की भाजपा से निकटता बढ़ी है, शिवपाल व ओपी राजभर बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में आ गए हैं।

# बालू, मौरंग और गिट्टी के दामों में अनावश्यक बढ़ोत्तरी रोकें

● मुख्यमंत्री ने दिये उपखनिजों की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बालू, मौरंग, गिट्टी जैसे उपखनिजों का आम आदमी से सीधा जुड़ाव है। इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो। विभिन्न विकास परियोजनाएं भी इससे प्रभावित होती हैं। ऐसे में उपखनिजों का अभाव दिखाकर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को खनन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतत प्रयासों से प्रदेश में खनन संबंधी कार्यों में पारदर्शिता आई है। आमजन हो या पट्टाधारक अथवा ट्रांसपोर्टर, सभी की सुविधा का ध्यान रखते हुए अनेक अभिनव प्रयास किए गए हैं। खनन कार्य से जुड़े सभी हितधारकों के लिए पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित हो। यह सुनिश्चित करें कि खनिजों-उप खनिजों के मूल्य नियंत्रण में रहें। लगातार प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2022-23 में गत वर्ष की तुलना में माह जून तक 168 करोड़ अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। यह प्रगति संतोषजनक है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए खनन कार्यों से 4ए860 करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तदनुरूप आवश्यक प्रयास किए जाएं। इंटीग्रेटेड माइनिंग सर्विलांस के माध्यम से खनन क्षेत्रों की जियो फेंसिंग, खनिज परिवहन करने वालों वाहनों पर माइन टैग, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस आधारित चेक गेट की व्यवस्था खनन कार्यों को और पारदर्शी बनाने वाली है। बेहतर खनिज प्रबन्धन के माध्यम से राजस्व संग्रह में वृद्धि हुई है। यह प्रयास आगे भी जारी रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि फ ॉस्फ ेराइट, पोटाश, स्वर्ण धातु अयस्क, प्लेटिनम समूह के अयस्क, लौह अयस्क, एंडालूसाइट और सिलिमाइट जैसे उर्वरक खनिज, बहुमूल्य धातुओं, लौह धातु और रिफ्रैक्ट्री खनिजों के सम्बंध में निविदा की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए। नदी तल स्थित बालू-मौरंग आदि के खनन क्षेत्रों की सस्टेनिबिलिटी के लिए तकनीकी संस्थाओं से री-प्लेनिशमेन्ट स्टडी कराई जाए। इस कार्य के लिए भारत सरकार के उपक्रम ब्डच्क्प्स् जैसी प्रतिष्ठित संस्था का सहयोग लें। स्टडी रिपोर्ट के आधार पर ही भावी कार्ययोजना तैयार की जाए।

उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रारंभ 'माइन मित्र' पोर्टल पर पट्टाधारकों एवं ट्रांसपोर्टरों को भी लॉगिंग आईडी देकर खनिज व्यवस्था में स्टेक होल्डर बनाया जा रहा है। इससे न केवल सभी को सुविधा होगी वरन व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ेगी। माइन मित्र पोर्टल पर खनन विभाग की विभिन्न सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हैं। किसी को अपनी निजी भूमि से मिट्टी निकालनी होए खरीदी गई मिट्टी का परिवहन करना होए खनिज कार्यों के लिए लीज, परमिट, रजिस्ट्रेशन आदि को इस प्लेटफार्म से जोड़ा जाना लोगों को काफी सहूलियत देने वाला सिद्ध हो रहा है। बालू- मौरंग के खनन पट्टों में ऑनलाइन अग्रिम मासिक किश्त के स्थान पर 'पे एज यू गो' व्यवस्था लागू करते हुए महीने के अंत तक पूरी किश्त जमा करने का समय दिया जाना चाहिए। इससे पट्टाधारकों को सहूलियत होगी। खनन कार्यों के संबंध में अंतरराज्यीय परिवहन के लिए विनियमन शुल्क के दर में वृद्धि पर विचार किया जाना चाहिए।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन की शिष्टाचार मुलाकात

# गलत आर्थिक नीतियों से देश-प्रदेश संकट में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों ने प्रदेश और देश में संकट पैदा किया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने लोगो को तबाह कर दिया है। गरीब, किसान, नौजवान आत्महत्या करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार ने जनता को अपने पांच साल का हिसाब नहीं दियाए अब सौ दिन का ढिंढोरा पीट रही है। अखिलेश ने कहा कि पिछले दिनों भ्रष्टाचार के चलते झांसी में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया थाए अब कर्ज के बोझ से दबे ललितपुर के किसान ने जहर खाकर जान दे दी। इसी तरह आगरा में महंगाईए बेरोजगारी से त्रस्त एक परिवार के तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश में लगातार इस तरह की घटनाएं बढ़ रही



है। भाजपा सरकार का डबल इंजन लोगों को रौंद रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों और युवाओं को नौकरीए रोजगार देने के झूठे दावे कर रही है। सरकार के सारे दावे झूठेए कागजी और जनता को गुमराह करने वाले हैं। भाजपा ने पिछले पांच साल में समाज में नफ्रत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया। प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्थाए कुशासन और भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए सौ दिन की उपलब्धियों का झूठा प्रचार शुरू किया है। जबकि इस सरकार ने सौ दिन में किसानों, नौजवानों, छात्रों, महिलाओं से किया कोई वादा पूरा नहीं किया।

# विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता समाप्त करना गैर कानूनी: लाल बिहारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद में सपा के नेता लाल बिहारी यादव ने शुक्रवार को सभापति के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, विधान परिषद के सभापति द्वारा नेता प्रतिपक्ष की मान्यता समाप्त करना गैर कानूनी, नियमों के विपरीत और असंवैधानिक है। यहां जारी एक बयान में यादव ने नियमों का हवाला देते हुए सभापति के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में संपूर्ण विपक्ष का नेता होता है।

समाजवादी पार्टी बड़ी पार्टी है लेकिन नियमों का गलत हवाला देकर नेता प्रतिपक्ष की मान्यता समाप्त करना लोकतंत्र को कमजोर एवं कलंकित करने वाला कदम है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानपरिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल सात जुलाई को समाप्त होने के बाद समाजवादी पार्टी के सदस्यों की संख्या राज्य विधायिका के उच्च सदन में घटकर 10 के नीचे आ गई है। इसकी वजह से पार्टी को सदन में नेता प्रतिपक्ष का पद गंवाना पड़ा है। इसलिए विधान परिषद के सभापति ने मुख्य विरोधी दल सपा के लाल बिहारी यादव को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मिली मान्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। हालांकि, उनकी सदन में सपा के नेता के तौर पर मान्यता बरकरार रहेगी।

शुक्रवार को विधान परिषद में सपा के नेता लाल बिहारी यादव ने एक पत्र जारी कर विधान परिषद के सभापति पर सीधा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सदन में विपक्ष की आवाज को दबाने और कमजोर करने की साजिश है। सभापति का यह फैसला लोकतंत्र की हत्या और नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाला प्रतीत होता है। इस बारे में विधान परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता संजय लाठर ने कहा, सदन में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाता है, चूंकि समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी हैंअ इसलिए उसे नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले पर अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। लाठर ने कहा कि सदन में विपक्ष का नेता नियुक्त करने के लिए सीटों के न्यूनतम प्रतिशत की जरूरत नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। प्रदेश की 100 सदस्ईय विधान परिषद में मौजूदा समय में भाजपा के 72 सदस्य हैं। इसके अलावा मुख्य विपक्षी सपा के नौ सदस्य हैं।

# गोवंश सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताः धर्मपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पशुधन एवं दुग्ध विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, राजनैतिक पेंशन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग ने राज्य सरकार के 100 दिन के एजेन्डे के तहत निर्धारित लक्ष्यों एवं कार्यों को सफलता पूर्वक पूरा किया है। धर्मपाल ने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन दुग्ध विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण हेतु 125 समितियों का गठन तथा 150 समितियों का पुनर्गठन किया गया है। ई-कामर्स पोर्टल से 5000 के लक्ष्य के सापेक्ष 14310 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूह एवं पराग मित्रों को जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध सहकारिता के माध्यम से उनके दूध का उचित मूल्य उपलब्ध कराने के साथ-साथ शहरी उपभोक्ताओं को स्वच्छ, शुद्ध तथा विसंक्रमित दूध उपलब्ध कराया जा रहा है।

पशुधन मंत्री ने कहा कि गोवंश सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। 01 करोड़ टीकाकरण के सापेक्ष 1०31 करोड़ की प्रगति प्राप्त की गयी है। 20 लाख पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष 2013443 की प्रगति प्राप्त की गयी है। 110000 वर्गीकृत वीर्य ;सक्सेड सीमेनद्ध स्ट्रा उत्पादन के सापेक्ष 110324 की प्रगति प्राप्त की गयी है। 50,000 निराश्रित गोवंश आश्रय प्रदान करने के सापेक्ष 50,000 गोवंश को संरक्षित किया गया है। 20 निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य को पूर्ण कराना के सापेक्ष 20 केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उपलब्धियों के बारे में धर्मपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत 12 नवीन पेयजल परियोजनाओं का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराते हुए जनोपयोगी बनाया गया है। इस कार्य में 32.87 करोड़ की कुल परियोजना लागत आयी। उन्होंने कहा कि मदरसों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत ई लर्निंग ऐप विकसित किया गया है। धर्मपाल सिंह ने बताया कि केन्द्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान होमगार्ड्स के 807 स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा विधाओं में प्रशिक्षित किया गया। 703 सामान्य नागरिकों को आपदा प्रबन्धन पाठयक्रम में प्रशिक्षित किया गया। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव हिमांशु कुमारए दुग्ध आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक कुणाल सिल्कू, पशुधन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक सी. इन्दुमती तथा पशुपालन निदेशालय के निदेशक डा. इन्द्रमणि उपस्थित थे।

## अवनीश अवस्थी को मिला ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ।** वरिष्ठ आईएएस और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी को वर्तमान पद के साथ ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। अभी तक यह प्रभार प्रमुख सचिव एम.देवराज संभाल रहे थे। एम देवराज पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन के पद पर बने रहेंगे। वर्तमान में अवस्थी के पास गृह विभाग के साथ ही कारागार विभाग की भी जिम्मेदारी है।

## गांधी परिवार की सुरक्षा बहाल होः प्रमोद

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। तिवारी ने कहा है कि शिंजो आबे के निधन से हमने अपना एक सच्चा मित्र और हितैषी खो दिया है। यह खतरे की घण्टी है कि जब लोग पदों पर रहते हैं तो उन्हें सुरक्षा दी जाती है और जब वे पदों से हट जाते हैं तो उनकी सुरक्षा में काफी कटौती कर दी जाती है। शिंजो आबे की हत्या होना आज उसी का दुष्परिणाम है।

# तीन करोड़ से अधिक घरों में फहरेगा तिरंगा

## हर व्यक्ति आज़ादी के अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता सप्ताह पर्व से जुड़ेः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में 11 से 17 अगस्त 2022 तक चलने वाले स्वतंत्रता सप्ताह पर्व के तहत हर घर झण्डा अभियान के तैयारियों के सबंध में बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि देश की आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार ने 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाने का आदेश जारी किया है। हमारी कोशिश हो कि जश्न के इस अवसर पर प्रत्येक यूपीवासी के घरों पर तिरंगा लहराता हुआ दिखे।



उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक घरों समेत सभी स्कूलों, सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फ हरे। गांव से लेकर शहर तक सभी प्रदेशवासियों में एक उत्साह, उमंग से भरा देशभक्ति का माहौल हो। इसके लिए बड़े पैमाने पर जनजागरण अभियान चलाकर इसे जनआंदोलन का रूप देना है। ताकि देश की युवा पीढ़ी आज़ादी के महापर्व से जुड़कर देश की स्वाधीनता और रक्षा के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों की गौरव गाथा से जुड़ आज़ादी के महत्व को समझें और राष्ट्र के निर्माण में बढ़चढ़ कर अधिक से अधिक योगदान देने के लिए प्रेरित हो सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि सोशल मीडिया, न्यू मीडिया, रेडियो के माध्यम से इस अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिले स्तर पर झंडे के साथ सेल्फी प्रतियोगिता आयोजित हो। ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरों में झण्डा फहराकर सेल्फी पोस्ट करें। बेस्ट सेल्फी को पुरस्कृत किया जाए। इस तरह हमारी कोशिश हो कि पूरा प्रदेश देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दे। हर एक व्यक्ति आज़ादी के अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता सप्ताह पर्व से जुड़े। जनजागरण, झंडे की उपलब्धता, झण्डा वितरण और झण्डारोहण की सुचारु व्यवस्था के साथ आयोजन को सफ लता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी सरकारी, गैरसरकारी संस्थाओं, धार्मिक, सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए। बैठक में सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन किमी दायरे से दूर नहीं होंगे परिषदीय स्कूल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को अब अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। सरकार ने एक से तीन किमी की परिधि में विद्यालय की सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा प्राथमिक शिक्षा से वंचित न रह जाए। इन विद्यालयों में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चलाये जा रहे कायाकल्प अभियान के तहत एक लाख तीस हजार से अधिक विद्यालयों का कायाकल्प किया जा चुका है। इसी का परिणाम है इन परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराने वाले बच्चों की संख्या एक करोड़ 90 लाख तक पहुंच गयी है।

शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही योगी सरकार ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार किया है । परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब परिवारों के बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया करायी जा रहीं हैं। इसका लाभ हर बच्चे को मिले इसके लिए योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में कक्षा एक से आठ तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल, बैग व जूता मोजा खरीदने की धनराशि सरकार अब बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों के खाते में सीधे भेज रही है। इससे अब तक एक करोड़ 57 लाख बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। पिछले पांच साल में परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प पर सरकार का खासा जोर रहा है। इसके लिए चलाये गये कायाकल्प अभियान के तहत 1.30 लाख विद्यालयों में 19 मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गयीं हैं। कुछ औद्योगिक घरानों ने अपने तईं कुछ विद्यालयों को गोद लेकर इनके कायाकल्प का बीड़ा उठाया। इसी का नतीजा है, कई परिषदीय विद्यालय कान्वेंट स्कूलों को टक्कर देने की स्थिति में आ चुके हैं। कभी नकल के लिए बदनाम रही यूपी बोर्ड परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सरकार ने पारदर्शी व्यवस्था की है। इसके लिए केंद्रों का आनलाइन निर्धारण, आनलाइन पंजीकरण, आनलाइन मान्यता व आनलाइन डुप्लीकेट अंकपत्र की व्यवस्था की गई। नकलविहीन परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड के हर केन्द्र पर सीसीटीवी की निगरानी में करायी जा रही है। नकल माफिया पर पूरी तरह नकेल कसे गये। इसी का नतीजा है परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता कायम हुई है। नकल माफिया खत्म हो गये। उच्च शिक्षा क्षेत्र में सरकार ने खासा जोर दिया है। प्रदेश में तीन राज्य विश्वविद्यालयों का निर्माण तेजी से हो रहा है। इनमें सहारनपुर में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय और अलीगढ़ में बन रहा राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय शामिल है। इसके अतिरिक्त 75 नये राजकीय महाविद्यालय भी निर्माणाधीन हैं। सरकार ने महापुरुषों और ऐतिहासिक घटनाओं पर शोध के लिए शोध पीठों की स्थापना की गई है। इसके तहत 15 राज्य विश्वविद्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, लखनऊ विश्वविद्यालय में भाऊराव देवरस, अटल सुशासन पीठ व महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार पीठ की स्थापना की गई है।

फायर बिग्रेड पहुंचने के बाद आग पर पाया काबू...

# मिश्रिख में धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, लगी भीड़

● परसौली चौराहे पर रखे ट्रांसफार्मर में एकाएक लगी आग, एक महीने में चौथा फुंका, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता। सीतापुर



**मिश्रिख के** परसौली चौराहे पर उस समय हडकंप मच गया जब तेज गर्मी में अचानक एक ट्रांसफार्मर धूं-धूंकर जलने लगा और वहां पर लोगो की भीड़ उमड़ आयी। फिर क्या था देखते ही देखते ट्रांसफार्मर पूरी तरह से आग गोला बन गया और लोग फायर बिर्ग्रेड का इंतजार करते रहे, वहां पर मौजूद लोगो का कहना है कि आग लगने के एक घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम पहुंची जो आग पर काबू कर पायी। आपको बता दें कि मिश्रिख के परसौली चौराहे पर रखा ट्रांसफार्मर एक महीने में चौथी बार जला है जिससे आए दिन उपभोक्ता परेशान होते है लेकिन इस ओर बिजली विभाग के अधिकारी जरा सा भी ध्यान नहीं देते है, जबकि वहां के नागरिकों ने कई बार इसकी शिकायत भी बिजली विभाग के अधिकारियों से की है फिर भी अधिकारी अंजान बने हुए है।

# संचारी रोगों से बचाव को लेकर हुई कार्यशाला

● संकुल शिक्षकों तथा एआरपी को संचारी रोगों के रोकथाम की दी जानकारी

संवाददाता। सीतापुर

**संक्रामक रोगों** से बचाव के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन' बीआरसी खैराबाद पर स्वास्थ्य विभाग के संचारी रोग से बचाव के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला में संकुल शिक्षकों तथा एआरपी को संचारी रोगों के रोकथाम के संबंध मे शासन के प्रयासों की जानकारी दी गयी स्वास्थ्य विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ आर एस यादव द्वारा संचारी रोग से बचाव के उपाय, संचारी रोग की प्रकृति एवं संक्रामक रोगों के फैलाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई डॉक्टर साहब द्वारा बताया गया की 16 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दस्तक अभियान प्रारंभ किया जा रहा है सभी संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों ,बच्चों को संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं तथा दस्तक अभियान में घर-घर संपर्क करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें खंड शिक्षा अधिकारी खैराबाद श्रीमती आराधना अवस्थी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है जब बच्चे स्वस्थ होंगे तभी वह नियमित विद्यालय उपस्थित हो पाएंगे और तभी हम अपने विद्यालय में निपुण भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे सभी संकुल शिक्षक अपने संकुल के शिक्षकों तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण योजना के बारे में जानकारी दें तथा पूर्ण सहयोग करें कार्यशाला में ए आर पी अनुपम दीक्षित ,आरती श्रीवास्तव, अरविंद वर्मा, विवेक कुमार ,राकेश कुमार तथा सभी 10 संकुल के संकुल शिक्षक उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रमियाबेहड़ में आशा बहुओं को दी गयी ई-कवच ट्रेनिंग

**रमियाबेहड़-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहडं में आशा बहुओं को ई कवच ट्रेनिंग का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आशा कार्यकर्ताओं को डिजिटल कार्य करने के लिए स्मार्टफोन वितरण कर ई कवच ऐप चलाना सिखाया गया। बैठक में बीसीपीएल अनिल कुमार ने बताया कि अब आशा कार्यकर्ता को अपने मोबाइल फोन में की कवच ऐप डाउनलोड कर पेपरलेश काम कर सकेंगे। इसी ऐप के माध्यम से सर्वे और जरूरी काम किया जा सकेगा। गर्भवती महिलाओं का डाटा अब ऐप में फीड होगा। सीएचओ रितिका सिंह ने बताया कि इस ऐप में गर्भवती के पर्चे का पंजीकरण नंबर और नाम फीड होगा। बताया कि जब एएनएम गांव का दौरा करेंगी। गर्भवती के घर पर जाएंगे तो उन्हें संबंधित गर्भवती का पंजीकरण नंबर डालना होगा। इसके बाद गर्भवती का पूरा ब्यौरा सामने आ जाएगा। इससे एएनएम को सहूलियत होगी और उनकी उपस्थिति भी दर्ज हो जाएगी। इससे कर्मचारी लापरवाही नहीं कर पाएंगे।

प्यार, मोहब्बत से मनाया जाएगा ईद उल अजहा का त्योहार...

# सीतापुर में बकरीद की नमाज का समय हुआ मुकर्रर....

● प्रातः 7.30 बजे ईदगाह पर अदा की जाएगी बकरीद की नमाज, 10 जुलाई को मनाया जाएगा ईद उल अजहा का त्योहार

**सीतापुर।** ईद उल अजहा का त्योहार 10 जुलाई रविवार को प्यार, मोहब्बत, अकीदत और एहतराम से मनाया जाएगा। सबसे पहले ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी, नमाज के बाद कुर्बानी षुरू कर दी जाएगी। पेषइमाम मौलाना शौकत कासमी ने बताया कि प्रातः 7.30 बजे ईदगाह और इसके बाद अब्दुल्ला अम्मार मस्जिद तरीनपुर में प्रातः 8 बजे नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी के सदस्य मसूद आलम अंसारी ने बताया कि सीतापुर शहर की अलग-अलग मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी। किस मस्जिद में कितने बजे नमाज अदा की जानी है, इसका समय भी तय कर दिया गया है। उन्होंने बताया प्रातः 5.45 बजे मुराद अली मस्जिद में, इसके बाद प्रातः 6.30 बजे कजियारे वाली हकीम जी की मस्जिद में, इसी समय यानी 6.30 बजे हमजा मस्जिद और जामा मस्जिद आलमनगर में नमाज अदा की जाएगी। सिटी स्टेषन निकट जामा अरबिया मस्जिद 6.45 बजे और 6.45 पर मदीना मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा फत्तन सरांय मस्जिद में प्रातः 7 बजे, मोहल्ला कोट की मरकज मस्जिद में प्रातः 7 बजे और गोसिया मस्जिद में 7 बजे नमाज अदा की जाएगी।

## दीवान ने कहा कि 20 हजार दो, नहीं तो कर दूंगा एनकाउंटर!

● शाहमहोली चौकी पर तीन लड़कों को कपड़े उतारकर पीटने का आरोप, एक बाइक पर तीन लोग जा रहे थे अपने घर, पुलिस ने पकड़ा, पीड़ित अरुण शर्मा ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**सीतापुर।** सीतापुर के शाहमहोली चौकी पर तैनात दीवान राहुल कुमार व सिपाही अनिल कोहली पर पीड़ित अरूण कुमार ने अपने बेटों को मारने-पीटने का आरोप लगाते हुए एक प्रार्थना पत्र एसपी को सौंपा है व शिकायत आईजीआरएस पर भी की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीडित ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि 4 जुलाई को रात 10 बजे उसके बेटे डीनू शर्मा, शिवम, दीपक एक बाइक से टेड़वा से अपने घर कल्लापुर जा रहे थे तभी धन्नाग चौराहे पर दीवान राहुल व सिपाही अनिल कोहली तथा एक अन्य सिपाही ने उन्हें पकड़ लिया और मारा पीटा, मोटर साइकिल को शाहमहोली चौकी ले आया। चौकी पर डीनू शर्मा व उनके दोनों भाईयों को कपड़े उतारकर खूब मारा। उसके बाद दीवान राहुल ने डीनू से कहा कि घर से 20 हजार रूपये दिलाओ वरना फर्जी मुकदमें में लिखकर एनकांउटर कर दूंगा। जिसके बाद पीडित के पिता अरूण कुमार शर्मा ने रात ढाई बजे आवास पर जाकर रूपये देने की बात प्रार्थना प.त्र में कही है।

# हास्पिटल के बाहर खड़ी की गाड़ी, गायब

● घटना के दौरान सीसीटीवी कैमरे थे बंद

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**थाना क्षेत्र** से सिधौली के मनीष हॉस्पिटल उपचार कराने आए युवक की हॉस्पिटल बाइक हुई चोरी वारदात के वक्त क्यों बंद हुए सीसीटीवी कैमरे शंका का विषय बने हैं। जानकारी के अनुसार सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र के अनोगी गांव निवासी सुनील कुमार अपने गाँव से सिधौली स्थित मनीष हॉस्पिटल मे दवाई लेने के लिए आया था जैसे ही युवक हॉस्पिटल में प्रवेश किया कुछ देर बाद वापस आने पर युवक की बाइक नजर नहीं आई घबराए युवक द्वारा आसपास छानबीन की गई किंतु कुछ पता नहीं चल सका तत्पश्चात युवक की नजर हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी युवक ने सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए हॉस्पिटल प्रशासन से आग्रह किया तत्पश्चात उसे जानकारी हुई की हॉस्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में सुबह शाम की फुटेज नजर आ रही थी किंतु घटना के वक्त कैमरे बंद नजर आए जानकारी मांगने पर बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे खराब हो गए हैं युवक ने संदेह जाहिर करते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन को उक्त घटना की लिखित जानकारी देते हुए जांच करने का आग्रह किया है तहरीर में बताया गया है कि आखिर क्यों हॉस्पिटल के कैमरों में सिर्फ घटना के वक्त के ही वीडियो नजर नहीं आए जबकि सुबह और शाम दोनों समय के वीडियो नजर आ रहे थे वही तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने छानबीन जारी कर दी है संदिग्ध व्यक्तियों एवं हॉस्पिटल प्रशासन से जांच पड़ताल की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को पुलिस महानिरीक्षक ने की समीक्षा गोष्ठी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**श्रावण मास** में कांवड़ यात्रा को संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में तहसील गोला सभागार में समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के साथ-साथ अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपजिला मजिस्ट्रेट गोला, क्षेत्राधिकारी गोला, क्षेत्राधिकारी सदरध्यातायात, अधिशाषी अभियंता. विद्युत वितरण खंड गोला, अधिशाषी अभियंता. लोक निर्माण विभाग, एआरटीओ खीरी, अग्निशमन अधिकारी, गोलाध्लखीमपुर, नगरपालिका अध्यक्ष गोला, अधिशाषी अधिकारी.नगर पालिका गोला, एलआईयू निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक थाना गोला, प्रभारी यातायात खीरी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए। गोष्ठी के दौरान श्रावण मास में अत्यधिक संख्या में शिव मंदिर गोला गोकर्णनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गोष्ठी के दौरान द्वारा मंदिर परिसर व आवागमन के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करनेए यातायात मार्ग पर बैरिकेडिंग करानेए कांवरियों के आने-जाने मार्ग पर वन-वे-प्लान लागू करनेए कांवड़ यात्रा एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु स्थान चिन्हित करके डायवर्जन प्लान लागू करने तथा भारी वाहनों को प्रतिबंधित रखने हेतु निर्देश दिए गए। रोडवेज बसों को कस्बे के अंदर प्रवेश न कराकर कस्बे से बाहर बनाए जा रहे अस्थायी बस अड्डे से संचालित कराने हेतु निर्देशित किया गया। श्रावण के प्रत्येक सोमवार को सभी स्थानीय विद्यालय बंद रहेगें। संपूर्ण क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाकर उसकी निगरानी की जाए। साथ ही मंदिर परिसर में एकीकृत कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाए जिसमें सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहेंगे। श्रावण मेला के पूर्व ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए तथा सभी विभागों को उनसे संबंधित तैयारियां 03 दिवस के अन्दर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस व क्राइम ब्रांच ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

● लगभग आठ लाख रुपये के आभूषण बरामद

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**थाना हैदराबाद** पुलिस व क्राइम बान्च की संयुक्त टीम द्वारा 07/08 जुलाई की रात्रि थाना हैदराबाद क्षेत्रान्तर्गत आँवला जंगल मोहम्मदी मार्ग पर पुलिस टीम से बदमाशो से हुई मुठभेड़ में मौके पर थाना हैदराबाद, थाना भीरा व थाना फरधान क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों वहारे आलम पुत्र जमीलए प्रियांशु पुत्र सुरेन्द्र सिंह व रामपाल पुत्र गंगाराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमन्चा 315 बोरए एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व चोरी की घटनाओं में चोरी किया गया पीली व सफेद धातु (कीमत लगभग 8 लाख रुपये) का सामान एवं 18,450 रूपये नकदी बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना हैदराबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अभियुक्तों का चालान चालान न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान वहारे आलम पुत्र जमील निवासी ग्राम हैदराबाद थाना हैदराबाद, प्रियांशु पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ममरी थाना हैदराबाद व रामपाल पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम कुरईया एजेन्ट थाना हैदराबाद के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध शशिशेखर यादव, थाना हैदराबाद, उप निरीक्षक शिवकुमार प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक जेपी यादव प्रभारी स्वाट टीम, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, उप निरीक्षक अवलीश कुमार, हेड कांस्टेबल रामचन्द्र शर्मा, हेड कांस्टेबल अरूण रावत, कांस्टेबल ललित दयाल, कांस्टेबल नेपाल सिंह, कांस्टेबल सुबोध कुमार थाना हैदराबाद शामिल रहे।

## फेसबुक के माध्यम से धार्मिक उन्माद फैलाने वाला गिरफ्तार

**ढखेरवा-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जयराम व गिरफ्तारी वांछित वारंटी के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन व मुझ प्रभारी निरीक्षक धर्म प्रकाश शुक्ल के निर्देशन में निरीक्षक अपराध राजू राव के विवेचनीय मुकदमें में वांछित अभियुक्त मोण् कलीम पुत्र हाजी अलीम निवासी ग्राम अभयपुर थाना धौरहरा जिला खीरी को लम्बईया पुलए अभयपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मो. कलीम द्वारा अपने फेसबुक एकाउंट से भाजपा पार्टी की प्रवक्ता नुपुर शर्मा की फोटो व अन्य धार्मिक पोस्ट वायरल की गई थी। अभियुक्त को थाने पर लाकर विधिक कार्यवाही करने के पश्चात नियमानुसार पेशी हेतु न्यायालय के समक्ष रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध राजू राव, उप निरीक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र शुक्ला व कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### भूपेन्द्र सिंह बने अम्बेडकर नगर के संगठन मंत्री

**अटरिया सीतापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 74 वां प्रांत अभ्यास वर्ग में भूपेंद्र सिंह बने अम्बेडकर नगर जिला संगठन मंत्री तो संदीप लोधी बिसवां जिला सह-संयोजक बने। एबीवीपी अवध प्रांत के हरदोई जिले में आयोजित चार दिवसीय 74 वें प्रांत अभ्यास वर्ग में अटरिया क्षेत्र के हिम्मतनगर निवासी भूपेंद्र सिंह को अम्बेडकरनगर का जिला संगठन मंत्री बनाया वहीं गंधौली निवासी संदीप लोधी को बिसवां जिले का जिला सह संयोजक बनाया गया दोनों नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन ने हम पर विश्वास जताया है संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। अटरिया प्रथम आगमन पर दोनों पदाधिकारियों का अटरिया व सिंधौली इकाई के कार्यकर्ताओ ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया वहीं स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई दी ।उधर बेहमा चौकी इकाई के अमन अवस्थी को संगठनात्मक बिसवां जिले का जिला संयोजक बनाया गाया ।इनके मनोनयन पर आशीष कश्यप कुंवर दिनकर प्रताप सिंह रितेश सिंह वैभव सिह वायुनायक कश्यप तेज् प्रताप सिंह उत्तम कश्यप अंकित गिरी राघवेंद्र सिंह प्रबल सिंह मयंक सिंह चौहान अनुराग बाजपेई प्राशू सिंह आषुतोष पांडेय प्रदुम्न लोधी लवी वर्मा अभिषेक शुक्ला प्रिंस मौर्य अभिषेक सिंह निखिल सिंह पुनीत विश्वकर्मा गोबिंद राज इलाकाई सहित अन्य कई जिलों के लोगों ने बधाई एवं हर्ष जताया।

### बकरीद एवं कांवड यात्रा को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**लहरपुर सीतापुर।** आगामी त्योहारों बकरीद एवं कांवड़ यात्रा में कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी परम आनंद का ढंग से पूर्व में जिस तरीके से आयोजन होते रहे है उसी तरह संपन्न होंगे सभी त्यौहार आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देते हैं यह उद्गार जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर तहसील परिसर में स्थित मीटिंग हाल में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने व्यक्त किए। इस अवसर पर उपस्थित संभ्रांत लोगों ने नगर की विभिन्न समस्याओं को रखा जिस पर उपजिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुपम मिश्र ने कहा यह तहसील क्षेत्र आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है उन्होंने कहा कि जब कांवर यात्रा आती है तो मुस्लिम समाज के लोग कांवरियों का भव्य स्वागत करते हैं और ईद और बकरीद का जब त्यौहार होता है तो हिंदू समाज के लोग मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। उन्होंने आए हुए संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की बकरी ईद त्यौहार को लेकर या कांवड़ यात्रा को लेकरकोई समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती नजर आती है तो उसकी सूचना सभी संभ्रांत लोगों की जिम्मेदारी बनती है। तुरंत स्थानीय अधिकारियों को दें। इसके साथ ही नगर में व्यापक रूप से सुरक्षा व्यवस्था तथा स्वास्थ्य संबंधित सेवाओ को भी बेहतर तरीके से पेश करने की बात कहीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप शुक्ला, भाजपा नेता वीरेंद्र पुरी, हाजी जावेद अहमद, परसेंडी ब्लॉक प्रमुख बबलू सिंह, प्रमुख समाज सेवी रईस अंसारी, विश्व हिंदू परिषद के नेता मुकंदे लाल त्रिवेदी, नगर पालिका सभासद राजू तिवारी, सोहेल खान, पत्रकार पंकज शुक्ला, अरुण सिंह आचार्य, आशीष शुक्ला, संजय वर्मा, मनीष शुक्ला ,चौकी प्रभारी जयप्रकाश यादव सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किया गया पुरस्कृत

**गोला गोकर्णनाथ।** ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर के ब्लाक सभागार में आशाए आंगनबाडीए पंचायत सहायक और समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पुरस्कृत किया गया। उजाला वेलफेयर सोसाइटी के जिला समन्वयक वैभव वर्मा ने बताया कि जल है तो कल है। उन्होंने कहा कि प्रदूषित जल पीने से तमाम प्रकार की बीमारियां शरीर में पनपती है। इसलिए स्वच्छ जल का ही सेवन करें। प्रशिक्षक अनिकेत मिश्र उर्फधीरज ने राजस्व ग्राम से आई आशा, आंगनबाड़ी, पंचायत सहायक, समूह की 200 महिलाओं को विकास खंड स्तरीय एफ्टीके माध्यम से ब्लाक सभागार में जल, गुणवत्ता की जांच करने का तरीका बताया। स्वच्छ जल के सेवन से बीमारियों से बचा जा सकता हैं। उन्होंने ब्लाक सभागार में जल की क्लोराइड, हार्डनेस, आयरनए नायट्रेट, फ्लोराइड, शेष क्लोरीन, पीएच, टर्बिडीटी, अल्कलिनीटी, आरसेनिक जांच करने का महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के लिए आई महिलाओं को बैग, डायरी, पेन का वितरण किया। संचालन अशोक कुमार ने किया। ब्लाक सभागार में प्रतिमा, विदुषी, राहुल चौरसिया, विमला, हर्षित तिवारी, संजय कुमार, नेहा आदि मौजूद रहे।

### चार शातिर गैंगस्टरों की लगभग 11 लाख की संपत्ति जब्त

**लखीमपुर खीरी।** खीरी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। क्षेत्राधिकारी निघासन के नेतृत्व में थाना तिकुनिया एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण सुरजीत सिंह उर्फ ठण्डू पुत्र लक्खासिंह की चलध्अचल सम्पत्ति मकान/ट्रैक्टर ध्मोटरसाईकिल कीमत 8 लाख 10 हजार रुपयेए सतनाम सिंह पुत्र रतन सिंह की चल सम्पत्ति एक मोटरसाइकिल कीमत 60 हजार रुपये एवं मुअसं 270/30 धारा 2(ख)(1)/3 यूपी गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण मगंत सिह पुत्र हजारा सिंहकी चल अचल सम्पत्ति जमीनध्मोटरसाईकिल कीमत 110,000 व नेक सिंह पुत्र अरुण सिंहकी चल सम्पत्ति. 02 अदद मोटरसाईकिल सहित कुल 11 लाख रुपये की चलध्अचल सम्पत्ति जब्त की गयी। कुर्क करने वाली टीम में नायब तहसीलदार अरुण सोनकर तहसील निघासनए प्रभारी निरीक्षक बालेन्दु गौतम, उप निरीक्षक लाल बहादुर मिश्र, हेड कांस्टेबल सुभाष निषाद, कांस्टेबल खिलेन्द्र कुमार, कांस्टेबल राजकुमार, महिला कांस्टेबल दीक्षा दिवाकर व महिला कांस्टेबल गीता यादव शामिल रहे।

# पेज एक का शेष

## अमरनाथ गुफा...

बचे लोगों की तलाश के लिए लगाया गया है। घायलों को नजदीकी आधार शिविरों में ले जाने के लिए एएलएच हेलीकॉप्टरों की सेवाएं ली जा रही हैं। बचाव दल ने यात्रा मार्ग में फंसे तीर्थयात्रियों के लिए बड़े पैमाने पर राहत अभियान भी शुरू कर दिया है। तीर्थयात्रियों की देखभाल के लिए और खराब मौसम को देखते हुए नजदीकी आधार शिविरों तक पहुंचने में मदद के लिए कई टीमों को तैनात किया गया है। गुफा तीर्थ क्षेत्र में पिछले साल 29 जुलाई को बादल फटने की ऐसी ही घटना हुई थी। उस समय वहां तीर्थयात्रियों की भीड़ नहीं थी, इस कारण कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

## जापान के...

मुताबिक घटना के बाद प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और उनके कैबिनेट मंत्री देशभर में अन्य प्रचार अभियानों को बीच में रोक कर तोक्यो लौट आए। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इस हमले को कायराना और बर्बर करार दिया। आबे पर हमले से भावुक किशिदा ने कहा, मैं कड़े से कड़े शब्दों में इस कृत्य की निंदा करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि आबे को शीर्ष स्तर की सुरक्षा मिली हुई थी। किशिदा ने रविवार को कार्यक्रम के मुताबिक चुनाव कराने का संकल्प लिया। आबे को राजनीति विरासत में मिली थी और वह अपने दादा पूर्व प्रधानमंत्री नोबुसुके किशी के मार्गदर्शन में आगे बढ़े। आबे ने देश को सैन्य रूप से ज्यादा ताकतवर बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय मामलों में देश की बड़ी भूमिका पर ध्यान दिया। स्वास्थ्य कारणों से दो साल पहले पद से हटने से पूर्व आबे ने जापान की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया और राष्ट्र के लिए एशिया में एक मजबूत भूमिका निभाने के प्रयासों का नेतृत्व किया।

## आबे ने...

पार्टी (भाजपा) के दिवंगत नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की याद में आयोजित प्रथम अरुण जेटली स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत में जापान के सहयोग से जो कार्य हो रहे हैं, उनकी बदौलत आबे भारत के जन-मन में सालों-साल तक बसे रहेंगे। मोदी ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अपूरणीय क्षति और असहनीय पीड़ा का दिन है। मेरे घनिष्ठ मित्र और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे अब हमारे बीच नहीं रहे। आबे मेरे तो साथी थे ही, वह भारत के भी उतने ही विश्वसनीय दोस्त थे। मैं अपने दोस्त को अंतिम विदाई देता हूं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में भारत-जापान के राजनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई तो मिली ही, दोनों देशों की साझी विरासत से जुड़े रिश्ते भी खूब आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आज भारत के विकास की जो गति है, जापान के सहयोग से हमारे यहां जो कार्य हो रहे हैं, इनके जरिए शिंजो आबे भारत के जन-मन में सालों-साल तक बसे रहेंगे।

## हथियार संस्कृति...

गए। शुक्रवार को हुई घटना के संदिग्ध के मकसद और उसकी पहचान के बारे में अभी बहुत जानकारी नहीं है। हालांकि संदिग्ध को घटनास्थल पर हिरासत में ले लिया गया था। जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे आबे को जापान के नारा शहर में चुनाव प्रचार करते समय गोली मारी गई। उनकी बाद में एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। जापान में रविवार को संसदीय चुनाव होने हैं। जापान के प्रमुख विश्वविद्यालयों में राइफल क्लब हैं और जापानी पुलिस हथियारों से लैस है लेकिन अधिकतर जापानी बिना असली बंदूक देखे जीवन गुजार देते हैं। जापान में छुरा घोंपने को घातक अपराध माना जाता है।

## उप्र. विधान...

उड़ाने वाला प्रतीत होता है। इस बारे में विधान परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता संजय लाठर ने कहा, सदन में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाता है, चूंकि समाजवादी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी हैंअ इसलिए उसे नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले पर अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। लाठर ने कहा कि सदन में विपक्ष का नेता नियुक्त करने के लिए सीटों के न्यूनतम प्रतिशत की जरूरत नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को विधान परिषद के 12 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो गया। इसके साथ ही नेता प्रतिपक्ष का पद भी समाप्त कर दिया गया।

## मजबूरी नहीं...

समावेश का लक्ष्य भी पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इसलिए उनकी सरकार ने समावेशी विकास का रास्ता अपनाया और सबके समावेश का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में भारत ने समावेशी विकास के लिए जिस गति के साथ काम किया है और जिस स्तर पर काम किया है, वैसा उदाहरण दुनिया में कहीं भी नहीं मिलता। उन्होंने नौ करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संख्या दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, न्यूजीलैंड की सारी आबादी के जोड़ से भी ज्यादा है। इसी प्रकार उन्होंने 10 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाए जाने, तीन करोड़ मुफ्त आवास देने और 45 करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोले जाने की सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि यह संख्या कई देशों की आबादी से अधिक है।

## उप्र के...

विडम्बना है कि जो घृणा फैलाने वाले भाषण देते हैं, वे जमानत पर हैं, जबकि उनके ऐसे भाषणों का खुलासा करने वाला याचिकाकर्ता हिरासत में है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने जुबैर की याचिका पर यूपी सरकार को नोटिस जारी किया और मामले को 12 जुलाई को आगे की सुनवाई के लिए नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कर दिया।

## सुनक ने...

के बाद से अब तक इस पद के लिए चार दावेदार सामने आ चुके हैं, जिनमें भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद स्टीव बेकर, मंत्री ग्रांट सैप्स और टॉम का नाम शामिल है। गौरतलब है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बृहस्पतिवार को कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद को छोड़ने की घोषणा की थी। उनकी इस घोषणा के बाद पार्टी के नए नेता का चुनाव होगा जो देश के प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। जॉनसन (58) ने कहा है कि जब तक पार्टी का नया नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, वह 10 डाउनिंग स्ट्रीट के प्रभारी बने रहेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी का सम्मेलन अक्टूबर में होना है और उस समय तक नए नेता के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी।

## ईडी ने...

है। शिकायत के मुताबिक एमनेस्टी ने भारत में अपनी एनजीओ गतिविधियों को वित्त मुहैया कराने के लिए ऐसा किया। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट (एआईआईएफटी) और अन्य ट्रस्ट को एफसीआरए के तहत पूर्व-पंजीकरण या मंजूरी देने से गृह मंत्रालय के इनकार के बावजूद एमनेस्टी इंटरनेशनल ने विदेशी धन भेजने के लिए एफडीआई मार्ग का इस्तेमाल किया। उसने क हा कि नवंबर 2013 से लेकर जून 2018 के दौरान एमनेस्टी इंडिया को विदेश से मिली राशि को कारोबार एवं प्रबंधन सलाह के साथ जनसंपर्क सेवाओं के एवज में मिले शुल्क के तौर पर दिखाया गया। लेकिन यह विदेशी अंशदाता से ली गई उधारी के अलावा कुछ नहीं है लिहाजा यह फेमा प्रावधानों का उल्लंघन करता है।

## पांच से...

कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों के टीकाकरण की शुरुआत पर कोई ठोस निर्णय लेने के लिए पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इस मुद्दे पर अगली बैठक के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

## दिल्ली में...

आता है। साथ ही यह भी देखा गया है की पूरे देश में पैदा होने वाले ई-वेस्ट का केवल 5 प्रतिशत ही सही तरह से रिसाईकल किया जाता है। इसी कारण दिल्ली में देश का पहला ई-वेस्ट ईको पार्क लेकर आ रहे है। ई-वेस्ट ईको पार्क से ऐसी जगह बनेगा जहाँ इस ई-वेस्ट का वैज्ञानिक और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित विघटन, नवीनीकरण, रिसाइक्लिंग और विनिर्माण किया जाता हो। उन्होंने बताया कि ई-वेस्ट ईको पार्क के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसकी क्रियान्वय एजेंसी डीएसआईआईडीसी को बनाया गया है । साथ ही संबंधित विभाग को निर्देश दिया गया है कि ई-वेस्ट ईको पार्क के निर्माण के लिए जल्द से जल्द कंसलटेंट की नियुक्ति की जाए ताकि इसके निर्माण कार्य तेजी से हो सके। राय ने बताया की दिल्ली में निर्मित होने वाला यह ई-वेस्ट ईको पार्क देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में एक अलग छाप छोड़ेगा।

# शिवसेना से तीर-धनुष चुनाव चिह्न कोई नहीं ले सकताः उद्धव

**भाषा।** मुंबई

**चुनाव चिह्न** पर दावे को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत विद्रोही धड़े के साथ गतिरोध के बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न तीर-धनुष कोई नहीं ले सकता। ठाकरे ने उपनगरीय बांद्रा में अपने आवास मातोश्री में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के बागियों और भारतीय जनता पार्टी को महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव का सामना करने की चुनौती दी। ठाकरे ने महाराष्ट्र में मध्यावधि चुनाव की मांग करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को गिराने को लेकर लोगों को अपना रुख स्पष्ट करने का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव में लोग उनकी पार्टी का समर्थन नहीं करते, तो वह इसे स्वीकार कर लेंगे। उन्होंने कहा, मध्यावधि चुनाव होने चाहिए। अगर हमने कोई गलती की है तो लोग हमारा समर्थन नहीं करेंगे और यह हमें स्वीकार्य होगा।

ठाकरे ने कहा कि 11 जुलाई को उच्चतम न्यायालय का आने वाला फैसला न केवल शिवसेना का भविष्य बल्कि भारतीय लोकतंत्र का भविष्य भी तय करेगा। सर्वोच्च अदालत उस दिन शिवसेना के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध वाली याचिका पर अपना फैसला सुना सकती है। विद्रोही नेताओं के खिलाफ कठोर रुख अपनाते हुए ठाकरे ने सवाल किया कि वे लोग मातोश्री और ठाकरे परिवार से प्रेम होने का दावा कैसे कर सकते हैं, अगर असंतुष्ट नेता उन लोगों के साथ गठबंधन करते हैं, जिन्होंने उनकी और उनके परिवार की तीखी आलोचना की है और यहां तक कि उनके पुत्रों के जीवन को बर्बाद करने का प्रयास किया। ठाकरे ने कहा, कानून के अनुसार कोई भी शिवसेना से धनुष-बाण का चुनाव चिह्न नहीं छीन सकता। मैं संवैधानिक विशेषज्ञों से बातचीत करने के बाद यह कह रहा हूं।

शिवसेना के बागी विधायक गुलाबराव पाटिल ने बुधवार को कहा था कि शिंदे नीत धड़ा पार्टी के तीर-धनुष चुनाव चिह्न का असली दावेदार है। ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की चिंताओं को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि लोग वोट देते समय सिर्फ पार्टी के चुनाव चिह्न को ही नहीं देखते हैं, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि उम्मीदवार शिवसेना का है या नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और विधायक दल के रूप में शिवसेना की दो अलग-अलग पहचान हैं और अगर सिर्फ एक, 50 या 100 विधायक भी पार्टी छोड़ देते हैं, तो इसका अस्तित्व समाप्त नहीं हो जाता है।

ठाकरे ने कहा, भ्रम पैदा किया जा रहा है। विधायक दल और पंजीकृत दल दो अलग-अलग इकाई हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई भी अपने साथ नहीं ले जा सकता है। पिछले दिनों, शिवसेना नेता संजय राउत ने दावा किया था कि यदि राज्य में मध्यावधि चुनाव होते हैं तो 100 से अधिक सीट पर उनकी पार्टी की जीत होगी। ठाकरे ने शिवसेना के बागी समूह पर उस समय चुप्पी साधे रहने के लिए हमला बोला, जब भाजपा ने उन्हें और उनके परिवार को पिछले ढाई साल में निशाना बनाया और बदजुबानी की। शिंदे का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, आप उनके संपर्क में रहते हैं और अपनी ही पार्टी को इस तरह धोखा देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन 2019 में ही गरिमामय तरीके से हो सकता था, न कि ˆविश्वासघातˆ के साथ, जैसा पिछले सप्ताह किया गया।

वह 2019 के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने के मुद्दे पर शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अलग होने का जिक्र कर रहे थे। ठाकरे ने कहा, मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। उच्चतम न्यायालय का आदेश (बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध वाली याचिका पर) केवल शिवसेना तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि यह दिशा दिखाएगा कि लोकतंत्र किस तरफ जा रहा है। देश देख रहा है कि उच्चतम न्यायालय क्या फैसला देता है, क्योंकि यह देश में लोकतंत्र के भविष्य को भी रास्ता दिखाएगा और क्या लोकतंत्र के चारों स्तंभ अभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं या नहीं। ठाकरे ने यह भी कहा कि वह पार्टी सांसदों से बातचीत करने के बाद यह तय करेंगे कि राष्ट्रपति चुनाव में किस उम्मीदवार को समर्थन देना है।



नैनीताल में रामनगर जिले में एक कार के ढेला नदी में गिरने से स्थानीय नागरिक बचाव करते हुए।

# शिंदे को मुख्यमंत्री बनाए जाने के खिलाफ दाखिल नई याचिका पर 11 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाए जाने के विरोध में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े द्वारा दायर याचिका पर 11 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि याचिका को 11 जुलाई को उचित पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। शिवसेना नेता सुभाष देसाई की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत ने कहा कि वे अन्य लंबित याचिकाओं के साथ नई याचिका को सूचीबद्ध करने की अपील कर रहे हैं, जिन पर 11 जुलाई को सुनवाई होनी है। देसाई ने महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए शिंदे गुट और भाजपा के गठबंधन को आमंत्रित करने के राज्यपाल के 30 जून के फैसले को चुनौती दी है। ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने तीन और चार जुलाई को हुई विस की कार्यवाही की वैधता को भी चुनौती दी है, जिसमें सदन का एक नया अध्यक्ष चुना गया था। सदन में हुए विश्वास मत की कार्यवाही को भी चुनौती दी गई है, जिसमें शिंदे के नेतृत्व वाले गठबंधन ने बहुमत साबित किया था। ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को हाल में शिंदे की अगुवाई में विधायकों की बगावत का सामना करना पड़ा। पार्टी के अधिकतर विधायकों ने शिंदे का पक्ष लिया, जिससे एमवीए सरकार गिर गई। ठाकरे ने 29 जून को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और उसके एक दिन बाद शिंदे ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

## महाराष्ट्र के दो नगर निकायों के पूर्व पार्षदों ने सीएम शिंदे का समर्थन किया

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई महानगरपालिका और ठाणे जिले में कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के कई पूर्व पार्षदों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट का समर्थन किया। शिंदे नीत गुट के एक पदाधिकारी ने बताया कि 122 सदस्ईय कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका में शिवसेना के 84 पूर्व पार्षदों में से 40 ने और 111 सदस्ईय नवी मुंबई महानगरपालिका में शिवसेना के 38 पूर्व पार्षदों में से 32 ने शिंदे का समर्थन किया है। ठाणे महानगरपालिका के शिवसेना के 67 पूर्व पार्षदों में से 66 ने कहा है कि वे अब शिंदे गुट का हिस्सा हैं।

# झारखंड के मुख्यमंत्री के करीबी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**भाषा।** नई दिल्ली-रांची

**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** ने शुक्रवार को धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजनीतिक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ लगभग 18 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साहिबगंज जिले और इसके बरहेट और राजमहल जैसे शहरों में छापेमारी की जा रही है और जांच राज्य में टोल प्लाजा निविदाओं के आवंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि करीब 18 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है और यह कार्वाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत हो रही है। उन्होंने कहा कि धनशोधन का मामला राज्य पुलिस की प्राथमिकी से संबंधित है और ईडी कथित अवैध कोयला खनन संचालकों व झारखंड में टोल प्लाजा निविदाओं के संचालन में शामिल लोगों के बीच कथित संबंधों की भी जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने मई में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल, उनके पति और अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच सिलसिले में छापेमारी की थी। झारखंड की खनन सचिव का प्रभार संभाल रहीं 2000 बैच की अधिकारी सिंघल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था। एजेंसी ने इस सप्ताह की शुरुआत में रांची की विशेष पीएमएलए अदालत में उनके और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

# ट्विटर भड़काऊसामग्री पोस्ट होने से पहले ही उनको फिल्टर करने की प्रणाली बनाएः नरोत्तम मिश्र

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने शुक्रवार को ट्विटर से अपने उपयोगकर्ताओं द्वारा लिखी गई संभावित भड़काऊ और आपत्तिजनक सामग्री की जांच और फ्ल्टिर करने के लिए एक तंत्र तैयार करने का आग्रह किया। इस तरह की प्रणाली देश हित में होगी। ट्विटर ने हाल ही में कनाडाई फिल्मकार लीना मणिमेकलाई के उस विवादित ट्वीट को हटा दिया था जिसमें उन्होंने अपने वृत्तचित्र काली का पोस्टर संलग्न किया था। कनाडा के टोरंटो में रहने वाली मणिमेकलाई ने दो जुलाई को ट्वीट कर काली का पोस्टर साझा किया था, जिसमें देवी को धूम्रपान करते और एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा पकड़े दर्शाया गया था। मिश्रा ने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल को लिखे पत्र में कहा, जैसा कि यह सभी जानते हैं कि ट्विटर दुनिया भर में समाचार और अन्य सामग्री प्रसारित करने के सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय स्रोतों में से एक बन गया है। लेकिन कुछ लोग इस मंच का उपयोग करके सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश भी कर रहे हैं। वे ट्विटर का इस्तेमाल करते हैं ताकि उन्हें तुरंत पहचान मिल सके। पिछले कुछ महीनों में यह देखा गया है कि इन लोगों ने ट्विटर मंच पर धार्मिक मामलों को इस तरह से रखना शुरू कर दिया है कि यह न केवल सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ रहे हैं, बल्कि कानून और व्यवस्था की स्थिति को भी बाधित कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया ऐसी प्रक्रिया बनाएं जिसमें पोस्ट की जाने वाली सामग्री की पहले जांच ट्विटर द्वारा ही की जाए और अगर इसे आपत्तिजनक या भड़काऊ पाया जाता है, तो ट्विटर को तुरंत इसका प्रकाशन बंद कर देना चाहिए। उन्होंने उन यूजर्स के ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक करने की भी मांग की, जो देश के सौहार्द और शांति को बिगाड़ने के उद्देश्य से बार-बार आपत्तिजनक और भड़काऊपोस्ट करने की कोशिश करते हैं। मध्य प्रदेश पुलिस ने बृहस्पतिवार को ट्विटर को एक कानूनी नोटिस भेज कर उसे निर्देश दिया है कि कनाडाई फिल्मकार मणिमेकलाई द्वारा देवी काली पर पोस्ट की गई कथित आपत्तिजनक सामग्री को हटाए। पुलिस ने कहा कि इस सामग्री को 36 घंटे के भीतर हटाया जाए और सबूतों के साथ छेड़छाड़ न करें और जब भी हमारी जांच एजेंसियों एवं अभियोग पक्ष को इन सबूतों की जरूरत हों, तब वह उन्हें इसे उपलब्ध भी कराए। यह कानूनी नोटिस राज्य पुलिस की साइबर इंटेलिजेंस और साइबर अपराध पुलिस भोपाल द्वारा अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित ट्विटर कानूनी विभाग को भेजा गया है। मणिमेकलाई के ट्विटर हैंडल के जरिए साझा की गई सामग्री भारतीय दंड संहिता की धारा 295 ए के अनुसार गैरकानूनी सामग्री है।

## जम्मू कश्मीर में पुलिस उपनिरीक्षकों की भर्ती रद्द, सीबीआई जांच की अनुशंसा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने अनियमितताओं के आरोपों के चलते शुक्रवार को पुलिस उपनिरीक्षकों की भर्ती रद्द कर दी और पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की अनुशंसा की है। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने ट्विटर के जरिए बताया कि दोषियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस में उपनिरीक्षकों की भर्ती रद्द की जा रही है और भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच की अनुशंसा की गई है ताकि दोषियों को जल्द न्याय कटघरे में लाया जा सके। उपराज्यपाल ने कहा, यह हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखने की दिशा में बड़ा कदम है और सरकार नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने पर जल्द फैसला करेगी। उल्लेखनीय है कि सिन्हा ने पिछले महीने भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़े के आरोप लगने पर पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती प्रक्रिया की जांच करने के आदेश दिए थे।




अमरावती में आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी साथ में उनकी माता विजयम्मा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

# जगनमोहन की मां ने बेटी की खातिर वाईएसआर कांग्रेस छोड़ी

**भाषा।** अमरावती

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी की मां वाई एस विजयम्मा ने अपनी बेटी शर्मिला की पार्टी में शामिल होने के लिए शुक्रवार को वाईएसआर कांग्रेस की मानद अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। शर्मिला पड़ोसी राज्य में वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की कमान संभाल रही हैं। विजयम्मा ने इस्तीफे का ऐलान करते हुए कहा कि वह हमेशा जगनमोहन रेड्डी के करीब रहेंगी। उन्होंने शुक्रवार को यहां शुरू हुए पार्टी के अधिवेशन में वाईएसआर कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए कहा, एक मां के तौर पर मैं हमेशा जगन के करीब रहूंगी।

विजयम्मा ने कहा, शर्मिला अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए तेलंगाना में अकेले लड़ाई लड़ रही हैं। मुझे उसका समर्थन करना होगा। मैं इस दुविधा में थी कि क्या मैं दो राजनीतिक दलों (दो राज्यों में) की सदस्य हो सकती हूं। वाईएसआर कांग्रेस के मानद अध्यक्ष पद पर बने रहना मेरे लिए मुश्किल है। उन्होंने कहा, मैंने कभी सोचा नहीं था कि ऐसी स्थिति पैदा होगी। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ, लेकिन मुझे लगता है कि यह ईश्वर की मर्जी है।

विजयम्मा ने कहा कि वह अपनी भूमिका को लेकर किसी भी तरह के अवांछित विवाद से बचने के लिए वाईएसआर कांग्रेस के मानद अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से खबरें आ रही थीं कि जगनमोहन रेड्डी और शर्मिला के बीच संपत्ति से जुड़े मुद्दों को लेकर सब कुछ ठीक नहीं है। खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों में दोनों के बीच कड़वाहट काफी बढ़ गई है और विजयम्मा अपने बेटे से अलग रह रही हैं।

## बिहार में फर्जी मुद्रा प्रकरण का सरगना गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (बिहार)।** उत्तरी बिहार में फर्जी भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) प्रकरण के कथित सरगना को मुजफ्फरपुर जिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एफआईसीएन से संबंधित कई मामलों के संबंध में आरोपी सुधीर कुशवाहा को वांछित घोषित कर रखा था। उस पर दो लाख रुपए का इनाम भी था। मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ने बताया, पुलिस ने एक खुफिया सूचना के आधार पर जाल बिछाया और कुशवाहा को बृहस्पतिवार को मोतीपुर इलाके से दबोच लिया। वह पूर्वी चम्पारण जिले का रहने वाला है। एनआईए ने 2015 में उसे भगोड़ा घोषित किया था। कांत ने बताया कि कुशवाहा की गिरफ्तारी के बारे में एनआईए को सूचित कर दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### झारखंड : पुलिस अधीक्षक सहित कई लोगों की हत्या में वांछित 25 लाख रुपए का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले से सुरक्षाकर्मियो ने दुमका के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अमरजीत बलिहार सहित कई पुलिसकर्मियो एवं आधा दर्जन चुनाव कर्मियो की हत्याओं के मामले मे वांछित 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली कमांडर नंदलाल मांझी को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि यह सफलता खुखरा थाना क्षेत्र के कोकाडीह गांव में मिली। गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन मे बताया कि 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली नंदलाल मांझी को खुखरा थाना क्षेत्र के कोडाडीह गांव से पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। उन्होने बताया कि गिरफ्तार नक्सली दुमका और गिरिडीह जिले मे सक्रिय था और माओवादियों की स्पेशल एरिया कमिटी का सदस्य था। रेणु ने बताया कि मांझी की तलाश राज्य की पुलिस को वर्षो से थी। रेणु ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली कई नामो से जाना जाता है। उसपर दुमका के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अमरजीत सिंह बलिहार और छह चुनावकर्मियों की धमाका कर हत्या करने का भी आरोप है। उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले मे नक्सलियो के विरुद्ध अभियान जारी है। उन्होने आमलोगो से अपील की है कि वे नक्सलियो की गिरफ्तारी मे पुलिस की मदद करें। रेणु ने नक्सलियो से मुख्यधारा मे शामिल होने की भी अपील की है। उन्होने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण कर सरकारी आत्मसमर्पण नीति व योजना का लाभ उठा सकते है।

### बिरला से राहुल का वीडियो गलत संदर्भ में साझा करने का मामला आचार समिति को भेजने का आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के 11 सांसदो ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा है कि भाजपा के तीन सदस्यो राज्यवर्धन सिंह राठौर, सुब्रत पाठक और भोला सिंह ने राहुल गांधी के एक वीडियो को गलत संदर्भ मे साझा किया जिससे देश के सामाजिक तानेबाने को खतरा पैदा हो सकता था। कांग्रेस सांसदो ने बिरला को लिखे एक पत्र मे यह बात कही है। इसमे बिरला से यह आग्रह भी किया गया है कि भाजपा सांसदो के इस अनैतिक आचरण को लेकर वह दखल दें और कांग्रेस सांसदों द्वारा की गई शिकायत को संसद की आचार समिति के पास भेजा जाए ताकि इसकी छानबानी और आगे जरूरी कार्वाई हो सके। लोकसभा मे कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और 10 अन्य सांसदो ने आरोप लगाया कि राठौर, पाठक और भोला सिंह ने राहुल गांधी का एक छेड़छाड़ वाला वीडियो साझा किया और यह दिखाने का प्रयास किया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने उदयपुर हत्याकांड के आरोपियो के प्रति सहानुभूति प्रकट की है। उनके मुताबिक, यह वीडियो एक समाचार चैनल द्वारा प्रसारित किया गया था जिसने बाद मे उसे वापस ले लिया और माफी मांग ली। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि भाजपा सदस्यो ने फर्जी और तोड़ मरोड़कर खबरें साझा की जिसका मकसद दुष्प्रचार फैलाना था।

### दलित आंदोलन से जुड़े स्मारकों को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से जुड़े सतारा स्थित एक विद्यालय और वड़ोदरा स्थित संकल्प भूमि समेत दलित आंदोलन से जुड़े स्मारकों को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देने की क्वायद शुरू कर दी है। संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण (एमएमए) के अध्यक्ष तरूण विजय ने बताया, पहली बार देश में दलित आंदोलन से जुड़े स्मारकों को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित करने की दिशा मे काम शुरू किया गया है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से जुड़े दो महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित किया गया है। इनमें पहला गुजरात मे वड़ोदरा स्थित संकल्प भूमि है जहां बाबा साहेब ने वर्ष 1913 मे राष्ट्रीय समानता एवं सामाजिक समरसता की शपथ ली थी। दूसरा स्थल महाराष्ट्र के सतारा स्थित एक विद्यालय है जहां आंबेडकर ने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की थी। इस विद्यालय का नाम प्रताप सिंह हाई स्कूल है। विजय ने बताया, प्राधिकरण ने इन दोनो स्थलो को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित करने को लेकर औपचारिक रिपोर्ट पिछले सप्ताह संस्कृति मंत्रालय को भेज दी है। इन्हें जल्द मंजूरी मिल जाएगी। ऐसे 200 स्मारकों की सूची तैयार की गई है जो राष्ट्रीय महत्व के स्मारक बनने की पात्रता रखते हैं। इस सूची को उचित कार्वाई के लिए संस्कृति मंत्रालय को भेजा गया है। इनमें महाराष्ट्र के मारोली के पास महारानी ताराबाई भोंसले की समाधि भी शामिल है जो अभी जीर्ण-शीर्ण अवस्था मे है। इनके पुनरुद्धार का कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सहयोग से किया जाएगा।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ में आईटीबीपी के अधिकारी ने गोली मारी

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले मे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक अधिकारी ने ड्यूटी पर तैनाती के दौरान अपने सर्विस हथियार से शुक्रवार को खुद को गोली मार ली। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात प्रेमचंद ने पुंछ शहर मे मिनी सचिवालय मे खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## असम में मादक पदार्थ बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि नलबाड़ी और कोकराझार जिलों में अलग-अलग अभियानों में तीन कथित तस्करों को गिरफ्तार कर 760 किलोग्राम से अधिक गांजा सहित प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। नलबाड़ी पुलिस ने बृहस्पतिवार को कैथलकुची इलाके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस ने ट्वीट किया, पिछले 24 घंटों के दौरान बेलसोर और चमाता के पुलिस प्रमुखों ने टीम के साथ कैथलकुची इलाके से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और 170 निट्रजेपम/ट्रामाडोल टैबलेट/ कैप्सूल बरामद किए। कोकराझार पुलिस के एक अन्य अभियान में एक वाहन के गुप्त कक्ष से गांजा बरामद किया गया। कार्वाई में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। कोकराझार पुलिस ने बाद में ट्वीट किया: गांजे के एक और गुप्त कक्ष का भंडाफोड़ एक वाहन को रोकाकर उसमें से 768 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे वाहन की ट्रॉली में एक गुप्त कक्ष में छिपाकर रखा गया था।

# समर्थन के लिए बंगाल में भाजपा के सांसदों एवं विधायकों से मिलेंगी मुर्मू

**भाषा।** कोलकाता

**राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन** (राजग) की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू शनिवार को कोलकाता जाकर पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों और विधायकों से मुलाकात करेंगी तथा देश के प्रथम नागरिक के चयन के लिए 18 जुलाई को होने वाले चुनाव में उनका समर्थन मांगेंगी। सांसदों और विधायकों का समर्थन प्राप्त करने के लिए मूर्मु विभिन्न राज्यों का दौरा कर रही हैं और इस समय वह अपने गृह राज्य ओडिशा में प्रचार कर रही हैं। भाजपा सूत्रों ने बताया कि वह शनिवार को पूर्वाह्न 10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। भाजपा के एक नेता ने कहा, बाद में वह दिन में न्यू टाउन इलाके के एक होटल में भाजपा के सांसदों एवं विधायकों से मुलाकात करेंगी।

उन्होंने कहा कि बहरहाल, उनकी विधानसभा जाने या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करने की अभी कोई योजना नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि उन्हें विधानसभा का दौरा करने की मुर्मू की किसी योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले सप्ताह कहा था कि अगर भाजपा ने राष्ट्रपति पद के लिए राजग की उम्मीदवार मुर्मू को चुनाव मैदान में उतारने से पहले विपक्ष के साथ चर्चा की होती, तो विपक्षी दल उनका समर्थन करने पर विचार कर सकते थे। कांग्रेस और तृणमूल सहित विपक्षी दलों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। भाजपा के पास इस समय पश्चिम बंगाल से 17 लोकसभा सदस्य हैं। उनमें से भाजपा सांसद अर्जुन सिंह तृणमूल में शामिल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने सांसद के रूप में अभी तक

## श्रीनगर की जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई गई

**श्रीनगर।** यहां स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगा दी गई है। मस्जिद प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। कश्मीर के सबसे बड़े धार्मिक संगठन मुत्ताहिदा मजलिस-ए-उलमा (एमएमयू) ने जम्मू कश्मीर प्रशासन से मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने की अनुमति देने का आग्रह किया था। अंजुमन औकफ जामिया मस्जिद ने आज सुबह बताया कि मजिस्ट्रेट और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मस्जिद आए थे और उन्होंने कहा कि मस्जिद में जुमे की नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। मस्जिद प्रबंधन ने कहा कि यह बेहद दुखद और निंदनीय है कि कश्मीर के मुस्लिमों को एक बार फिर जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी जा रही है। अगस्त 2019 के बाद से ज्यादातर समय तक जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं दी गई। कोविड-19 महामारी की वजह से भी

# जम्मू-कश्मीर में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी भाजपाः रविंदर रैना

**जम्मू।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना ने पार्टी नेताओं से आम लोगों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। रैना ने कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करेगी कि देश आंतरिक और बाहरी दोनों ही तरह से मजबूत हो और दुनिया का नेतृत्व करे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक कार्यशाला के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा नेताओं के समर्पित प्रयासों से पार्टी अपने दम पर जम्मू-कश्मीर में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। भाजपा के पदाधिकारियों, नेताओं और सदस्यों के लिए तीन दिवसीय एक कार्यशाला उधमपुर जिले के पटनीटॉप में एक स्वास्थ्य रिसॉर्ट में आयोजित की जा रही है, जिसमें सरकार और देश के सामने मौजूद चुनौतियों और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और मंथन किया जा रहा है।

रैना ने कहा कि इन सत्रों में पार्टी की विचारधारा, नीतियों और सिद्धांतों पर गहन चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा अपनाई गई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नीतियों के बारे में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। भारतीय समाज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भूमिका के बारे में विस्तार से बताते हुए इसके प्रांत कार्यवाह विक्रांत शर्मा ने कहा, समाज को एकजुट करने की आवश्यकता दृढ़ता से महसूस की गई जो भविष्य में भी राष्ट्र की सीमाओं की सफलतापूर्वक रक्षा कर सके। इस अवसर पर भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे पर हमले की विश्व के नेताओं ने कड़ी निंदा की

एपी। कुआलालंपुर

**जापान** के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे पर शुक्रवार को हुए हमले की विश्व के कई नेताओं ने कड़ी निंदा की और इसे स्तब्ध करने वाली घटना बताया।

जापान के नारा में आबे (67) को एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान गोली मारी गई और उन्हें विमान से एक अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया।

आबे 2020 में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण इस्तीफा देने से पहले, देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे। दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माने जाने वाले जापान में इस घटना ने न केवल जापान बल्कि दुनियाभर के लोगों को स्तब्ध कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आबे के निधन पर गहरा शोक जताया और कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन जापान और दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने में समर्पित कर दिया।

मोदी ने एक के बाद एक किए गए ट्वीट में कहा, मेरे प्रिय मित्रों में शुमार शिंजो आबे के दुखद निधन से मैं हैरान और दुखी हूं और इसे व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह एक शीर्ष वैश्विक राजनेता, एक उत्कृष्ट नेता और एक अद्भुत प्रशासक थे। उन्होंने जापान और विश्व को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

ईरान ने इसे आतंकवादी कृत्य और स्पेन ने कायरतापूर्ण हमला बताया। वहीं, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इस घटना को नृशंस और बर्बर करार दिया। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा, इस कायरतापूर्ण हमले की हम निंदा करते हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि स्पेन इस कठिन समय में जापान के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका इस घटना को लेकर बहुत दुखी और चिंतित है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, हम जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे पर हमले के बारे में सुनकर स्तब्ध और दुखी हैं। ईरान ने गोलीबारी की निंदा करते हुए इसे आतंकवादी कृत्य बताया।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हम एक ऐसे देश के रूप में जो आतंकवाद का शिकार रहा है और जिसने आतंकवादी घटनाओं में अपने महान नेताओं को खोया है, इस खबर को सुनकर स्तब्ध हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि आबे पर हमला हैरत में डालने वाला है। उन्होंने आबे को वास्तव में एक महान व्यक्ति और नेता बताया और कहा कि वह मेरे और उससे कहीं ज्यादा अमेरिका के सच्चे मित्र रहे।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंटनी अल्बानीज ने ट्वीट किया, जापान से हैरान करने वाली खबर आ रही है कि पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को गोली मारी गई है। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और जापान के लोगों के साथ हैं। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने शुक्रवार को कहा कि वह बहुत ज्यादा स्तब्ध हैं।

अर्डर्न ने कहा, जब मैं प्रधानमंत्री बनी थी तो वह उन पहले नेताओं में से एक थे जिनसे मैंने मुलाकात की थी। वह अपनी भूमिका के लिए बहुत प्रतिबद्ध रहने के साथ ही दयालु और विनम्र भी थे। मुझे याद है कि हाल में जब मैंने उनसे मुलाकात की थी तो उन्होंने हमारे पालतू जानवर की मौत के बारे में पूछा था। यह छोटी-सी बात हो सकती है लेकिन यह बताता है कि वह किस तरह के इंसान थे। मेरी संवेदनाएं उनकी पत्नी और जापान के लोगों के साथ हैं। ऐसी घटनाएं हम सभी को हिला देती हैं।

सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने इसे हिंसा का कृत्य बताते हुए इसकी आलोचना की। ली ने फेसबुक पर कहा, श्रीमान आबे सिंगापुर के अच्छे मित्र रहे। मैंने तोक्यो की यात्रा पर मई में उनके साथ दोपहर का भोजन किया था। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना, आबे और उनके परिवार के साथ हैं। मलेशिया के विदेश मंत्री सैफुद्दीन अब्दुल्ला ने कहा कि वह इस घटना से दुखी और स्तब्ध हैं।





## शिंजो आबे : स्टील कंपनी में काम करने से लेकर सबसे लंबे समय तक जापान के प्रधानमंत्री रहे

**तोक्यो।** देश के एक प्रमुख राजनीतिक परिवार में जन्मे शिंजो आबे ने सबसे लंबे वक्त तक जापान के प्रधानमंत्री का पद संभाला। आबे की शुक्रवार को पश्चिमी जापान में चुनाव प्रचार के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे जापान में काफी हद तक स्थिरता लाने का श्रेय आबे को दिया जाता है। हालांकि देश के शांतिवादी संविधान को संशोधित करने के उनके आह्वान ने जापान के कई लोगों के अलावा पड़ोसी देश दक्षिण कोरिया और चीन को भी नाराज किया। आबे की जीवन यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण तिथियों पर एक नजर : **21 सितंबर, 1954:** को तोक्यो में आबे का जन्म। उनके पिता शिंटारो आबे जापान के विदेश मंत्री रहे थे, जबकि दादा नोबुसुके किशी प्रधानमंत्री रहे। **1977:** तोक्यो में सेइकी विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक करने के बाद वह तीन सेमेस्टर के लिए दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सार्वजनिक नीति का अध्ययन करने के लिए अमेरिका गए। **1979:** आबे ने कोबे स्टील में काम करना शुरू किया। कंपनी विदेशों में अपना विस्तार कर रही थी। **1982:** विदेश मंत्रालय और सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में नए पदों पर काम शुरू करने के लिए कंपनी छोड़ दी। **1993:** पहली बार यामागुची के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत से जनप्रतिनिधि के तौर पर चुने गए। एक रूढ़िवादी के रूप में देखे जाने वाले आबे पार्टी के सिवाकाई गुट के साथ रहे, जिसका नेतृत्व एक बार उनके पिता ने किया था। **2005 :** आबे को प्रधानमंत्री जुनीचिरो कोइजुमी सरकार में मुख्य कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। इसी साल उन्हें एलडीपी के प्रमुख के तौर पर चुना गया। **26 सितंबर, 2006 :** आबे पहली बार जापान के प्रधानमंत्री बने। आर्थिक सुधारों पर ध्यान देने के साथ-साथ उत्तर कोरिया के प्रति कड़ा रुख अपनाया। **2007 :** चुनावों में एलडीपी की करारी हार के बाद आबे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया। **2012 :** एलडीपी का अध्यक्ष फिर चुने जाने के बाद आबे दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। **2013 :** वृद्धि को गति देने के लिए आबे ने आसान ऋण और संरचनात्मक सुधारों की विशेषता वाली अपनी आबेनॉमिक्स नीतियां शुरू कीं। चीन के साथ जापान के संबंधों में खटास आई, लेकिन बीजिंग में एपेक शिखर सम्मेलन में आबे की चीनी नेता शी चिनफिंग के साथ मुलाकात के बाद रिश्तों में सुधार होना शुरू हुआ। **2014-2020 :** आबे एक बार फिर एलडीपी के नेता चुने गए। उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री दो अतिरिक्त कार्यकाल के दौरान यह पद संभाला। **28 अगस्त, 2020 :** फिर स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए आबे ने प्रधानमंत्री पद छोड़ा। **आठ जुलाई, 2022 :** शिंजो आबे पर देश के पश्चिमी हिस्से में चुनाव प्रचार के दौरान गोली चलाई गई। अस्पताल में अंतिम सांस ली।

## आबे की हत्या के बाद जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने शीर्ष नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शुक्रवार को कैबिनेट मंत्रियों और अन्य नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश दिया। पश्चिमी जापान के नारा में एक चुनाव अभियान के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद यह कदम उठाया गया है। घटना के बाद किशिदा और उनके कैबिनेट मंत्री देशभर में अन्य प्रचार अभियानों को बीच में रोक कर तोक्यो लौट आए। प्रधानमंत्री ने हमले को कायराना और बर्बर बताते हुए इसकी आलोचना की। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार दोपहर करीब 20 मिनट तक राष्ट्रीय जन सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष निनोयू सातोशी, न्याय मंत्री फुरुकावा योशीहिसा और अधिकारियों के साथ हमले के बाद के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे कभी भी हिंसा और आतंकवाद के आगे नहीं झुकें। क्योदो न्यूज की खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को रविवार को होने वाले उच्च सदन के चुनाव से पहले कैबिनेट मंत्रियों और अन्य की सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया क्योंकि चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं। निनोयू ने राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी के प्रमुख नाकामुरा इतारू को कैबिनेट मंत्रियों और देश के अन्य शीर्ष नेताओं को पुख्ता सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। जापान में बंदूक हिंसा के मामले बेहद कम हैं, जहां बंदूक नियंत्रण को लेकर दुनिया में सबसे सख्त कानून लागू हैं।

## जापान में प्रमुख हस्तियों पर अतीत में हुए हमले

**तोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और देश की सबसे प्रभावी शख्सियतों में शुमार शिंजो आबे की पश्चिमी जापान के नारा शहर में शुक्रवार को एक चुनाव अभियान के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। क्योदो समाचार एजेंसी के मुताबिक, आबे (67) को देश के नारा में एक रेलवे स्टेशन के सामने भाषण शुरू करने के कुछ मिनटों बाद हमलावर ने पीछे से गोली मार दी। जापान को दुनिया के सबसे सुरक्षित देशों में से एक माना जाता है जहां बंदूकों पर नियंत्रण संबंधी बेहद सख्त कानून हैं। जापान में अतीत में राजनेताओं समेत प्रमुख हस्तियों पर बंदूक से किए गए हमलों की सूची : - **1990** में, तत्कालीन नागासाकी शहर के महापौर मोतोशिमा हितोशी एक दक्षिणपंथी द्वारा गोली मारे जाने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। - **1992** में, एक दक्षिणपंथी बंदूकधारी ने लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के तत्कालीन उपाध्यक्ष कनेमारु शिन पर देश के कोचीगी प्रीफेक्चर में गोली चलाई थी। कानेमारु हालांकि इस हमले में घायल नहीं हुए थे। - **1994** में, पूर्व प्रधानमंत्री होसोकावा मोरीहिरो पर तोक्यो के एक होटल में दक्षिणपंथी समूह के एक पूर्व सदस्य ने गोली चलाई। हादसे में मोरीहिरो को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। - नेशनल पुलिस एजेंसी के तत्कालीन कमिश्नर जनरल कुनिमात्सु ताकाजी को **1995** में तोक्यो में उनके आवास के सामने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। - नागासाकी के एक और महापौर, इतो इचो को **2007** में एक संगठित अपराध समूह के एक सदस्य ने गोली मारी। जापान में बंदूक हिंसा के मामले बेहद कम हैं, जहां बंदूकों पर नियंत्रण को लेकर दुनिया में बेहद सख्त कानून हैं। आबे की सुरक्षा बेहद सख्त थी और माना जा रहा है कि हमलावर ने ऐसे हथियार से उन पर हमला किया जिसमें उसने खुद से बदलाव किए थे।

---

**क्विक न्यूज**

### घरेलू एयरलाइंस को विदेशी उड़ानों के लिए एटीएफ पर नहीं देना होगा उत्पाद शुल्क

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली घरेलू एयरलाइंस को तेल विपणन कंपनियों से विमान ईंधन (एटीएफ) की खरीद पर 11 प्रतिशत बुनियादी उत्पाद शुल्क से राहत दे दी है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू एयरलाइंस को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन के लिए बेचे जाने वाले एटीएफ पर बुनियादी उत्पाद शुल्क नही वसूला जाएगा। यह फैसला एक जुलाई से ही लागू हो गया है। सरकार ने गत एक जुलाई को विमान ईंधन के निर्यात पर छह रुपए प्रति लीटर की दर से विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उसके बाद यह संदेह पैदा हो गया था कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करने वाली घरेलू एयरलाइंस पर यह शुल्क लागू होगा या नहीं। तेल विपणन कंपनियों की यह राय थी कि एटीएफ के निर्यात पर उत्पाद शुल्क लगने के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों वाली घरेलू एयरलाइंस को 11 प्रतिशत की दर से बुनियादी उत्पाद शुल्क देना होगा। लेकिन वित्त मंत्रालय ने इस पर साफ किया है कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए घरेलू एयरलाइंस पर यह उत्पाद शुल्क नही लागू होगा। यह व्यवस्था विदेशी एयरलाइंस को उत्पाद शुल्क में दी जाने वाली छूट के अनुरूप ही होगी। केपीएमजी के कर साझेदार अभिषेक जैन ने कहा, "विदेश जाने वाले विमान के विमान ईंधन पर उत्पाद शुल्क लागू होने से सरकार ने राहत दे दी है। यह एयरलाइन उद्योग के लिए एक स्वागत-योग्य कदम है"।

### कोलकाता, देवघर हवाई अड्डे के बीच 12 जुलाई से विमान सेवा शुरू करेगी इंडिगो

**नई दिल्ली।** घरेलू विमानन कंपनी इंडिगो 12 जुलाई से कोलकाता और झारखंड के नवनिर्मित देवघर हवाई अड्डे के बीच विमान सेवा शुरू करेगी। विमानन नियामक डीजीसीए ने 29 जून को देवघर हवाई अड्डे के संचालन के लिए लाइसेंस प्रदान किया था। इसके बाद उसे ए321 और बी737 जैसे अपेक्षाकृत छोटे आकार वाले विमानों के परिचालन के प्रबंधन की मंजूरी मिली। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि 12 जुलाई से कोलकाता और देवघर के बीच उड़ानें सप्ताह में चार बार संचालित की जाएगी।

### एनसीएल ने बिजली घरों को एक दिन में 3.8 लाख टन कोयला भेजा

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक इकाई नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने बृहस्पतिवार को देश के बिजली उत्पादन संयंत्रों को 3.83 लाख टन कोयला भेजा। यह बिजली घरों की जरूरत को पूरा करने के लिए एक दिन में भेजी गई सबसे अधिक मात्रा है। कंपनी ने बताया कि कुल मिलाकर उसने बृहस्पतिवार को 4.14 लाख टन कोयला भेजा। यह 2022-23 में अब तक एक दिन में भेजी गई सबसे अधिक मात्रा है तथा कंपनी की स्थापना के बाद से दूसरी सबसे बड़ी मात्रा है। एनसीएल ने एक बयान में कहा, कोयले की मांग में तेज वृद्धि के बीच... बिजली क्षेत्र की जरूरत को पूरा करते हुए एनसीएल ने 3.83 लाख टन कोयला भेजा, जो कंपनी की स्थापना के बाद से एक दिन में सबसे अधिक है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भोला सिंह ने कहा कि टीम के अथक प्रयास से कंपनी ने नए रिकॉर्ड बनाए है। उन्होंने कोयले के खनन के दौरान सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्ता पर जोर दिया।एनसीएल ने चालू वित्त वर्ष में अबतक बिजलीघरों को 3.354 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की है।

### देवेश सचदेव एमएफआईएन के अध्यक्ष

**मुंबई।** माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क उद्योग संघ और माइक्रोफाइनेंस उद्योग के लिए आरबीआई द्वारा मान्यता प्राप्त स्व नियामक संगठन ने देवेश सचदेव संस्थापक और सीईओए फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस को चेयरपर्सन के रूप में और विवेक तिवारी, एमडी और सीईओए सत्या माइक्रोक्रेडिट लिमिटेड को वाइस चेयरपर्सन के रूप में फिर से निर्वाचित की घोषणा 4 जुलाई को 13वीं एजीएम में की है। इसके अलावाए एमएफआईएन ने अभिषेक कुमार, एमडी ,सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड और अंकुश गोलेछा निदेशक , अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड को मध्यम और छोटे एमएफआई का प्रतिनिधित्व करने की घोषणा की है।

### अंगोला के पूर्व राष्ट्रपति जोस का निधन

**लिस्बन।** दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीकी देश अंगोला के पूर्व राष्ट्रपति जोस एडुआर्डो डॉस सैंटोस का स्पेन के बार्सिलोना के एक क्लिनिक में शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे वक्त से बीमार थे। अंगोला की सरकार ने अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी है। सरकार ने कहा कि सैंटोस 79 वर्ष के थे और लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हुआ है। सरकार ने बताया कि सैंटोस 1979 में देश के राष्ट्रपति बने थे और उन्होंने 40 साल तक अंगोला पर हुकूमत की।

---

## टीसीएस का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 5.2 फीसदी बढ़कर 9,478 करोड़ रुपए रहा

भाषा। मुंबई

**टाटा** कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का संचई शुद्ध लाभ 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वार्षिक आधार पर 5.2 फीसदी बढ़कर 9,478 करोड़ रुपए पहुंच गया। इस दौरान देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी का परिचालन से संचई राजस्व वार्षिक आधार पर 16.2 प्रतिशत बढ़कर 52,758 करोड़ रुपए हो गया। टीसीएस ने एक रुपए अंकित मूल्य वाले प्रत्एक इक्विटी शेयर के लिए आठ रुपए के अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। टीसीएस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और प्रबंध निदेशक राजेश गोपीनाथन ने कहा, हम नए वित्त वर्ष की शुरुआत मजबूत रुख के साथ कर रहे हैं। हमने चौतरफा वृद्धि हासिल की है और हमें सभी क्षेत्रों में मजबूत सौदे मिले हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, बातचीत के तहत वर्तमान में सौदे और जो सौदे हो चुके हैं, दोनों मजबूत बने हुए हैं। लेकिन व्यापक-आर्थिक अनिश्चितताओं को देखते हुए हम सतर्क हैं। हमारी नई संगठन संरचना अच्छी तरह से व्यवस्थित हो गई है, और हमें अपने ग्राहकों के करीब ला रही है...। गोपीनाथन कहा कि टीसीएस प्रौद्योगिकी खर्च में तेजी और वृद्धि की गति को लेकर आश्वस्त है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी समीर सेकसरिया ने कहा कि लागत प्रबंधन के नजरिए से यह तिमाही चुनौतीपूर्ण रही है। उन्होंने कहा, पहली तिमाही में 23.1 प्रतिशत का हमारा परिचालन मार्जिन हमारे वार्षिक वेतन वृद्धि, प्रतिभा प्रबंधन की उच्च लागत और यात्रा खर्चों के सामान्य होने को दर्शाता है। हालांकि, हमारी लंबी अवधि की लागत संरचना और सापेक्ष प्रतिस्पर्धात्मकता पहले जैसी है, जो हमें लाभदायक वृद्धि पथ पर आगे बढ़ाने के लिहाज से अच्छी स्थिति में लाती है।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच इक्विटी म्युचुअल फंड में जून में आए 15,498 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में बनी उतार-चढ़ाव की स्थिति और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच इक्विटी म्युचुअल फंड में जून के महीने में शुद्ध रूप से 15,498 करोड़ रुपए आए। जून लगातार 16वां ऐसा महीना है जब इक्विटी म्युचुअल फंड में सकारात्मक रूख देखने को मिला है। हालांकि जून के आंकड़े मई 2022 की तुलना में काफी कम हैं जब म्युचुअल फंड में 18,529 करोड़ रुपए आए थे।एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। पिछले महीने की तुलना में कम निवेश की वजह निवेशकों द्वारा निवेश माहौल को लेकर बनी चुनौतियों को देखते हुए सतर्क रूख अपनाना है।हालांकि निवेशकों के बीच सकारात्मक धारणा की वजह से इक्विटी योजनाओं में मार्च 2021 से निवेश किया जा रहा है। इससे पहले जुलाई 2020 से फरवरी 2021 के बीच लगातार आठ महीने इन योजनाओं से निरंतर निकासी हुई थी।

## बाजार में तीसरे दिन तेजी जारी, सेंसेक्स 303 अंक मजबूत, साप्ताहिक आधार पर बढ़त में

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही। निवेशकों की बैंक, बुनियादी ढांचा तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 300 अंक से अधिक लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.38 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,481.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 448.68 अंक तक चढ़ा था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.70 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 16,220.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टुब्रो 4.72 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में रहा। इसके अलावा पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडसइंड बैंक, टीसीएस, विप्रो और एशियन पेंट्स शामिल हैं। इनमें 1.62 प्रतिशत तक की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, मौजूदा तेजी का एक प्रमुख कारण जिंसों के दाम में गिरावट और मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद है। इससे केंद्रीय बैंक नीतिगत दर बढ़ाने की गति धीमी होगी। इसके अलावा सौदे को पूरा करने के लिए की गई लिवाली से भी बाजार में तेजी रही। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 1,573.91 अंक यानी 2.97 प्रतिशत और निफ्टी 468.55 अंक यानी 2.97 प्रतिशत मजबूत हुए। एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने भी कहा, ...हाल में जिंसों खासकर कच्चा तेल के दाम में नरमी तथा केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दरों में वृद्धि की गति धीमी होने की उम्मीद से निवेशकों के बीच भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा, इस सप्ताह कुछ कारोबारी सत्रों में शेयर बाजारो में तेजी का कारण संभवत: मुद्रास्फीति में नरमी आने की संभावना तथा इसके कारण नीतिगत दरों में अपेक्षाकृत कम गति से वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि आने वाले सप्ताह में अमेरिका तथा भारत में महंगाई के आंकड़े आएंगे। ए आंकड़े बाजार की आगे की गति के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक मामूली नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में बृहस्पतिवार को तेज थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक बृहस्पतिवार को शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने 925.22 करोड़ मूल्य के शेयर बेचे।

## सैनोसन नेनेचुरल बेबी केयर सोप लांच किया

**नई दिल्ली।** मेड इन जर्मनी प्रीमियम बेबी केयर ब्रांड सैनोसनने भारत में बेबी केयर सोप लॉन्च किया है। यह बेबी केयर सोप सौम्य है और इसमें प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्तसामग्रियों के साथ ही सक्रिय पदार्थ हाइड्रोलाइज्ड मिल्क प्रोटीन और ऑर्गेनिक ऑलिव ऑयल हैं। यह सोपशिशु की त्वचा का खास ख्याल रखता है और साथ ही यह त्वचा की अपनीप्राकृतिक सुरक्षात्मक प्रणाली को बनाए रखने में भी सहयोग करता है। ग्लोडरमा केसेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर राजेंद्र मेहता ने कहा कि मा शिशुओं के लिए सबसे सुरक्षित और सबसे प्रभावी उत्पादप्रदान करने के लिए प्रतिबद्धहैं। सैनोसन बेबी केयर सोप शिशु की नाजुक त्वचा की देखभाल के लिए प्राकृतिक अवयवोंसे बनाया गया है और यह शिशुकी संवेदनशील त्वचा के लिए कोमल सुरक्षा प्रदान करने केलिए हाइड्रोलाइज्ड दूध प्रोटीन और ऑर्गेनिक ऑलिव ऑयल से युक्त है।

## जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए समिति का गठन हुआ

भाषा। नई दिल्ली

**जीएसटी** परिषद ने हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया है जो माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की स्थापना के लिए कानून में आवश्यक बदलावों के बारे में सुझाव देगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के गठन के बारे में विभिन्न राज्यों द्वारा जो चिंताएं जताई गई हैं उनका समाधान निकालने के लिए मंत्री समूह बनाने का निर्णय पिछले हफ्ते लिया था।जीओएम के नियम एवं शर्तों के मुताबिक समिति जीएसटी अधिनियम में आवश्यक संशोधन की सिफारिश करेगी। छह सदस्ईय समूह यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी संशोधन न्यायाधिकरण की स्थापना से संबंधित विभिन्न अदालती फैसलों के अनुरूप हों। मंत्री समूह 31 जुलाई तक परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंप देगा। जीओएम के अध्यक्ष चौटाला हैं। इसके अन्य सदस्य हैं, आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री बुग्गाना राजेंद्रनाथ, गोवा के उद्योग मंत्री मौविन गोडिन्हो, राजस्थान के कानून एवं वैधानिक मामलों के मंत्री शांति कुमार धारीवाल, उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और ओडिशा के वित्त मंत्री निरंजन पुजारी।

मंत्री समूह राज्यों की चिंताओं को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के आलोक में देखेगा जिसमें कहा गया था कि जीएसटीएटी में तकनीकी सदस्यों की संख्या न्यायिक सदस्यों से अधिक नहीं होनी चाहिए। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने सोमवार को कहा था कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के गठन के बारे में मंत्रियों की समिति एक महीने के भीतर अपनी सिफारिश देगी।

## रियल एस्टेट समूह पर छापेमारी में आठ करोड़ की नकदी, आभूषण बरामद किए

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने दवा एवं रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े एक समूह के पास से बेहिसाब नकदी, आभूषण और सोना-चांदी बरामद किए हैं जिनकी कीमत आठ करोड़ रुपए से अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को बताया कि समूह के दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा स्थित 25 परिसरों पर 29 जून को छापेमारी की कार्वाई शुरू की गई थी। समूह की पहचान जाहिर नहीं की गई है। सीबीडीटी ने कहा कि यह समूह बड़े पैमाने पर दवाओं की बिना लेखा-जोखा वाली नकद बिक्री में शामिल है। बयान में कहा गया, ऐसा पाया गया कि समूह ने बड़ी संख्या में खरीद, वेतन भुगतान तथा अन्य खर्चे नकद में किए। लेनदेन में शामिल एक महत्वपूर्ण व्यक्ति ने स्वीकार किया है कि अफगानिस्तान को दवाएं बेचने के लिए हवाला का रास्ता अपनाया गया। प्राथमिक विश्लेषण में पाया गया कि इस तरह के हवाला नेटवर्क के जरिए 25 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ।

## बैंक खातों पर रोक हटाने के वीवो के अनुरोध पर गौर करे ईडी: दिल्ली उच्च न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता कंपनी वीवो के अनुरोध पर वह विचार करे जिसमें कंपनी ने कुछ देनदारी के निपटान के लिए बैंक खातों से लेनदेन करने की इजाजत मांगी है। दिल्ली उच्च न्यायालय वीवो के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धनशोधन जांच के सिलसिले में बैंक खातों पर रोक लगाने के खिलाफ कंपनी की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने ईडी से कहा कि वीवो की इस याचिका पर उसका क्या रूख है, वह बताए। इसके साथ अदालत ने कहा कि अब इस मामले पर 13 जुलाई को विचार किया जाएगा। वीवो के अधिवक्ताओं ने अदालत में कहा था कि बैंक खातों पर रोक लगने से याचिकाकर्ता का कामकाज रूक गया है जिसकी वजह से वह कर्मियों को वेतन नहीं दे पा रही और करोड़ों रुपए के वैधानिक बकाया का भुगतान भी नहीं कर पा रही। ईडी की ओर से पेश अधिवक्ता जोहेब हुसैन ने अदालत को सूचित किया कि तलाशी अभियान आज खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह याचिका समय से पहले दाखिल की गई है और याचिकाकर्ता को वैधानिक प्रक्रियाओं के पूरा हो जाने का इंतजार करना चाहिए था। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ के समक्ष यह याचिका आई थी जिन्होंने इसे तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पांच जुलाई को वीवो और संबंधित कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के सिलसिले में कई स्थानों पर तलाशी ली थी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर छापेमारी की गई थी।

# सपा अध्यक्ष की ओर से तलाक मिलने का है इंतजारः ओम प्रकाश राजभर

भाषा। बलिया/मऊ



**सुहेलदेव भारतीय** समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) से बढ़ती तल्खी की खबरों के बीच कहा कि उन्हें अखिलेश यादव की तरफ से तलाक मिलने का इंतजार है, लेकिन वह स्वयं सपा से गठबंधन तोड़ने की पहल नहीं करेंगे। सुभासपा और सपा के बीच तल्खी बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की पत्रकार वार्ता में भी नजर आई थी क्योंकि सपा ने इस पत्रकार वार्ता में गठबंधन के एक अन्य सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत सिंह को तो बुलाया था लेकिन सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर नजर नहीं आए थे।

मऊजिले में पार्टी की एक बैठक में सम्मिलित होने जा रहे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजभर ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में स्पष्ट किया कि वह सपा से गठबंधन तोड़ने को लेकर अपने स्तर से पहल नहीं करेंगे। उन्होंने सपा से तल्खी को लेकर मीडिया में आई खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, उन्हें सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ से तलाक मिलने का इंतजार है। उन्होंने कहा, वह अब भी सपा के साथ हैं। अखिलेश यादव यदि उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहेंगे, तो वह सपा के साथ जबरदस्ती नहीं रहेंगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष द्वारा विपक्षी दलों के संयुक्त राष्ट्रपति पद उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के समर्थन में आयोजित बैठक में सम्मिलित नहीं होने को लेकर पूछे जाने पर कहा कि अखिलेश यादव भूल गए होंगे, इसलिए उन्हें बैठक में नहीं बुलाया। मऊसे मिली खबर के अनुसार यहां हिंदी भवन में आयोजित पार्टी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजभर ने यही बात दोहराई। उन्होंने सपा प्रमुख यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उन्हीं से पूछिए कि उन्होंने क्यों नहीं बुलाया। राजभर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वह राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में अपने फैसले की घोषणा 12 जुलाई को करेंगे। उन्होंने कहा कि वह शुक्रवार को मऊऔर शनिवार को बलिया एवं गाजीपुर में पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात करेंगे तथा इसके बाद अपना फैसला सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने यशवंत सिन्हा के समर्थन को लेकर पूछे जाने पर कहा कि अभी कुछ भी तय नहीं है। अखिलेश यादव ने सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की राजभर की सलाह को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा था कि सपा को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और रामपुर और आजमगढ़ लोकसभा सीटों के हाल में सम्पन्न उपचुनाव में सपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से ओमप्रकाश राजभर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के रवैए के खिलाफ मुखर हैं। उन्होंने अखिलेश को वातानुकूलित कमरे से बाहर निकलकर सड़क पर संघर्ष करने की सलाह दी थी। राजभर ने यह भी कहा था कि सपा और बसपा को वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ना चाहिए। सुभासपा प्रमुख की दलील थी कि जब दोनों ही दल पिछड़ों और वंचितों की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो फिर चुनाव अलग-अलग क्यों लड़ते हैं? सुभासपा और सपा ने 2022 का विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था।

# शराब पीने के बाद संदिग्ध परिस्थिति में दो युवकों की मौत, हंगामा

● उझानी कोतवाली क्षेत्र की घटना

भाषा। बदायूं

**बदायूं जिले** के उझानी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा कछला में शुक्रवार दोपहर को दो युवकों की एक घंटे के अंतराल पर कथित तौर पर शराब पीने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पुलिस ने शराब की तीन दुकानों को सील कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि उझानी कोतवाली इलाके के कस्बा कछला निवासी अखिलेश (35) शराब पीने का आदी था। शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक वह शराब पीकर घर लौटा और कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। परिजन उसके शव के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान वहां हलवाई की दुकान पर काम करने वाले पिंटू (26) की भी उसी दुकान से लेकर पी गई शराब से मौत हो गई। अचानक दो लोगों की शराब पीकर मौत के बाद लोगों में आक्रोश भर गया और उन्होंने ठेके पर पहुंचकर हंगामा शुरू किया और सड़क को जाम कर दिया।

परिजनों का आरोप है कि वहां मौजूद ठेके पर बिक रही शराब मिलावटी है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम बदायूं तथा पुलिस अधीक्षक (नगर) ने कस्बे में मौजूद तीन ठेकों की शराब व बीयर के नमूने जांच के भेजे और दुकानें सील कर दी। दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। एसपी सिटी ने बताया कि ठेकों पर पूरे दिन बिक्री हुई थी, लेकिन मौत केवल दो लोगों की हुई है। बदायूं की जिलाधिकारी दीपा रंजन ने बताया कि कस्बा कछला क्षेत्र में शराब पीने से दो लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद कस्बे में स्थित शराब की तीनों दुकानें सील करा दी गई हैं। शराब की सैंपलिंग भी की गई है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्वाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले पंचायत चुनाव में मूसाझाग थाना क्षेत्र के तिगुलापुर गांव में जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हुई थी, जबकि एक युवक की आंखों की रोशनी भी जा चुकी।

## क्विक न्यूज

### बकरीद के दिन तीन घंटे के लिए ताजमहल परिसर में निशुल्क प्रवेश

**आगरा (भाषा)।** आगरा स्थित विश्व प्रसिद्ध ताजमहल परिसर में रविवार को बकरीद के अवसर पर सुबह सात से 10 बजे तक निशुल्क प्रवेश मिलेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छूट नमाजियों और गैर नमाजियों दोनों के लिए होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) में अधीक्षण पुरातत्वविद राजकुमार पटेल ने बताया कि प्रातः सात बजे से लेकर प्रातः 10 बजे से पहले या बाद में यदि कोई सैलानी ताजमहल परिसर में प्रवेश करता है, तो उसे टिकट लेना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस दिन ताजमहल परिसर में प्रवेश प्रातः सात बजे से प्रातः 10 बजे तक मात्र तीन घंटे के लिए ही निशुल्क रहेगा।

### बकरीद से पहले बकरों से लदे पिकअप वैन को लूटा

**प्रयागराज (भाषा)।** जिले के गंगापार थरवई थाना क्षेत्र में सोरांव बाईपास के पास शुक्रवार को तड़के बकरों से लदे पिकअप वैन को मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने असलहे के दम पर कथित रूप से लूट लिया। थरवई पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद इमरान इस पिकअप वैन को फतेहपुर से वाराणसी ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तड़के मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने असलहे के बल पर वैन को लूट लिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इमरान की तहरीर पर भारतीय दंड संहिता की धारा 392 और 506 के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पिकअप वैन में लगभग 40 बकरे लदे थे। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बकरीद निकट होने से बकरों के ऊंचे दाम मिलने के लालच में इस लूट की घटना को अंजाम दिया गया।

### अज्ञात बदमाशों ने छात्र को गोली मारी, हालत गंभीर

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले के गंगोह थाना इलाके में शुक्रवार को कोचिंग सेंटर से लौट रहे एक छात्र को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी, जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने शुक्रवार को बताया कि थाना गंगोह के दूधला मार्ग पर आज कोचिंग से लौट रहे छात्र मुकन्द (20) पर अज्ञात बदमाशों ने गोली चला दी। हमलावरों ने मुकन्द की बाइक को ओवरटेक करके अपनी बाइक आगे लगा दी और मुकुन्द को गोली मारकर फरार हो गए। राय ने मुकन्द के साथ आ रहे छात्रों के हवाले से बताया कि हमलावरों ने दहशत फैलाने के लिए पहले कई राउण्ड हवाई फायर भी किए थे। उन्होंने कहा कि मुकन्द के पिता भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी के वाहन चालक रह चुके हैं। राय ने बताया कि फिलहाल घायल छात्र का उपचार चल रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। हमले का कारण छात्रों की आपसी गुटबाजी भी मानी जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### कार की टक्कर से दो बच्चों की मौत, दो अन्य घायल

**सहारनपुर (भाषा)।** सहारनपुर जिले के नकुड़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने एक ही परिवार के चार बच्चों को टक्कर मार दी, जिससे दो बच्चों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि थाना नकुड़ के ग्राम मोहनपुर के चार बच्चे अंश (12), निक्की (छह), अंजली (चार) और खुशप्रीत (चार) गांव की दुकान से कुछ सामान खरीदने जा रहे थे, तभी सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार अल्टो कार ने इन बच्चों को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल चारों बच्चों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां अंश और अंजली को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल अन्य दोनों बच्चों का उपचार चल रहा है। राय ने बताया कि दोनों मृत बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद कार चालक कार को वही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मथुरा में ट्रैक्टर-ट्राली के पलटने से चालक की मौत

**मथुरा (भाषा)।** मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड पर ट्रैक्टर-ट्राली के पलट जाने से 50 वर्षीय चालक की मौत हो गई तथा ट्राली पर सवार दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीश चंद्र ने बताया कि मांट थाना के अंतर्गत जाबरा खंड के गांव नगला वासुदेव निवासी देवीशरण (50) शुक्रवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गेहूं लादकर मंडी जा रहे थे, तभी यमुना एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 102 के निकट सर्विस रोड पर गड्ढे से बचने की कोशिश में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबकर देवीशरण की मौके पर ही मौत हो गई। उनके अलावा ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार तनीषा और सुनील घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक का शव निकालने के लिए क्रेन के इंतजार में खड़ी रही। इससे मौके पर पहुंचे मृतक के परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि परिजन इतने नाराज थे कि उन्होंने पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाए जा रहे मृतक के शव को पुलिस से कई बार छुड़ा लिया। पुलिस उन्हे बमुश्किल शांत करा पाई। काफी समझाने के बाद अंततः शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

### जिला कारागार में रिहाई से एक दिन पहले बंदी की मौत, परिजनों ने मारपीट का लगाया आरोप

**सुल्तानपुर (भाषा)।** सुल्तानपुर जिला कारागार में बंद एक कैदी की रिहाई से एक दिन पहले मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुल्तानपुर कोतवाली नगर क्षेत्र के खैराबाद निवासी इरशाद (32) को 15 दिन पहले चोरी के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शुक्रवार को इरशाद की रिहाई होनी थी, लेकिन इससे पहले बृहस्पतिवार की रात में उसकी मौत हो गई। मृतक कैदी के परिजनों ने जेल प्रशासन पर आरोप लगाया है कि इरशाद के शरीर पर चोट के निशान पाए गए है और जेल के अंदर उसके साथ मारपीट की गई है। परिजनों ने दावा किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद न्याय की मांग करेंगे। कोतवाली नगर प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि जिला कारागार में बंद कैदी की मौत का मामला संज्ञान में है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कैदी की मौत का कारण सामने आएगा। यह पूछे जाने पर कि क्या मृतक कैदी के परिजनों ने जेल प्रशासन के खिलाफ कोई तहरीर दी है, तो उन्होंने कहा कि मुझे कोई तहरीर नही मिली है।

### ट्रक, तिपहिया वाहन की टक्कर में दो लोगों की मौत, नौ घायल

**गाजीपुर (भाषा)।** वाराणसी गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित खानपुर थाना के सिधौना बाजार में एक ट्रक और तिपहिया टेंपो की टक्कर में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई तथा परिवार के नौ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिधौना के थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया, घटना में रामजी बंसफोर (45) और उसकी बहन चंपा बंसफोर (47) की मौत हो गई, जबकि परिवार के नौ अन्य सदस्य घायल हो गए। हादसा जिले के सादपुर इलाके में बृहस्पतिवार की रात हुआ। ए लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और घटना में शामिल ट्रक को भी बरामद कर लिया गया है, जिसे चालक सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया था।

# बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य, बीडीसी व ग्राम प्रधानों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**खागा ( फतेहपुर )।** ऐरायां ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी ग्राम प्रधानों की एक आवश्यक बैठक ब्लाक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह के नेतृत्व वाह खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर सिंह, खंड विकास अधिकारी आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। खागा तहसील क्षेत्र के विकास खंड ऐरायां ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य बीडीसी व ग्राम प्रधान की बैठक करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 भुवनेश्वर सिंह ने बताया कि पशुपालकों के पशु को उपलब्ध होने वाली सुविधाएं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारियां दिया और गांव के शिक्षित युवकों को टैक व टीकाकरण के प्रैक्टिस के लिए सुविधा आदि के संबंध में जानकारियां दिया। वही खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार ने ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के स्तर पर परिवर्तन लाने का अथक प्रयास समभाव ग्रामवासियों को योगदान और सुविधाओं की जानकारियां दी।

वही खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने 13वें वित्त से 15वें वित्त तक की सुविधा, आवास, शौचालय, जल निकासी, जल संचय, पेयजल की योजना, आजीविका मिशन, कुटीर उद्योग, सखी सहेली बाल विकास परियोजना आदि पर चर्चा कर गांव स्तर में पात्रों को लाभ दिलाने की विकास योजना पर जागरूक किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भुवनेश्वर सिंह खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य ग्राम प्रधान, बीडीसी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# दुर्घटना में मां-बेटा व देवर घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंझिलगांव टोल प्लाजा के समीप एनएच-2 में शुक्रवार की दोपहर चार पहिया की टक्कर से मां-बेटा व देवर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर अकोढ़िया गांव निवासी पिंटू की 26 वर्षीय पत्नी रेशमा अपने आठ वर्षीय पुत्र मनीष व देवर विष्णु पासवान के साथ मोटरसाइकिल द्वारा कौशाम्बी जनपद के सिराथू रिश्तेदारी में जा रही थी। बाइक जैसे ही मंझिलगांव टोल प्लाजा के समीप एनएच-2 पर पहुंची उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मां-बेटे को सरकारी एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पत्नी से दुष्कर्म और वीडियो बनाने के मामले में पति व उसके दोस्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

भाषा। गोरखपुर




**गोरखपुर जिले** के खोराबार थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और उसके दोस्त के खिलाफ दुष्कर्म करने और पूरी घटना का वीडियो बनाने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल चंवरी इलाके का निवासी राजकुमार पिछले छह माह से अपने दोस्त विक्की उर्फ लकी के साथ शराब पीकर घर लौटता और अपने दोस्त के सामने अपनी पत्नी से दुष्कर्म करता और इस कुकृत्य में दोस्त को भी शामिल करता था। पत्नी ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर अक्सर उसके साथ मारपीट की जाती। बुधवार को भी जब उसने विरोध किया तो उसके साथ दुष्कर्म किया और कथित तौर पर एक वीडियो क्लिप बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे दी।

पुलिस ने अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के निर्देश पर राजकुमार और विक्की के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 506 (आपराधिक धमकी), 354 (किसी भी महिला को कपड़े उतारने के इरादे से आपराधिक बल प्रयोग), 376 (बलात्कार) और 498 ए (पति या पति के रिश्तेदार ने उसे क्रूरता का शिकार बनाया) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा- 67 के तहत मामला दर्ज किया और दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) कृष्ण कुमार ने बताया कि एक महिला ने अपने पति और उसके दोस्त पर पिछले छह माह से उसकी सहमति के बिना जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उसने उनका विरोध किया तो उन्होंने न केवल उसे पीटा बल्कि उसे अपने घर से बेदखल करने की धमकी भी दी। पति ने छह जून को उसकी पिटाई की, दुष्कर्म किया और इस कृत्य का एक वीडियो क्लिप भी बनाया और क्लिप को वायरल करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि एडीजी जोन के निर्देश पर दुष्कर्म, मारपीट व आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# किसानों के हित में नहरों का पानी टेल तक पहुंचाएः डीएम

संवाददाता। बांदा



**जिलाधिकारी अनुराग** पटेल की अध्यक्षता में मासिक विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। निर्देश दिये कि किसानों के हित को देखते हुए नहरें चलायी जायें तथा टेल तक पानी पहुंचाया जाए ताकि किसानों को फसल बोने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पडे। अधिशाषी अभियंता केन कैनाल ने बताया कि 5 जुलाई से नहरें संचालित हैं तथा टेल तक पानी पहुंचाया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जांच कराने के निर्देश दिये कि मौके पर जाकर देखें कि नहरें पूरी क्षमता के साथ चल रही हैं तथा किसानों के टेल वाले गॉव तक पानी पहुंच रहा है कि नही। बैठक में सचिव मण्डी समिति के अनुपस्थित होने पर शासन को पत्राचार कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी श्री पटेल ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि किसानों के हित को ध्यान में रखकर गौवंशों को छुट्टा न रहने दिया जाए और समस्त खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से गौवंशों को बाडे में रखा जाना सुनिश्चित किया जाए और ताकि किसानों की बोई जा रही फसलों को किसी प्रकार का नुकाशान न हो सके। उन्होंने कहा कि पशुओं को बीमारी से बचाने हेतु टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सहभागिता योजना के अन्तर्गत जिन किसानों को प्रति पशु 900.रूपये प्रति माह दिया जा रहा है सिर्फ उन्ही किसानों का पेमेन्ट किया जाए जिन किसानों ने छुट्टा गौवंश पाल रखा है यदि गलत पेमेन्ट किया गया तो इसकी सारी जिम्मेदारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की होगी।

सिंचाई, विद्युत, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, पंचायती राज विभाग, उद्योग बन्धु, श्रम पोर्टल, खादी ग्रामोद्योग, ,जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जितनी भी लाभार्थीपरक योजनायें हैं उनकी प्रगति माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाए और विकास से सम्बन्धित जितने भी कार्य हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान मीटिंग में उपस्थित अधिषाशी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि एक सप्ताह में समस्त विभागों से सम्पर्क कर कि बजट है या नही अवगत कराया जाए ताकि विद्युत का पेन्डिगं भुगतान कराया जा सके। टीकाकरण तथा ईयर टैगिंग एवं चिकित्सकों की उपलब्धता विषयक समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत गोल्डेन कार्ड तथा हेल्थ वेलनेस सेन्टर में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। एम्बूलेन्स की लगातार चेकिंग कराये जाने हेतु निर्देशित किया और कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाये। सभी एम्बूलेन्स सक्रिय रखी जाये तथा जो प्रशासन.पोषण.पाठन अभियान के अन्तर्गत जो प्रथम एवं द्वितीय चरण में लगाये गये अधिकारियों के गोद लिए गये ऑगनबाडी केन्द्रों तथा विद्यालयों में टीम भेंजकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण लगातार कराया जाए और दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में रहे। अमृत योजना के अन्तर्गत हाउस कनेक्शनए राइजिंग मेन के सहित कार्य माह के अंत तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# पहली कक्षा के छात्र को विद्यालय के कमरे में बंद कर घर चले गए शिक्षक, जांच के आदेश

**बलिया ( भाषा )।** बलिया जिले के बेरुआरबारी शिक्षा क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में पहली कक्षा के एक छात्र को शिक्षक और विद्यालय कर्मी कमरे में ही बंद कर घर चले गए। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। सिंह के मुताबिक खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्र को मामले की तत्काल जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने पर दोषी जनों के विरुद्ध आवश्यक कार्वाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया जिसके अनुसार बेरूआरबारी शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुखपुरा नम्बर एक में पहली कक्षा के छात्र आदित्य को कक्षा में ही बंद कर विद्यालय कर्मी घर चले गए।

# दो साल बाद बकरीद पर्व पर बाजार में दिखा जबरदस्त उत्साह

● 42 वार्डों में युद्ध स्तर पर हो रही साफ-सफाईः नपा अध्यक्ष

संवाददाता। मऊ

**कोरोना काल** के दो साल के अंतराल के उपरांत जिले में कुर्बानी के पर्व ईद.उल.अजहा बकरीद पर्व को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। पर्व को लेकर जिले में जोरशोर के साथ तैयारी चल रहा है। बाजार में कुर्बानी के लिए मवेशियों की खरीददारी के लिए लोग काफी संख्या में उमड़ रहे हैं। मवेशियों के साथ ही सेंवई, टोपी, कपड़ा, जूता.चप्पल की खरीददारी के लिए भी मुस्लिम भाई दुकानों पर काफी संख्या में दिखाई दिए। हालांकि धूप की वजह से अधिकतर लोग शाम पांच बजे के बाद ही खरीददारी के लिए बाजार में दिख रहे हैं। पालिकाध्यक्ष मुहम्मद तय्यब पालकी ने ईद उल अज़हा को लेकर नगर पालिका के कर्मचारियों को मुकम्मल साफसफाई को लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिया है। श्री पालकी ने बताया कि ईद उल अज़हा के त्योहार को मद्देनजर नगर क्षेत्र के सभी 42 वार्डों में साफसफाई का कार्य युद्ध स्तर किया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका परिषद में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है किसी प्रकार की गन्दगी की सूचना मिलने पर तुरन्त सफाई कराया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी लोगों को नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग की भी अपील किया है। उधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को सख्त दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। उधर अदरी में बकरा मंडी सज गई है।

# बांदा के प्रसिद्ध कठिया गेहूं को ओडीओपी में शामिल करने की उठी मांग

● कई बीमारियों में है फायदेमंद

संवाददाता। बांदा





**उत्तर प्रदेश** के बुंदेलखंड हिस्से में उगने वाला कठिया गेहूं पूरे देश मे प्रसिद्ध है, जिसे यहां के किसान ऑर्गेनिक विधि से अपने खेतों में उगा रहे हैं, यह दलिया के रूप खाने में भी उपयोग होता है। इसकी उत्पादकता बढ़ाने और ओडीओपी में शामिल कराने के लिए बांदा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशाप में आधे सैकड़ा से ज़्यादा किसानों ने भाग लिया और इसके फायदे और खेत मे पैदावार, उत्पादन की विधि बताकर अन्य किसानों को प्रेरित किया। उचित मूल्य न मिलने और खेत मे उत्पादन कम होने से किसान इसकी में कम बुआई करते हैं लेकिन जिला प्रशासन ने बैठक कर सभी को उचित मूल्य दिलाने के प्रयास करने की बात कही है।

किसानों ने बताया कि कठिया गेंहू की खेती बुंदेलखंड में पुरानी है, इसका उपयोग बिस्किट, सूजी, दलिया, उपमा आदि के रूप में किया जाता है। साथ ही दक्षिण भारत में लोग इसको नाश्ते के रूप में प्रयोग करते हैं। इसकी उत्पादकता प्रति बीघे 2 कुंतल से 25 कुंतल तक है। बाजार में इसकी 3500 रु प्रति कुंतल है और करीब 135 दिन में कम पानी मे उगाया जा सकता है।

इसको खाने से पेट में गैस, कब्ज की बीमारी नही होती, डीएम ने कार्यशाला आयोजित कर इस गेंहू को ब्रांड के नाम से बनाकर बढ़ावा देने की बात रखी, साथ ही जिले के सभी अधिकारियों से इसे खरीदने के लिए कहा जिससे किसानों को उचित मूल्य मिलेगा और आय भी दोगुनी होगी। उन्होंने इस गेंहू को कठिया पेट की लाल दवा नाम से इस ब्रांड का नामकरण भी किया। जिला अधिकारी बांदा अनुराग पटेल कार्यशाला में बोलते हुए बताया कि मैं किसान का बेटा हूं कठिया गेहूं की ताकत दार होता है डाइजेशन पेट सब सही करता है कटिया गेहूं रामबाण पेट के लिए है। बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश में इसे मुख्य नाम से प्रमोट किया जाना चाहिए इसका प्रयोग, दवाओं में बालूशाही में सभी जगह प्रयोग किया जाता है। उन्नति शील किसान प्रेम सिंह, राजा भइया ने काफी प्रकाश डाला।

# टी-20 में वापसी कर रहे कोहली बढ़ा दबाव

● दूसरा मैच आज: इंग्लैंड भी जोश में

● भारत के युवाओं से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



**भाषा।** बर्मिंघम

इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को दूसरे मैच के जरिए पांच महीने बाद टी20 क्रिकेट में वापसी कर रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर लंबे खराब फॉर्म से निजात पाने का भारी दबाव होगा। कोहली ने आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी में खेला था। अक्टूबर नवंबर में टी20 विश्व कप में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद से वह सिर्फ दो टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान सिर्फ आईपीएल में टी20 क्रिकेट खेला लेकिन उसमें भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। टीम की रोटेशन नीति के तहत कोहली और अन्य सीनियर खिलाड़ियों को समय समय पर आराम दिया जाता है। उनकी जगह दीपक हुड्डा जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया और उसके फॉर्म को देखते हुए उसे टीम से बाहर कर पाना मुश्किल होगा। कोहली के क्रम पर बल्लेबाजी कर रहे हुड्डा ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में 17 गेंद में 33 रन बनाए। अगर उन्हें बरकरार रखा जाता है तो कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना होगा। ऐसे में ईशान किशन को बाहर रहना होगा। कोहली ने टी20 में आखिरी अर्धशतक पारी की शुरूआत करते हुए ही बनाया था। कोहली को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला में भी ब्रेक दिया गया है। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो मैच इस प्रारूप में उनके भविष्य को देखते हुए काफी अहम होंगे। कोहली अपने आप को कई बार साबित कर चुके हैं लेकिन युवा खिलाड़ियों के बेखौफ खेल को देखते हुए उन्हें फिर अपने चिर परिचित रंग में लौटना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित की वापसी हुई है जो कोरोना संक्रमण के कारण टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे। भारतीय खिलाड़ियों ने पहले मैच में पारंपरिक अंदाज में नहीं खेला चूंकि विश्व कप में खराब प्रदर्शन की वजह यह भी थी। पावरप्ले में 66 रन बने और विकेट गिरने के बावजूद भी तेजी से रन बनते रहे। भारत को हालांकि फिनिशिंग पर काम करना होगा। कोहली, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर भी टी20 टीम से जुड़ गए हैं। पहले मैच में भारत को एक बल्लेबाज की कमी खली हालांकि टीम ने 198 रन बने। अक्षर पटेल की जगह आए जडेजा से बल्लेबाजी मजबूत नजर आ रही है। भुवनेश्वर कुमार ने नई गेंद से प्रभावित किया और अब बुमराह भी उनके साथ जुड़ जाएंगे। अर्शदीप का पदार्पण सफल रहा लेकिन वह अगले दो मैचों में टीम में नहीं है तो उमरान मलिक को मौका मिल सकता है। हार्दिक पंड्या ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। रोहित को क्षेत्ररक्षण में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## भारत अगले एफटीपी चक्र में दो बार आस्ट्रेलिया का दौरा करेगा, टेस्ट मैच की संख्या बढ़कर पांच हुई

**मेलबर्न।** भारतीय टीम 2024-2032 के अगले भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) चक्र मे दो बार आस्ट्रेलिया का दौरा कर सकती है जिसमे प्रतएक श्रृंखला मे टेस्ट मैचों की संख्या मौजूदा चार से बढ़कर पांच हो गई है। द ऐज की खबर के अनुसार क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने हाल मे घरेलू और अंतराष्ट्रीय प्रसारकों को इसके बारे में सूचित किया कि उसने अगले एफटीपी मे भारत और इंग्लैंड से दो पूर्ण टेस्ट दौरे हासिल किए है जिसमे भारत के दौरों को चार से बढ़ाकर पांच मैचों की श्रृंखला कर दिया गया है। आस्ट्रेलिया के अंतिम दो टेस्ट दौरों में भारत ने जीत दर्ज की जिसमे प्रतएक श्रृंखला में चार मैच थे और ए दो जीत उसके इतिहास में दर्ज हो गई। मौजूदा आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एफटीपी 2018 से 2023 तक है जो पुरूषों के 50 ओवर आईसीसी विश्व कप के साथ समाप्त होगी जो अगले साल भारत मे अक्टूबर-नवंबर मे खेला जाएगा। पूर्ण एफटीपी के आधिकारिक रूप से इस महीने के अंत मे घोषित होने की संभावना है जो बर्मिंघम मे 25 और 26 जुलाई को आईसीसी की सालाना बैठक के करीब होगा।

## भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे पर तीन वनडे मैच खेलेगी

**नई दिल्ली।** भारत अगले महीने तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। इस दौरे की आधिकारिक तौर पर तारीखों की घोषणा की जानी बाकी है, लेकिन क्रिकबज की खबर के मुताबिक ए मैच आईसीसी एकदिवसीय सुपर लीग का हिस्सा होंगे और इन्हें क्रमशः 18, 20 और 22 अगस्त को खेला जाएगा। जिम्बाब्वे के लिए यह श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसके अंक अगले साल के एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन के लिए गिने जाएंगे। इस क्रिकेट पोर्टल से जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) के एक अधिकारी ने कहा, हम भारत की मेजबानी करने को लेकर बहुत खुश है। हम एक प्रतिस्पर्धी और यादगार श्रृंखला की उम्मीद करते हैं।

# सात श्रृंखलाओं में सात कप्तान होना आदर्श नही लेकिन हम कुछ नही कर सकते हैं : गांगुली

**भाषा।** नई दिल्ली



बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ऐसे व्यक्ति हैं जो हमेशा निरंतरता में भरोसा रखते हैं और उनका कहना है कि सात महीनों के अंदर सात कप्तान होना आदर्श नहीं है लेकिन कुछ अपरिहार्य कारणों से चीजें इस तरह से हुई कि ऐसा करना पड़ा। गांगुली ने अपना 50वां जन्मदिन लंदन में अपने दोस्तों और परिवार के साथ मनाया। उन्होंनें कई मुद्दों पर बात की। इस चर्चा में कई कप्तानों, कार्यभार प्रबंधन, मीडिया अधिकारों के मूल्यांकन और बोर्ड की अगुआई के मुद्दे शामिल थे। सवाल : हमने विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह को भारतीय कप्तान के तौर पर देखा और अब वनडे में शिखर धवन। निरंतरता प्रभावित हुई। आपका क्या कहना है? जवाब : मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि इतने कम समय में सात अलग कप्तान रखना आदर्श नहीं है लेकिन ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियां पैदा हुई। जैसे रोहित सफेद गेंद क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका में अगुआई करने वाले थे लेकिन दौरे से पहले वह चोटिल हो गए। इसलिए राहुल ने वनडे में कप्तानी की और फिर हाल में दक्षिण अफ्रीका की घरेलू श्रृंखला में राहुल श्रृंखला शुरू होने से एक दिन पहले चोटिल हो गया। इंग्लैंड में रोहित अभ्यास मैच खेल रहा था जब उसे कोविड-19 संक्रमण का पता चला। इन हालात के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। कैलेंडर इस तरह का है कि हमें खिलाड़ियों को ब्रेक देना होता है और फिर किसी को चोट भी लग जाती है तो हमें कार्यभार प्रबंधन को भी देखना होता है। सवाल : आपको लगता है कि व्यस्त एफटीपी (भविष्य दौरा कार्यक्रम) ऐसी स्थितियां बना रहा है जिसमें हम खिलाड़ियों को कार्यभार प्रबंधन के मुद्दों के कारण कई ब्रेक लेते देख रहे हैं? जवाब : अपने पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा मानना रहा है कि जितना आप खेलोगे, उतना बेहतर होगे और उतना ही फिट होगे। इस स्तर पर आपको गेम टाइम चाहिए और आप जितने ज्यादा से ज्यादा मैच खेलोगे, उतना आपका शरीर मजबूत होगा। हां, आईपीएल 2008 से शुरू हुआ लेकिन मैं चाहूंगा कि आप देखें कि हमने अपने करियर में कितना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। अगर आप तुलना करो तो कैलेंडर वर्ष में भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का स्तर ज्यादा नहीं बढ़ा है। हमने काफी वनडे क्रिकेट खेला इसलिए अगर आप देखोगे तो अंतरराष्ट्रीय मैचों के दिन की संख्या लगभग समान ही है। सवाल : अब आईपीएल में 10 टीमें हैं और बीसीसीआई को आगामी वर्षों में टीमों और मीडिया अधिकारों की बिक्री से 60,000 करोड़ रूपए से ज्यादा की कमाई होगी। तो आपको नहीं लगता कि भविष्य में हम जो खिलाड़ी तैयार करेंगे, उनके हुनर से समझौता होगा क्योंकि संख्या भी बढ़ेगी? जवाब : बिलकुल नहीं। बल्कि इसके उलट, मैं कहूंगा कि भारतीय क्रिकेट में प्रतिभा का पूल समय के साथ बढ़ेगा ही और आईपीएल ने हमें दिखा दिया है।

## फीफा से भ्रष्टाचार के आरोप में ब्लैटर और प्लाटिनी बरी

**बेलिनजोना।** फीफा के पूर्व अध्यक्ष सेप ब्लैटर और मिशेल प्लाटिनी को स्विट्जरलैंड की एक आपराधिक अदालत ने फीफा से धोखाधड़ी करने के आरोप से शुक्रवार को बरी कर दिया। भ्रष्टाचार के आरोपो से पहले ए जोड़ी फुटबॉल संचालन के मामले मे दुनिया की सबसे शक्तिशाली हस्तियों में शामिल थी।

## गुजरात में 27 सितंबर से होंगे राष्ट्रीय खेल : पटेल

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को घोषणा की कि 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच प्रदेश मे होगे। गुजरात पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। मुख्यमंत्री पटेल ने सुबह ट्वीट किया , गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच होंगे। मै भारतीय ओलंपिक संघ का शुक्रगुजार हूं जिसने इन खेलों की मेजबानी की गुजरात की पेशकश स्वीकार की।

## यूएफा चैम्पियंस लीग के लिए पूरी तरह तैयार हूं : कल्याण

नई दिल्ली। स्टार स्ट्राइकर मनीषा कल्याण यूएफा चैम्पियंस लीग में अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है जिसमे इससे पहले कोई भी भारतीय महिला फुटबॉलर नही खेली है। मनीषा ने हाल में साइप्रस के क्लब अपोलोन लेडीज एफसी से अनुबंध किया है जो यूएफा महिला चैम्पियंस लीग क्वालीफिकेशन में खेलेगा। 20 साल की यह खिलाड़ी पिछले साल ब्राजील के खिलाफ उसकी ही सरजमी पर गोल करके सुर्खियों में आई थी।

## शर्मा स्कॉटिश ओपन में शीर्ष 30 में

**नॉर्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)।** आखिर मे बोगी करने का खामियाजा भारत के शुभंकर शर्मा को भुगतना पड़ा और जेनेसिस स्कॉटिश ओपन गोल्फ के पहले दौर मे दो अंडर से वह एक अंडर के स्कोर पर पहुंच गए। तेज हवाओ के बीच खेले गए पहले दौर के बाद वह अभी भी शीर्ष 30 मे बने हुए है और संयुक्त 29वें स्थान पर है।

## बाजबॉल हास्यास्पद लगती है मैकुलम को

मेलबर्न। पिछले एक महीने मे विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा चर्चा बाजबॉल की हुई है लेकिन इसके प्रेरणास्रोत इंग्लैड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम को इसके बारे मे अनवरत चर्चा हास्यास्पद लगती है। मैकुलम के उपनाम बाज से प्रेरित बाजबॉल टेस्ट क्रिकेट मे इंग्लैड के बदले तेवरो से जुड़ा है। मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैड की टीम पूरी तरह से बदली हुई दिख रही है। न्यूजीलैड को 3-0 से हराने के बाद भारत के खिलाफ पांचवे और आखिरी टेस्ट मे रिकॉर्ड 378 रन का लक्ष्य हासिल करके उसने जीत दर्ज की।

## आसुस का गेमिंग टैबलेट

**नई दिल्ली।** आसुस रिपब्लिक ऑफ गेमर्स ने अपने आरओजी इकोसिस्टम के लिए भारत में फ्लो ज़ेड को आरओजी फ्लो ज़ेड13 के लॉन्च के साथ पेश किया। जो इंडस्ट्री का पहला डिटेचेबल 2-इन-1 गेमिंग टैबलेट है। टैबलेट को रिफ्रेश टीयूएफडैश एफ15 2022 मॉडल के साथ लॉन्च किया गया है। डिवाइस इनफ इनाइट प्लेको प्रतिध्वनित करते हुए आरओजी फ्लो ज़ेड13 सबसे शक्तिशाली गेमिंग टैबलेट फॉर्म फैक्टर में 14 कोर 9.12900सीपीयू और 3050 ज्य जीपीयू तक हाउसिंग द्वारा एक शक्तिशाली गेमिंग लैपटॉप की ताकत को बरकरार रखता है। अर्नोल्ड सु बिजनेस हेड कंज्यूमर और गेमिंग पीसीए सिस्टम बिजनेस ग्रुप ने कहा कि हम यूज़र्स को सबसे अधिक इमर्सिव और इंडस्ट्री-लीडिंग प्रोडक्ट्स डिलीवर करने के लिए हमारे डिज़ाइन और इनोवेशन स्टोरी में लगातार क्रांति लाने में विश्वास करते हैं।

# चोटिल नडाल विंबलडन से बाहर, किर्गियोस फाइनल में



**भाषा।** विंबलडन

**राफेल नडाल** ने गुरुवार को पेट की मांसपेशियों में दर्द के कारण विंबलडन के सेमीफाइनल मुकाबले से नाम वापस ले लिया, जिससे अंतिम चार के उनके प्रतिद्वंद्वी निक किर्गियोस फाइनल में पहुंच गए। यह 1931 के बाद पहला मौका है जब किसी खिलाड़ी ने सेमीफाइनल या फाइनल से पहले सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से नाम वापस लिया है। नडाल ने ऑल इंग्लैंड क्लब में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने अपना फैसला इसलिए लिया क्योंकि मेरा मानना है कि मैं इन परिस्थितियों में दो मैच नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा, मैं सही तरीके से सर्विस नहीं कर पा रहा हूं। ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ सही गति से सर्विस नहीं कर पा रहा हूं, बल्कि मैं सर्विस के लिए शरीर को सही स्थिति में नहीं रख पा रहा हूं। रिकॉर्ड 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इस खिलाड़ी ने 20 मिनट के संवाददाता सम्मेलन में दो बार कहा वह काफी दुखी हैं। नडाल ने कहा कि प्रतिस्पर्धा जारी रखने की कोशिश उनकी चोट को और खराब कर सकती है। नडाल ने अपने करियर में केवल दूसरी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में विरोधी खिलाड़ी का वॉकओवर दिया है। इससे पहले 2016 के फ्रेंच ओपन में कलाई की चोट के कारण तीसरे दौर से पहले अपना नाम वापस ले लिया था। नडाल के इस फैसले से ऑस्ट्रेलिया के 27 साल के किर्गियोस को पहली बार ग्रैंडस्लैम फाइनल खेलने का मौका मिलेगा। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज किर्गियोस 2003 में मार्क फिलीपुसिस के बाद विंबलडन फाइनल पहुंचने वाले पहले गैर वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी है। फिलीपुसिस को दिग्गज रोजर फेडरर ने हराया था। किर्गियोस ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मुझे आशा है कि आपका इलाज अच्छे से होगा और हम सभी आपके शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करते हैं। नडाल का इस साल ग्रैंडस्लैम में शानदार रिकॉर्ड रहा है।

## खेल मंत्रालय ने योजनाओं, पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन पोर्टल लांच किया

**नई दिल्ली।** अब योग्य खिलाड़ियों और पूर्व खिलाड़ियों को अपने पुरस्कार और बकाया राशि हासिल करने के लिए राष्ट्रीय महासंघ और सरकारी दफ्तरों तक भागने की जरूरत नहीं होगी क्योंकि खेल मंत्रालय ने अब इन प्रक्रियाओं को ऑनलाइन कर दिया है। खेल मंत्रालय अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को अपने विभाग के लिए तीन बड़ी पहल लांच की जिसमें खेल विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन पोर्टल, राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) की वेबसाइट और खिलाड़ियों के लिए नकद पुरस्कार, राष्ट्रीय कल्याण और पेंशन की संशोधित योजना शामिल है। सक्रिय खिलाड़ी अब खेल विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं जबकि कॉरपोरेट, पीएसयू और व्यक्ति इसकी नई वेबसाइट पर एनएसडीफए कोष में योगदान कर सकते हैं। ठाकुर ने इस पहल को क्रांतिकारी करार करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता लाने और जवाबदेही में मदद मिलेगी, इसके अलावा सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा भी मिलेगा। हम अपने खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराना जारी रखेंगे।

# स्मिथ और लाबुशेन की शतकीय पारी से ऑस्ट्रेलिया बड़े स्कोर की ओर

● श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट

**भाषा।** गॉल



**पूर्व कप्तान स्टीव** स्मिथ (नाबाद 109) और मार्नुस लाबुशेन (104) की शतकीय पारियों से ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन शुक्रवार को दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 298 रन बना लिए।

दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 223 गेंद में 134 रन की साझेदारी कर के टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। लाबुशेन और स्मिथ से पहले गॉल में डेरन लेहमन (2004) शतक लगाने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे। लाबुशेन ने 28 रन के स्कोर पर रमेश मेंडिस की गेंद पर निरोशन डिकवेला के स्टंपिंग का मौका गंवा कर जीवनदान दिया। उन्होंने इसका फायदा उठाते हुए अपने करियर का सातवां जबकि ऑस्ट्रेलिया से बाहर पहला शतक जड़ा। स्मिथ के करियर का 28वां और श्रीलंका के खिलाफ अपना दूसरा शतक जड़ा। इस साझेदारी को पदार्पण कर रहे प्रभात जयसूर्या ने लाबुशेन को स्टंप करावा के तोड़ा। लाबुशेन ने 125 गेंद की पारी में 12 चौके लगाए। लाबुशेन को आउट करने के बाद जयसूर्या ने ट्रेविस हेड (12) और कैमरून ग्रीन (चार) का भी विकेट जल्दी-जल्दी चटकाया। इस बाएं हाथ के स्पिनर ने शुरुआती 12 ओवर में 54 रन खर्च किए लेकिन अगले 10 ओवर में सिर्फ 22 रन पर तीन विकेट लेकर शानदार वापसी की। श्रृंखला के पहले मैच में रन आउट होने वाले स्मिथ को स्पिनरों का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने कासुन रजीता पर शानदार चौका लगाकर शतक पूरा किया। स्टंप्स के साथ वह 212 गेंद में 109 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। क्रीज पर उनके साथ विकेटकीपर एलेक्स कैरी (नाबाद 16) मौजूद थे। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन तेज गेंदबाज रजीता ने डेविड वॉर्नर (पांच) को आउट करके श्रीलंका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रमेश मेंडिस ने उस्मान ख्वाजा (37) और मार्नस लाबुशेन के बीच 55 रन की साझेदारी तोड़ी जब ख्वाजा अपना विकेट गंवा बैठे। पहला मैच 10 विकेट से हारने वाली श्रीलंका टीम में चार बदलाव किए गए क्योंकि मेजबान खेमे में कोरोना संक्रमण के मामले आए थे। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद धनंजय डिसिल्वा, जेफरी वांडरसे, असित फर्नांडो और प्रवीण जयविक्रमा पृथकवास में है। मेजबान टीम ने कामिंडू मेंडिस, महेश तीक्षना और जयसूर्या को टेस्ट पदार्पण का मौका दिया जबकि रजीता ने टीम में वापसी की।

## पदक जीतने ललक लिए निकहत को राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में चार स्वर्ण की उम्मीद

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन बनी निकहत जरीन की देश के लिए और पदक जीतने की भूख बरकरार हैं और उन्हें उम्मीद है कि 28 जुलाई से शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल रिकॉर्ड चार स्वर्ण पदक जीतेगा। गोल्ड कोस्ट में 2018 भारतीय मुक्केबाजों के लिए अब तक का सबसे अच्छा राष्ट्रमंडल खेल रहा था। भारत ने इसमें तीन स्वर्ण , तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। इन खेलों में दिग्गज मैरीकॉम चैम्पियन बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थी।

# सिंधू एक बार फिर ताई जू से हारी



**भाषा।** कुआलालंपुर

● मलेशिया मास्टर्स

प्रणय ने सेमीफाइनल स्थान पक्का किया

एच एस प्रणय ने शुक्रवार को यहां जापान के कांता सुनेयामा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधू पूरी कोशिश के बावजूद फिर ताई जु यिंग को पराजित करने का तरीका नहीं ढूंढ सकी और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गईं। प्रणय ने अपनी शानदार लय जारी रखी और दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी सुनेयामा पर 60 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 25-23 22-20 से जीत दर्ज की। मई में भारत की थॉमस कप जीत के नायकों में से एक प्रणय का सामना अब अंतिम चार में आठवें वरीय हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से होगा। एक हफ्ते पहले भी सिंधू मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की महान खिलाड़ी से पराजित हो गई थीं। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू को 55 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21 21-12 12-21 से हार मिली। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता ताई जु के खिलाफ सिंधू की यह करियर की 17वीं हार है। वहीं पिछली सात भिड़ंत में चीनी ताइपे की खिलाड़ी ने सिंधू पर बाजी मारी है। पिछली बार सिंधू ने ताई जु को बासेल में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में हराया था जिसमें इस भारतीय के नाम स्वर्ण पदक रहा था। ताई ने अपने तेज तर्रार और सटीक खेल से शुरू में ही इरादे जाहिर कर दिए। वह 10-9 की बढ़त को 15-9 करने में सफल रही।

# वेस्टइंडीज ने तीसरा टी20 और श्रृंखला जीती

**जॉर्जटाउन।** कप्तान निकोलस पूरन के 39 गेंद में नाबाद 74 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को तीसरे टी20 मैच में पांच विकेट से जीत दिलाकर श्रृंखला 3-0 से जीत ली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने दस गेंद बाकी रहते पांच विकेट पर 169 रन बना लिए। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। लिटन दास और अफीफ हुसैन ने ओडियन स्मिथ के ओवर में 20 रन निकालकर टीम को शानदार शुरूआत दी। दोनों के बीच 57 रन की साझेदारी को हेडन वॉल्श ने तोड़ा जब लिटन ने प्वाइंट पर कैच थमाया। उन्होंने 41 गेंद में 49 रन बनाए। वॉल्श ने 19वें ओवर में महमूदुल्लाह को 22 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया।

## अश्विन टेस्ट से बाहर हो सकते है तो टी20 टीम से कोहली को भी हटाया जा सकता है : कपिल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव का मानना है कि अगर रविचंद्रन अश्विन जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज को टेस्ट टीम की अंतिम एकादश से बाहर किया जा सकता है, तो लंबे समय से लय के लिए जूझ रहे विराट कोहली को भी टी20 टीम से बाहर करना बड़ा मसला नहीं होना चाहिए। कोहली लगभग तीन साल से बड़ी पारी खेलने के लिए जूझ रहे हैं। भारत को पहली बार विश्व चैंपियन बनाने वाले इस हरफनमौला कप्तान का मानना है कि अगर भारतीय टीम प्रबंधन शानदार लय में चल रहे खिलाड़ियों को अपने कौशल के प्रदर्शन के लिए पर्याप्त अवसर नहीं देगा तो यह उनके साथ नाइंसाफी होगी। कपिल ने एबीपी न्यूज से कहा, अगर आप टेस्ट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अश्विन को टीम से बाहर बैठा सकते है तो विश्व का नंबर एक खिलाड़ी भी बाहर बैठ सकता है।

## सफलता और विफलता से ज्यादा प्रभावित नही होता : हार्दिक पंड्या

**साउथम्पटन।** सफलता और विफलता का अब भारत के स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या पर असर नहीं पड़ता और उन्होंने स्पष्ट सोच के साथ तटस्थ जीने का हुनर सीख लिया है। अपने कैरियर में चोटों से परेशान रहे पंड्या के लिए वापसी आसान नहीं थी लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए गुजरात टाइटंस को पहले ही सत्र में आईपीएल खिताब दिलाया। इसके अलावा आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में कप्तानी करते हुए भारत को जीत दिलाई। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करके भारत की जीत के सूत्रधार रहे। पंड्या ने 33 गेंद में 51 रन बनाने के बाद 33 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाती है। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अच्छे इरादे से की गई मेहनत बेकार नहीं जाती। मैं खुद को हमेशा तैयार रखना चाहता हूं। कई बार नतीजे मेरे पक्ष में होंगे तो कई बार नहीं। मैं कामयाबी और नाकामी को लेकर ज्यादा नहीं सोचता। मैने तटस्थ जीना सीख लिया है।

# न्यूजीलैड से हारा भारत, क्रॉसओवर में स्पेन से खेलेगा

● एफआईएच महिला विश्व कप




**भाषा।** एम्सटेलवीन

**भारतीय** महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला विश्व कप पूल बी के अपने अंतिम मैच में मौके गंवाने का खामियाजा न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार को यहां 3-4 की हार के साथ भुगतना पड़ा लेकिन इसके बावजूद अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रहते हुए टीम क्रॉसओवर में जगह बनाने में सफल रही।

न्यूजीलैंड की टीम सात अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर रही। इंग्लैंड की टीम ने चार अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। भारत और चीन दोनों के दो-दो अंक रहे। भारत ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण क्रॉसओवर के लिए क्वालीफाई किया। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार चार पूल में शीर्ष पर रहने वाली चार टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम क्रॉसओवर खेलेंगी। क्रॉसओवर मुकाबलों की विजेता टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत का सामना पूल सी में दूसरे स्थान पर रही सह मेजबान स्पेन से रविवार को होगा। सह मेजबान नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया पूल में शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंच गए हैं। भारत ने अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ मौके नहीं गंवाए होते तो टीम जीत दर्ज कर सकती थी। भारतीय टीम 15 पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर ही गोल कर सकी। भारत अब क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को स्पेन के टेरेसा में होने वाले क्रॉसओवर में पूल सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत के लिए गुरुवार को वंदना कटारिया (चौथे मिनट), लालरेमसियामी (44वें मिनट) और गुरजीत कौर (59वें मिनट) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड की ओर से ओलीविया मैरी (12वें और 54वें मिनट) ने दो जबकि टेसा योप (29वें मिनट) और फ्रांसिस डेविस (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत की शुरूआत अच्छी रही और गेंद पर नियंत्रण भी खिलाड़ियों ने बनाए रखा। चौथे मिनट में लालरेम्सियामी के पुश पर वंदना ने डाइव लगाकर गोल करके भारत को बढत दिला दी। दसवें मिनट में शर्मिला देवी के पास बढत दुगुनी करने का मौका था लेकिन वह चूक गई हालांकि भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाने में कामयाब रही। गुरजीत की दमदार फ्लिक को न्यूजीलैंड की गोलकीपर ब्रूक रॉबटर्स ने बचा लिया।

## राष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिपः तमन्ना व चार खिलाड़ी अंतिम आठ में

**चेन्नई।** एशियाई चैम्पियन तमन्ना के साथ हरियाणा की तीन अन्य मुक्केबाजों ने यहां युवा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल के टिकट पक्के किए। पुरुष वर्ग में राज्य के वंशज और विश्वनाथ सुरेश ने दूसरे दिन दमदार प्रदर्शन किया। तमन्ना ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए अंतिम-16 के 50 किग्रा मुकाबले में मणिपुर की बंदना कायनपाइबम पर जज के सर्वसम्मत निर्णय से जीत दर्ज की। नीरू खत्री ने हरियाणा को महिला वर्ग में दूसरी जीत दिलाई। उन्होंने आंध्र प्रदेश की श्रवण संध्या कंपारा को 54 किग्रा में 5-0 के अंतर से हराया। प्राची (60 किग्रा) और रवीना (63 किग्रा) हरियाणा के अन्य दो मुक्केबाज है, जिन्होंने अंतिम आठ में जगह बनाई। गोवा की रुधा राठौड़ (50 किग्रा) और डेनिएला डिसूजा (57 किग्रा) ने अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया।